Page 11

हिंदी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10




खेल

**टेबल टेनिस : भारतीय महिला खिलाड़ियों का ब्रिक्स खेलों में दमादार प्रदर्शन**

देश

**आईआईटी खड़गपुर के छात्र फैजान की हुई हत्या, दूसरी फॉरेंसिक रिपोर्ट में...**




शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2081


• औरंगाबाद • सोमवार • 17 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 187 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 550 | ₹91,000 |





## आज का इतिहास

- 1961 : जर्मन इंजीनियर कर्ट टैंक द्वारा डिजाइन किए गए HF-24 मारुत सुपरसोनिक फाइटर ने अपनी पहली उड़ान भरी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स एचएफ -24 मारुत 1960 के दशक का एक भारतीय लड़ाकू-बमवर्षक विमान था। यह भारत का पहला जेट विमान था।
- 1858 : 1857 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की नायिका झांसी की रानी लक्ष्मीबाई शहीद हुई

## न्यूज बाइट्स

### राजस्व विभाग में अमीन के पद पर होगी बहाली, 10 हजार भरे जाएंगे रिक्त पद

**किशनंज (नि.सं.)।** किशनगंज में शनिवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल किसी कार्यक्रम में पहुंचे थे। तभी उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बिहार में दस हजार अमीन की जल्द बहाली की जाएगी। उन्होंने बताया कि कई सालों से अमीन की संख्या में कमी होने के कारण पूरे बिहार में जमीन से जुड़े कई मामले फंसे हुए हैं। जो बिहार के लिए एक बड़ी समस्या है। जिसे दूर करने के लिए इसी माह के अंत तक 10 हजार अमीन की बहाली करने की तैयारी में बिहार सरकार है। राजस्व मंत्री का कहना है कि राजस्व विभाग को पूरी तरह से डिजिटिलाइजेड किया जाएगा। जिसका लाभ पूरे प्रदेश की जनता को मिलेगा। मैं वादा करता हूँ कि अगले तीन महीने में लोगों को जमीन से जुड़े किसी कार्य के लिए विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सारे कार्य घर बैठे ऑनलाइन किए जा सकता है।

### अगले साल कनाडा में होगा जी7 की बैठक

**नई दिल्ली (ए.)।** हाल ही में जी-7 सम्मेलन इटली में सम्पन्न हुआ है। अगले साल जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन कनाडा अल्बर्टा में किया जाएगा। इस बारे में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने घोषणा की है। जब उनसे पूछा गया कि क्या कनाडा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बैठक के लिए आमंत्रित करेगा, तो ट्रूडो ने कहा कि वह इस शिखर सम्मेलन के बारे में तभी कुछ कह सकते हैं जब वह कनाडा के राष्ट्रपति फिर से बन पाएंगे। उल्लेखनीय है कि कनाडा में राष्ट्रपति चुनाव जल्द होने हैं। पीटीआई ने ट्रूडो के हवाले से कहा, 'मैं इस बात की सराहना कर सकता हूं कि कनाडा के लोग अगले साल के जी-7 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### गंगा नदी में नौका पलटी, चार लोगों के डूबकर मरने की आशंका

**पटना (नि.सं)।** बिहार में पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को गंगा नदी में नौका के पलट जाने से चार लोगों के डूबकर मरने की आशंका है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर कुछ लोग नौका पर सवार होकर स्नान करने के लिये नदी के उसपार जा रहे थे। इस दौरान उमा घाट के समीप नौका पलट गयी। कुछ लोग तैरकर बाहर आ गये, जबकि चार लोगों के डूबकर मरने की आशंका है।

---

शिक्षा विभाग का नया फैसला, नए अपर मुख्य सचिव डा. एस सिद्धार्थ ने कहा

# तकनीक आधारित निरीक्षण से सुधरेगी स्कूलों की स्थिति : डा. एस. सिद्धार्थ

निज संवाददाता | पटना



शिक्षा विभाग के नए अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने पदभार संभालते ही हर दिन नए और क्रांतिकारी फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। स्कूलों की मॉनिटरिंग को लेकर अब एक नया निर्णय सामने आया है जिसमें फिजिकल इंस्पेक्शन की जगह तकनीक बेस्ड इंस्पेक्शन को प्राथमिकता दी जा रही है। शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने, स्कूल का बिजली कनेक्शन, शौचालय की कमी, पंखे की कमी आदि समस्याओं की शिकायतें अब व्हाट्सएप के माध्यम से सुनी जाएंगी। आम जनता से वीडियो और फोटो भेजने की भी अपील की गई है ताकि समस्याओं का सटीक और त्वरित समाधान हो सके।

स्कूलों की मॉनिटरिंग के लिए शिक्षा विभाग ने पांच नए मोबाइल फोन खरीदे हैं। इन पांच फोन में अलग-अलग व्हाट्सएप नंबर चलेंगे और इनका एक्सेस केवल शिक्षा अपर मुख्य सचिव के पास होगा। डॉ. सिद्धार्थ ने अपने चैंबर को तकनीक के सहारे एक प्लेन के कॉकपिट की तरह बना दिया है, जिससे वे स्कूलों की हर गतिविधि पर नजर रख सकें।

### हर शिकायत के लिए अलग-अलग व्हाट्सएप नंबर

शिक्षा अपर मुख्य सचिव डॉ. सिद्धार्थ ने विभिन्न प्रकार की शिकायतों के लिए अलग-अलग कैटेगरी बनाई है और इसके लिए व्हाट्सएप नंबर जारी किए हैं। कुल पांच व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए हैं जिन पर लोग अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

**स्कूल के आधारभूत संरचना से जुड़ी शिकायतें - 9229206201**

भवन, पंखे, निर्माण कार्य की गुणवत्ता, बेंच-डेस्क की कमी, शौचालय की कमी, पीने का पानी, बिजली कनेक्शन, चारदीवारी की कमी।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ी शिकायतें - 9229206202**

स्कूल का समय से नहीं खुलना, शिक्षक और हेडमास्टर का देर से आना, रूटीन के मुताबिक क्लास नहीं चलना, पीटीएम का आयोजन, लैब और कंप्यूटर लैब की समस्या, खेल सामग्री की अनुपलब्धता।

**मिड डे मील से जुड़ी शिकायतें - 9229206203**

एमडीएम की गुणवत्ता, थाली की कमी, किचेन शेड, गैस चूल्हा, शुक्रवार को अंडा और मौसमी फल का नहीं मिलना, किचन की साफ-सफाई।

---

हाईलेवल मीटिंग में अमित शाह ने बनाया खास प्लान

# जम्मू-कश्मीर में आतंक की कमर तोड़ने की तैयारी

एजेंसी | नयी दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकी गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने की नीति (जीरो टेरर प्लान) को लागू करने का निर्देश दिया है। सुरक्षा एजेंसियों को सफलता हासिल करने के लिए उन्होंने कश्मीर की तर्ज पर जम्मू संभाग में भी आतंकियों के खिलाफ ऐक्शन पर जोर दिया। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार नए तरीकों से आतंकवादियों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर शाह ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें गृह मंत्री ने अधिकारियों से ये बातें कहीं। शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार चलाया जाएगा। शाह ने यहां नॉर्थ ब्लॉक में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था।

आतंकवादियों ने 9 जून को तीर्थयात्रियों की एक बस पर उस समय गोलीबारी की, जब यह शिवखोड़ी मंदिर से कटरा की ओर जा रही थी। इस बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे।

### बैठक में शाह को दी गईं कई अहम जानकारियां

सूत्रों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को हुई एक बैठक में शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों की तैनाती, घुसपैठ की कोशिशों, आतंकवाद रोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी दी गई थी। आतंकवादियों ने पिछले 4 दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए। इनमें 9 तीर्थयात्रियों और सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई व 7 सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2 संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।

---

# बकरीद में सार्वजनिक स्थानों पर न हो बकरों की कुर्बानी : गिरिराज सिंह

निज संवाददाता | पटना



केंद्रीय कपड़ा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने आज कहा कि बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक स्थानों पर बकरों की कुर्बानी नहीं दी जानी चाहिए। श्री सिंह ने रविवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बकरीद पर्व के अवसर पर मुसलमानों द्वारा बकरे की कुर्बानी देने की प्रथा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र बेगूसराय सहित देश भर के सभी जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक स्थानों पर बकरों की कुर्बानी नहीं दी जाए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बकरीद का त्योहार सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया जा सके, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को हरसंभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति और व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

श्री सिंह ने कहा कि कपड़ा मंत्रालय में बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने की अपार संभावनाएं हैं और यह सीधे तौर पर किसानों की स्थिति में सुधार से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि कपड़ा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी राज्य में कपड़ा क्षेत्र की अपार संभावनाओं का आकलन करने के लिए उनके साथ बिहार आए हैं। उन्होंने कहा कि वह बिहार और पूरे देश में कपड़ा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

---

जन लेखक संघ की विचार-गोष्ठी में पुस्तकों का लोकार्पण

# दलित व वंचित समाज को आगे लाने में लेखक साहित्यकारों की भूमिका अहम : संजय कुमार

निज संवाददाता | पटना



स्थानीय खादी मॉल में जन लेखक संघ की बिहार की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में वंचित समाज, साहित्य और लेखकीय दायित्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार ने कहा है कि दलित और वंचित समाज को आगे लाने में साहित्य और सृजनात्मक लेखन की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही सकारात्मक लेखन के माध्यम से वंचित समाज की वास्तविक स्थिति को शब्दों में चिन्हित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दूसरे वर्ग से आने वाले लेखकों ने भी दलितों को लेकर सकारात्मक लेखन का कार्य किया है, उनका भी आकलन बेहद जरूरी है। मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र नारायण पंकज ने कहा कि जो दलित हैं, पीड़ित हैं, संत्रस्त हैं, ऐसे लोगों की साहित्य के माध्यम से हिमायत करना लेखक-साहित्यकारों का नैतिक दायित्व है और उन्हें अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाने की जरूरत है। अध्यक्षता करते हुए जन लेखक संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि कभी-कभी लेखक-साहित्यकार समाज के शोषित वर्ग के इतना करीब होता है कि उसके कष्टों को वह स्वयं भी अनुभव करने लगता है। साहित्य समाज की उन्नति और विकास की आधारशिला रखता है। रचनाकारों ने व्यक्तिगत हानि उठाकर भी कुरीतियों और जड़ मान्यताओं के खिलाफ जाकर समाज के निर्माण के लिए जरुरी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जन लेखक संघ शीघ्र ही अच्छी पुस्तकों और पत्रिकाओं के नियमित प्रकाशन की योजना पर काम शुरू करेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ लीना एवं डॉ सुनील कुमार प्रियबच्चन सचिव सुधांशु कुमार चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव अनिल रश्मि एवं श्रीकांत व्यास कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुजा और विशेष आमंत्रित सदस्य। विकास व लेखन प्रवृतियों एवं सुधांशु कुमार चक्रवर्ती की पुस्तक राजनीतिशाला का लोकार्पण किया।

---

# नेपाल में झमाझम बारिश से बाढ़ की आशंका, नदियों के जलस्तर में इजाफा



निज संवाददाता | किशनगंज

किशनगंज से सटे पड़ोसी देश नेपाल के तराई हिस्सों और सीमांचल के क्षेत्रों में लगातार झमाझम बारिश हो रही है। इससे नदियों का जलस्तर उफान पर है। इसको लेकर जिले में बाढ़ की आंशका बढ़ चुकी है। राज्य के कई इलाके प्रतिवर्ष नेपाल से छोड़े गए पानी की वजह से बाढ़ प्रभावित रहता है। टेढ़ागाछ, दिघलबैंक और पोठिया प्रखंड क्षेत्र में हर साल सैकड़ों घर बाढ़ में विलीन हो जाते है और लोगों का लाखों का नुकसान होता है। सीमांचल में किशनगंज के साथ ही अररिया, पूर्णिया और कटिहार में हो रही लगातार बारिश से नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो गई है। किशनगंज और अररिया बॉर्डर होकर बहने वाली कनकई नदी के जलस्तर में अचानक काफी तेजी आई है। इससे किशनगंज जिला काफी प्रभावित हुआ है। जिले के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात देखने को मिल रहे है। जिले में नदियों का जलस्तर बढ़ने से नदी तट से सटे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है और लोग पलायन को मजबूर है।

---

# गंगा में रील्स बनाने के चक्कर में चार दोस्त डूबे

**आरा (भोजपुर) (नि.सं.)।** भोजपुर में चार दोस्त गंगा नदी में डूब गए। सभी गंगा दशहरे पर नदी में नहाने के लिए गए थे। सभी रील्स बना रहे थे। इस दौरान सभी गहरे पानी में चले गए। बताया जा रहा है कि पहले एक युवक डूब गया। उसे बचाने में एक के बाद एक और तीन युवक भी डूब गए। चारों को एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम लगातार खोज रही है। घटना की सूचना के बाद एसडीएम, एसडीपीओ जगदीशपुर और सांसद सुदामा प्रसाद भी मौके पर मौजूद हैं।

---

# 18 जून को हट जाएगा दानापुर दियारा में बना पीपा पुल

निज संवाददाता | दानापुर



18 जून से एक बार फिर दियारावासियों को आवागमन के लिए नौका का सहारा लेना पड़ेगा। प्रत्येक वर्ष की तरह दानापुर दियारा की लाइफलाइन माना जाने वाला पीपा पुल हटा (खोल) दिया जाएगा। इसको लेकर विभाग द्वारा निर्देश दिया गया है। पीपापुल खोलने की निर्धारित तिथि 15 जून है। इसके बाद किसी भी दिन पीपापुल खोला जा सकता है। ठेकेदार की मानें तो 18 जून को पीपा पुल खोला जाएगा। पीपा पुल खोले जाने के बाद दियारा के लोगों के लिए पटना आने का नौका ही एक सहारा बनेगी। पीपापुल खोले जाने को लेकर तैयारी की जा रही है। पीपा पुल खुलने दियारा की सभी सात पंचायतों का दानापुर से संपर्क नौका द्वारा ही बनाया जा सकेगा। माना जाता है कि गंगादशहारा से गंगा का जलस्तर बढ़ने लगता है। इसको देखते हुए पीपापुल खोल दिया जाता है। दियारावासियों कि मानें तो अभी जलस्तर नहीं बढ़ा है। पीपापुल खुल जाने से आवागमन में समस्या आयेगी। पीपापुल खुलने के बाद लोगों को पुरानी पानापुर समेत अन्य घाटों पर नौका का इंतजार करना पड़ेगा।

---

पटना में तीन दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का आगाज

# निरोग रहने के लिए मोटे अनाज को अपनाना होगा : राज्यपाल

निज संवाददाता | पटना



पटना के रवींद्र भवन में मिलेट्स महोत्सव का आगाज हो गया है। उद्घाटन बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया। तीन दिवसीय समारोह में मोटे अनाज के प्रयोग और उसके फायदे के बारे में विस्तृत से चर्चा होगी। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल ने कहा कि अन्न ही औषधि है। निरोग रहने के लिए मोटे अन्न (मिलेट्स) को अपनाना होगा। यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। यहां 3 दिनों में आप जो सीखेंगे वह आपको जिंदगी भर काम आएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारी परंपरा समृद्ध रही है। हजारों वर्ष पूर्व हमारे पूर्वज मिलेट्स खाकर निरोग रहते थे। आज हम अपनी परंपरा को भूल गए हैं और बीमार रहने लगे हैं। बिहार में कृषि उत्पादकता की अपार संभावना है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस तीन दिवसीय मिलेट्स महोत्सव से हम बहुत कुछ सीखकर लाभान्वित होंगे। इसके आयोजन के लिए मैं पूर्व सांसद आर. के सिन्हा को धन्यवाद देता हूं।

---

आठ जिलों का तापमान 45 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया

# चार साल बाद देर से आएगा मानसून, गर्मी से राहत नहीं

निज संवाददाता | पटना

बिहार में फिलहाल गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। प्रदेश में मानसून आने में अभी टाइम लग सकता है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र फिर से कमजोर हो गया है, लिहाजा मानसून तीन से चार दिनों के लिए आगे बढ़ गया है। इससे पहले 2019 में मानसून लेट हुआ था। ऐसे में पटना समेत बिहार के करीब 20 जिलों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 9 जिलों में लू का लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसमें पटना, जहानाबाद, नालंदा, गया, शेखपुरा, जमुई, सारण, सीवान और नवादा शामिल है। इसके अलावा राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य एवं दक्षिण भाग के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।

बीते 24 घंटे में पटना समेत 16 जिलों का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। इनमें आठ जिलों का तापमान 45 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। 46 डिग्री तापमान के साथ बक्सर लगातार चौथे दिन भी सबसे गर्म रहा। जब तक पछुआ हवा कमजोर नहीं होगी और पुरवैया हवा नहीं चलेगी। तब तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।


बकरीद की हार्दिक बधाई

**के.वी.एम. क्लासेज**

**गया रोड, गोह (औरंगाबाद)**

प्रत्येक वर्ष टॉपर्स देने वाले जिले का एकमात्र शिक्षण संस्थान केवीएम क्लासेस : हमारे यहां सैनिक नवोदय सिमुलतला की तैयारी करवाई जाती है।



कुंदन कुमार

संस्थापक

राहुल सिंह

निदेशक





बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
बिहार

**संदेश**

ईद–उल–अजहा (बकरीद) का त्योहार समर्पण और बलिदान का प्रतीक है। इस्लाम धर्म में बलिदान का बहुत अधिक महत्व है। कहा गया है कि अपनी सबसे प्यारी चीज रब की राह में खर्च करो। रब की राह में खर्च करने का अर्थ नेकी और भलाई के कामों से है।

ईद–उल–अजहा हमें सच्चाई की राह पर चलते हुए हर तरह की कुर्बानी देने की प्रेरणा देता है। यह एक ऐसा मुकद्दस महीना है जिसमें दुनिया के तमाम मुस्लिम भाई–बहन मक्का और मदीना में हज करने का अहम फर्ज अदा करते हैं। मैं दुआ करता हूँ कि तमाम हाजियों की इबादत मुल्क की बहबूदी के लिए कबूल हो और सबको हज का यह मुबारक मौका नसीब हो।

इस पवित्र अवसर पर मैं प्रदेश की जनता, खासकर मुसलमान भाईयों और बहनों को तहे–दिल से मुबारकबाद एवं शुभकामनायें देता हूँ। ऐसे मुबारक मौके पर प्रदेशवासियों से मेरी गुजारिश है कि इसे खुशी और पारंपरिक सौहार्द्र के माहौल में मनाएँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 001949 (Home)D. 2024-25

## संक्षिप्त समाचार

### दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी, युवक जख्मी

**मानपुर**। मुफस्सिल थानाक्षेत्र स्थित एस एस कॉलोनी में गुरुवार देर रात दो पक्षों के बीच जमकर फायरिंग हुई।जिसमे एक पक्ष के एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए।सूत्रों की माने तो गंभीर रूप से जख्मी युवक को परिजन व उसके दोस्त आननफानन में इलाज के लिए पटना स्थित एक अस्पताल ले गए। हालाकि पुलिस अधिकारी इस घटना में किसी के घायल होने की जानकारी से इनकार कर दिया।एक पक्ष द्वारा घटना की लिखित शिकायत स्थानीय थाना में की।दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक भदेज़ा निवासी पूर्व सरपंच आनंदी चौधरी के लड़के श्रवण कुमार दल बल के साथ भोला शर्मा के घर पर चढ़ कर गाली गलौज करते हुए रंगदारी की मांग की और दहशत फैलाने के लिए अंधाधुंध फायरिंग किया।इस मामले में छह लोगों के खिलाफ नामजद आरोपी बनाया है।नाम नहीं छापने के शर्त पर लोगो ने कहा कि एस एस कॉलोनी के जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पूर्व में भी दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना हुई है।इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष अरविंद किशोर ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि घटना स्थल से विभिन्न बोर के आठ कारतूस बरामद हुए है।मामला दर्ज कर नामजद आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रहा है।

### एनसीईआरटी कॉमन प्रवेश परीक्षा आज

**गया**। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की संस्था राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) भुवनेश्वर, भोपाल, मैसूरु, अजमेर और शिलांग के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में प्रवेश के लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा (सीईई) 2024आयोजित कर रही है।इसके जरिए बीए-बीएड, बीएससी-बीएड, एमएड आदि पाठ्यक्रमों में नामांकन होगा। इस पाठ्यक्रमों का उद्देश्य देश के लिए सक्षम शिक्षकों और शिक्षक प्रशिक्षकों को विकसित करना है। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर नोडल केंद्र के रूप में पूरे देश में सीईई का समन्वय कर रहा है। प्रवेश परीक्षा 16 जून (रविवार) को पूर्वाह्न 9 बजे से 11 बजे तक देश भर के 29 शहरों के 58 केंद्रों पर निर्धारित है।

### गया अब सीवियर हीट वेव की चपेट में




**गया**। गया अब सीवियर हीट वेब की चपेट में है। शनिवार को गया का अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री से ऊपर 45.5 डिग्री सेल्स. तक पहुंच गया है। एक बार फिर वैज्ञानिकों ने अलर्ट जारी किया है, यानि अब 17 जून तक जिलेवासियों को गर्मी से किसी भी प्रकार की राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। शनिवार का मौसम देखे तो सुबह से ही भीषण गर्मी का कहर दिखा। दिन भर तेज पछुआ हवा ने चेहरे के साथ-साथ शरीर को खूब झुलसाया। गर्मी का आलम यह है कि शाम के बाद भी उष्ण लहर जनजीवन को प्रभावित कर रही है। दिन के साथ-साथ रात में भी गर्मी अपने चरम पर है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के मौसम वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले 48 दिनों तक जिलेवासियों को गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। उष्ण लहर का प्रकोप जारी रहेगा। तापमान भी 44 से 45 डिग्री के बीच रहने का पूर्वानुमान है। तापमान की बात करें तो शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्स. रिकॉर्ड किया गया है। नमी सुबह में 35 तो शाम में 18 फीसदी दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून उप हिमालय के पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर के पास शनिवार को भी रुका रहा। पिछले 15 दिनों से मॉनसून यहां ठहरा है, आगे बढ़ने से जुड़ी कोई गतिविधि फिलहाल नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में मॉनसून आने का औसत समय खत्म हो चुका है। इस बार मॉनसून देर से बिहार में इंट्री करेगा।

### महिला की हत्या कर शव को किया लापता



**नालंदा**। नालंदा में विवाहिता की हत्या कर उसके शव को गायब कर देने का मामला सामने आया है। घटना रहुई थाना क्षेत्र के मई गांव का है। मृतका मई गांव निवासी सतीश कुमार की पत्नी रूपा कुमारी(29) है। 10 साल पहले रूपा कुमारी की शादी सतीश कुमार से हुई थी। इस बीच दोनों से 2 बच्चे भी हुए। नगरनौसा थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रालबालक प्रसाद द्वारा शनिवार को रहुई थाना में दामाद समेत ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या कर शव को गायब कर देने का मामला दर्ज कराया गया है। मायके वालों का आरोप है कि संपत्ति विवाद को लेकर उनकी बेटी की हत्या की गई है। शव को गंगा नदी के बीच धार में ले जाकर प्रवाहित कर दिया गया है। 13 जून से जब मायके वालों का उनकी बेटी रूपा कुमारी से फोन पर बातचीत नहीं होने लगा तो उन्हें संदेह हुआ। वह 14 जून को बेटी के ससुराल पहुंचे। जहां ससुराल परिवार ने बताया कि झगड़ा कर उनकी बेटी घर से फरार हो गई है। इसके बाद उन लोगों ने काफी खोजबीन की बावजूद कहीं अतापता नहीं चल सका। इसके बाद स्थानीय थाना में बेटी की हत्या कर शव को लापता कर देने का मामला दर्ज कराया गया। रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला सत्य प्रतीत हो रहा है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। मृतका के पति को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं, शव की खोजबीन के लिए बाढ़ के उमानाथ घाट के पास पुलिस टीम कैंप कर रही है। एसडीआरएफ की भी मदद ली जा रही है। शव को घर से ले जाने के लिए एक ऑटो बुक किया गया था। ऑटो वाले को यह बताया गया कि महिला को सांप ने काट लिया है। उसे झाड़ फूंक करवाने के लिए ले जाना है। ऑटो चालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद ससुराल का अन्य सदस्य घर छोड़ फरार है।

### 11 सूत्री मांगों के लिए संविदा एएनएम ने किया प्रदर्शन




**बिहारशरीफ**। 11 सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य संविदागत (865) एएनम संघर्ष समिति के बैनर तले एएनएम ने सीएस के समक्ष प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक कुमारी विनीता ने कहा कि सरकार हमारी सेवा के अनुसार लाभ नहीं दे रही है। राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा संविदा पर नियुक्त एएनएम के वेतन में 35 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। और हर साल वेतन में बढ़ोत्तरी होती है। लेकिन हमलोगों को मात्र 11500 रुपया दिया जाता है वह भी समय पर नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि हमलोगों का पूर्व का बकाया वेतन भुगतान , समय पर वेतन , सर्वे कार्य से मुक्त करने, विशेष अवकाश समेत 11 सूत्री मांग है, जिसपर सरकार को विचार करना होगा। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो 24 जून को स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष प्रदर्शन करेंगे।

# पुलिस पदाधिकारियों और थानाध्यक्षों को दिया निर्देश

निज संवाददाता। गया



मानसून अवधि में गया जिला स्थित बालू घाटों से बालू का खनन नहीं होगा। शनिवार की मध्यरात्रि यानी 15 जून से 15 अक्टूबर तक बालू खनन पर रोक रखी गई है। गया के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने सभी एसडीओ व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थानाध्यक्षों को इस बाबत निर्देश जारी किए हैं। कहीं भी बालू खनन नहीं हो सके इसके लिए अनिवार्य रूप से हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित स्थलों पर छापेमारी व ठोस कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही बालू माफिया के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। कलेक्ट्रेट के सभागार में ईद उल जोहा (बकरीद) को लेकर डीएम डॉ. त्यागरान और एसएसपी आशीष भारती की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान समिति के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे जिले में बकरीद को प्रेम, सद्भाव व शांति के वातावरण में मनाने और बकरीद की नमाज अता के दौरान सभी सदस्य फील्ड में रहते हुए लोगों को आपसी भाईचारे के साथ इस पर्व को मनाने के लिए प्रेरित करें। डीएम-एसएसपी ने गया जिला वासियों को बकरीद पर्व पर शुभकामनाएं व बधाई दी है। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की जिम्मेवारी काफी बढ़ गई है। वे अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करते रहे कि अच्छे माहौल में बकरीद पर्व मनाएं। संवेदनशील स्थलों पर करें फ्लैग मार्च वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थलों में अनिवार्य रूप से फ्लैग मार्च करवाएं। अपने क्षेत्र में पूरी नजर रखें। एसएसपी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था और आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों वाले व्यक्ति के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। इस बार मोटरसाइकिल से भी पुलिस गश्ती दल निगरानी करेगी। धार्मिक स्थलों के समीप देर रात्रि व अर्ली मॉर्निंग के समय अनिवार्य रूप से गस्ती का निर्देश दिया गया। कही कोई धार्मिक स्थानों पर कोई आपत्तिजनक सामान नहीं फेंके रहे, इसे जरूर देखें। निर्देश दिया कि सभी धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी लगा रहे, इसे जरूर देख लें। अभी से लगातार रोको टोको अभियान चलाने को कहा गया। अधिकारियों को 17 व 18 जून को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया। शांति समिति के सदस्यों से डीएम-एसएसपी ने अनुरोध किया कि वे सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के विवाद व अफवाह फैलाने वाले मैसेज का पूरी तरह खंडन करते हुए मैसेज भेजने वाले अथवा फॉरवर्ड करने वाले व्यक्ति या ग्रुप एडमिन के विरुद्ध संबंधित थाने को तुरंत सूचना दें। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के बारे में नजदीकी थाने अथवा जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया। कहा कि साइबर सेनानियों व साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर काफी बखूबी से नजर रखी गई है। कहीं भी अगर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अगर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाते हैं तो उन्हें चिह्नित करते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। डीएम ने कहा कि जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर गहन समीक्षा की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसी प्रकार की घटना होने पर वे बिना समय गवाए स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी तत्काल सूचना वरीय पदाधिकारियों को दें।

# शराबबंदी को लेकर CM नीतीश से बात करेंगे मांझी

निज संवाददाता। गया



केंद्रीय मंत्री गया सांसद जीतन राम मांझी ने एक बार फिर कहा है कि हम शराबबंदी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात करेंगे। मांझी ने कहा कि शराबबंदी से सबसे ज्यादा नुकसान हमारे गरीब मजदूर भाइयों को झेलना पड़ रहा है। इसको लेकर वे सीएम नीतीश से बात करेंगे। जीतनराम मांझी शनिवार की देर शाम गया के इमामगंज पहुंचे। इस दौरान मांझी ने एक समारोह में एक बार फिर शराबबंदी को लेकर और गरीबों पर हो रहे अत्याचार को लेकर बड़ा बयान दिया है। मांझी ने कहा कि एक ओर तस्कर मालामाल हो रहे हैं और दूसरी ओर गरीब, पिछड़े और दलितों को परेशान किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि पुलिस या अन्य लोग भी जानबूझकर हमारे गरीब लोगों को तबाह करते हैं। बड़े-बड़े तस्कर हजारों लीटर लेकर भाग जाते हैं। पैसा देकर छूट जाते हैं। लेकिन हमारे छोटे कार्यकर्ता जो पऔ, आधा शेर बनाते हैं या पीते हैं उसको पकड़ कर उसके साथ इस तरह से अन्याय करती है। इसको लेकर पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश से हमने बात की थी। अभी भी जब मुख्यमंत्री से मिलेंगे तो आपलोगों की बात और जहां-जहां से सूचना मिल रही है, उसकी बात मुख्यमंत्री से करेंगे। मांझी ने आगे कहा कि शराबबंदी कानून में कई प्रकार की अनियमितताएं हैं। इसके भुक्तभोगी हमारे सबसे अधिक कोई हो रहे हैं, तो वह महादलित गरीब तबके के लोग हैं।

# खेत से व्यक्ति की लाश बरामद, हत्या का आरोप, पूजा में शामिल होने पास के गांव में गए थ

❐ पटवन कर रहे युवक की शव पर पड़ी नजर

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में संदिग्ध स्थिति में व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मामला गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत रैतर गांव का है। मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के गुलजार विगहा गांव निवासी स्वर्गीय चंदेश्वर यादव के (45) वर्षीय पुत्र अजय यादव के रूप में हुई है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। रविवार की सुबह शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतक के भाई उमेश यादव ने बताया कि शुक्रवार को पास के रैतर गांव में दूसरे समाज के लोग पूजा-पाठ कर रहे थे। जिसमें भाई भी शामिल होने गया था। देर रात हो जाने के बावजूद भी वह घर नहीं लौटा। अगले दिन खोजबीन शुरू कर दी। इसके बाद शनिवार की शाम में रैतर गांव के पोल्ट्री फार्म के पास झाड़ी में शव बरामद हुआ। गांव का एक युवक खेत पटवन के लिए पाइप बिछा रहा था। उसी की नजर शव पर पड़ी तब जाकर मामले का खुलासा हुआ।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगाः** सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गई। अंदेशा है कि भाई की हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया गया होगा। गर्मी की वजह से शव डिकम्पोज हो गया। जिससे तेज दुर्गंध आ रही थी। गिरियक थाना अध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। लू लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के आरोप की भी जांच में पुलिस जुट गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# करंट लगने से बुज़ुर्ग की मौत, पटवन करने खेत में गए थे

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में एक बुजुर्ग की करंट से शनिवार को मौत हो गई। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत बडीया गांव का है। मृतक की पहचान बडीहा गांव निवासी स्व. बाढो मांझी के (60) वर्षीय पुत्र धुरी मांझी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन ने बताया कि फसल पटवन कार्य को लेकर धुरी मांझी खेत की तरफ गए हुए थे। जहां पूर्व से गिरे विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से झुलस कर उनकी मौत हो गई। जब वह घर नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन की जाने लगी। रास्ते में तार से सटे हुए थे। जहां उनकी मौत हो चुकी थी।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगीः** मौत की खबर जैसे ही घरवालों को मिली तो गांव में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। इसके उपरांत स्थानीय थाना को घटना की जानकारी दी गई। वहीं, इस मामले में नगरनौसा थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार झा ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# स्कूल के पीछे मिला युवक का शव, मुंह से निकल रहा था झाग

निज संवाददाता। नालंदा



● लू लगने की जताई जा रही आशंका, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

नालंदा में रविवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक युवक के शव को पुलिस ने बरामद किया है। मामला पावापुरी ओपी क्षेत्र के पोखरपुर गांव स्थित पोखरपुर स्कूल के समीप की है। मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के रैतर गांव निवासी गिरानी चौधरी के (28) वर्षीय पुत्र धनेश्वर चौधरी के रूप में की गई। शव के पोस्टमॉर्टम के लिए परिजन बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत कब और कैसे हुई है। इस मामले में परिजन कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं।

**युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ थाः** पावापुरी ओपी प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि स्कूल के समीप एक शव अचेतावस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। प्रथम दृष्टिया लू लगने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। मुंह से झाग भी निकल रहा था। छानबीन में पता चला कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसका कुछ समय से दवा भी चल रहा था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा विवि में 2 घंटा 55 मिनट रुकेंगे प्रधानमंत्री मोदी

निज संवाददाता। नालंदा



◆ इससे पहले 2013 में आए थे, 800 साल बाद होगा नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में पहली बार बिहार के नालंदा आ रहे हैं। मगध साम्राज्य की ऐतिहासिक राजधानी नालंदा के राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय के नए भवन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जून को उद्घाटन करेंगे। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के विध्वंस के बाद करीब 800 साल बाद केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से नालंदा विश्वविद्यालय का पूर्ण उत्थान किया गया।

**455 एकड़ में बनी है 221 संरचनाएंः** नालंदा यूनिवर्सिटी 455 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें कुल 221 संरचनाएं हैं। तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज द्वारा 19 सितंबर 2014 को इसके निर्माण की नींव रखी गई थी। करीब 10 साल बाद इसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

**कैंपस में बन रहा है एशिया का सबसे बड़ा लाइब्रेरीः** नालंदा विश्वविद्यालय के कैंपस में एशिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरी बन रही है। यह कयास लगाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसे विश्व के सबसे बड़े लाइब्रेरी बनाने की मांग प्रधानमंत्री के समक्ष रखेंगे।

**नेट जीरो कैंपस है नालंदा विश्वविद्यालयः** नालंदा विश्वविद्यालय विश्व का सबसे बड़ा नेट जीरो कैंपस है। यह यूनिवर्सिटी पंचामृत सूत्र पर आधारित है। यहां 100 एकड़ में तालाब बने हुए हैं। वहीं 150 एकड़ में पौधे लगाए गए हैं। कार्बन एमिशन मामले में यह सरप्लस है। नालंदा विश्वविद्यालय में 4 तालाबों का समूह है, जिसे कमल सागर नाम दिया गया है। परिसर के अंदर पर्याप्त छाया और सूक्ष्म जलवायु सुधार की व्यवस्था भी बनाई गई है। इमारतें ऐसी बनाई गई है जो गर्मी के मौसम में ठंडा और सर्दी के दिनों में गर्म रह सके। इसके लिए डेसिकेंट इवेपोरेटिव तकनीक का उपयोग किया गया है। थर्मल प्रतिरोध को बढ़ाने के लिए मोटी कैविटी की दीवारों का उपयोग पकाई हुई मिट्टी के ईटों के बजाय कंप्रेस्ड स्टेबलाइज अर्थ ब्लॉकस से किया गया है। यह विश्वविद्यालय बाहरी वातावरण पर डिपेंड नहीं है। बिजली, पानी, ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर है। कमल सागर में संरक्षित हो रहे पानी की वजह से आसपास के गांव में भूगर्भ जल स्तर में भी सुधार आया है। कचरा प्रबंधन के लिए भी अपशिष्ट उपचार प्रणाली अपनाई गई है।

**17 देशों के 400 स्टूडेंट्स यहां पढ़तेः** वर्तमान में नालंदा विश्वविद्यालय में 17 देशों के 400 स्टूडेंट्स यहां पढ़ रहे हैं। स्नातकोत्तर और पीचडी के कुल 7 विषयों की पढ़ाई हो रही है। जबकि 2 विषय इस शैक्षणिक सत्र में शुरू होने वाला है। वहीं डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए कुल 10 सब्जेक्ट की पढ़ाई हो रही है।

**प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय जाने की भी संभावनाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय जाने का भी कयास लगाया जा रहा है। जिसकी संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। राजगीर से लेकर नालंदा तक बैरिकेडिंग की जा रही है। वहीं, 250 से अधिक स्थान चिह्नित किए गए हैं। जहां सुरक्षा बलों के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी।

**बीबी जोशी ने किया है डिजाइनः** प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के वास्तु शिल्प डिजाइन और प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए नालंदा विश्वविद्यालय की बुनियादी ढांचे को नेट जीरो कैंपस के रूप में बनाया गया है। आर्किटेक्ट बीबी जोशी ने नालंदा विश्वविद्यालय के प्रारूप को डिजाइन किया है।

**मिनट टू मिनट कार्यक्रमः** 19 जून की सुबह वाराणसी एयरपोर्ट से सुबह 8:30 बजे प्रधानमंत्री गया एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। गया एयरपोर्ट पर आगमन सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर होगा। गया एयरपोर्ट से प्रस्थान हेलिकॉप्टर से सुबह 9 बजकर 20 मिनट राजगीर के लिए करेंगे। राजगीर हेलीपैड पर आगमन सुबह 9:50 पर होगा। हेलीपैड से विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के लिए प्रस्थान सुबह 9:55 में करेंगे। विश्वविद्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम 10:00 बजे से 11:30 तक होगा। कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान 11:35 मिनट पर होगा। राजगीर से गया एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान सुबह 11:45 मिनट पर होगा। गया एयरपोर्ट से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगा।

**नालंदा कब-कब आए हैं मोदीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले साल 2013 में नालंदा आए थे। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने नालंदा के सरमेरा प्रखंड अंतर्गत अहियापुर मुसहरी गांव में पटना में रैली के दौरान हुए बम विस्फोट में मारे गए युवक विकास के परिजनों से मुलाकात की थी। इसके बाद साल 2015 में बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव के दौरान 15 अक्टूबर को बिहारशरीफ प्रखंड के गोलापर हवाई अड्डा में चुनावी जनसभा को संबोधित करने आए थे।

**साल 427 में कुमार गुप्त ने की थी स्थापनाः** प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना साल 427 में सम्राट कुमारगुप्त द्वारा की गई थी। 12वीं शताब्दी के अंत तक 800 से अधिक सालों तक यह संचालित होता रहा। बीच-बीच में आक्रमणकारियों का दंश भी झेलना पड़ा। ऐसा माना जाता है कि प्राचीन विश्वविद्यालय में 2000 शिक्षक और 10000 छात्र रहते थे। 1199 में बख्तियार खिलजी द्वारा विश्वविद्यालय को जला दिया गया था। अब 815 साल बाद नालंदा फिर से एक नया इतिहास रचने जा रहा है।

**इनके आने का लगाया जा रहा कयासः**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने का कार्यक्रम तय है। कयास लगाया जा रहा है कि इनके साथ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर अरविंद पनगढ़िया समेत अन्य प्रमुख हस्तियों के शामिल होंगी।

# शांति और सौहार्द वातावरण में बकरीद का पर्व मनाएं : डीएम

- ईद-उल-जोहा (बकरीद) त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की योजना बनाना

निज संवाददाता




**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में ईद-उल-जोहा (बकरीद) त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में मनाने के लिए जिले के सम्मानित शांति समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। सर्वप्रथम शांति समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी के पुर्नआगमन पर बहुत-बहुत बधाई दिए। जिला पदाधिकारी ने बताया कि दिनांक 17.06.2024 को ईद-उल-जोहा (बकरीद) त्योहार है। इस त्योहार को हमलोग को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मनाना है। जिस तरह से रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये हैं, उसी तरह से इस त्योहार को भी सम्पन्न कराना है। बकरीद त्योहार को लेकर संयुक्त आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें 262 स्थानों पर विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है और महत्वपूर्ण आदेश दिये गए हैं। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से बारी-बारी से फिडबैक लिए। खासकर पानी और बिजली के समस्या के बारे में शांति समिति के सदस्यों द्वारा मामला बताया गया। उन्होंने बताया कि सम्मानित शांति समिति के सदस्यों की समाजिक जिम्मेवारी है कि यह पर्व शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराया जाय। उन्होंने सभी सम्मानित सदस्यों को कहा कि आपके द्वारा महत्वूपर्ण फिडबैक दिया गया है, जिसके माध्यम से जिला प्रशासन बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न करायेगा। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को जिला नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ थाना एवं अनुमंडल स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने का निर्देश दिये। सम्मानित सदस्यों ने कहा कि बकरीद का पर्व 17 जून 2024 को मनाया जायेगा। उन्होंने बिजली लागातार आपूर्ति के लिए मांग की। अनुमंडल पदाधिकारी रजौली ने शांति समिति के सदस्यों से कहा संयुक्त आदेश के अनुसार पूरी मुश्तैदी के साथ पानी और बिजली की समस्या को पूरा किया जायेगा। कुर्बानी के बाद अवशेष को डम्प की भी व्यवस्था की जायेगी। विशेष सर्तकता बरती जायेगी, सोशल मीडिया पर नजर रखी जायेगी। बकरीद में सजग और सावधानी बरती जायेगी। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर ने बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करा दी गयी है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए विद्युत और पानी की व्यवस्था रहेगी। गर्मी के कारण स्वास्थ्य को देखते हुए चिकित्सा व्यवस्था रहेगी। 09:00 बजे से 09:30 बजे तक नवाज अदा कर लेंगे। शांति समिति के द्वारा जो भी बात कही गयी है उसपर ध्यान रखा जायेगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर ने कहा कि दिनांक 17, 18 और 19 को तीनों दिन कुर्बानी होगी गंदगी के पीछे आप सभी ध्यान देंगे। गड्ढ़े में ही डम्प करना है। पाउडर का छिड़काव भी करेंगे, जिससे बीमारी नहीं फैले। अपर समाहर्त्ता ने कहा कि जैसे आपलोग रामनवमी में शांतिपूर्वक सहयोग किये हैं, काबिले तारीफ है। आप सभी इस पर्व में सजग और चौकस रहेंगे। एक व्हाट्सएप ग्रूप बनाकर अपनी प्रतिक्रिया देते रहेंगे। आप सभी सक्रिय रहेंगे। गर्मी और पेयजल को लेकर नवादा जिला में कई जगहों पर काफी संकट है। बकरीद के दिन पानी और बिजली की आपूर्ति की जायेगी। कृपया शांति बनाये रखेंगे। नगर परिषद अध्यक्षा ने भी उपस्थित पदाधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उप विकास आयुक्त ने भी पानी और बिजली की समस्या को सामाधान के लिए आश्वासन दिये। शांति समिति की बैठक में पिंकी कुमारी अध्यक्षा नगर परिषद नवादा सदर, माननीय सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश पासवान, मो0 अनवर भट्ट सामाजिक कार्यकर्ता, मो0 अफजली, संजय कुमार प्रतिनिधि मुख्य पार्षद नवादा, विनय यादव, नारायण स्वामी, राजकिशोर प्रसाद, अफरोजा खातुन, चांद खान समाजसेवी, मो0 फकरूद्दीम उर्फ चामो, मो0 महबुब काजरी, शैलेन्द्र कुमार सिंह विधायक प्रतिनिधि, बबलू कुमार के साथ-साथ सिविल सर्जन नवादा, उप विकास आयुक्त नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, एसडीपीओ मुख्यालय, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जमुंदाहा के जंगली रास्तों से बाइक पर लदे 80 लीटर शराब जप्त



- समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाली छोटी और बड़ी वाहनों की सघन जांचयात्रियों के बीच चलाया जा रहा जागरूकता अभियान।

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती जमुंदाहा गांव के जंगली रास्तों से उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार एवं एएसआई पंचम लाल धीरज ने एक बाइक पर लदे कुल लीटर महुआ शराब को जप्त किया। साथ ही बाइक पजे सवार रहे दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया। उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर समेकित जांच चौकी पर झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। साथ ही आसपास के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में गश्त कर शराब निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जाती है। साथ ही कहा कि गश्त के दौरान जमुंदाहा के जंगली रास्तों से आ रहे बाइक हीरो ग्लैमर संख्या बीआर27जे7680 पर लदे कुल 80 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।साथ ही दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया। शराब धंधेबाजों की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के भाईजी भित्ता गांव निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र जोगिंद्र कुमार एवं नन्हकू प्रसाद यादव के पुत्र राम कुमार के रूप में हुई है। जप्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं शनिवार की शाम से लेकर रविवार की सुबह तक कुल 18 शराब पीने वाले लोगों की जांच ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब पीये होने की पुष्टि हुई।सभी शराब पीने वाले लोगों को रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां सभी शराबियों से जुर्माना राशि वसूल कर मुक्त कर दिया गया।

# जिला पत्रकार संगठन का सातवां वार्षिक सम्मेलन धूमधाम से सम्पन्न

निज संवाददाता



**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित निजी विद्यालय में जिला पत्रकार संगठन का सातवां द्विवार्षिक जिला अधिवेशन सह कार्यकारिणी सांगठनिक चुनाव में कमिटी के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द कुमार रवि, सचिव रविंद्र पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार को पुनः नवनिर्वाचित करते हुए उनका भव्य स्वागत किया गया। समारोह में अतिथि के तौर पर कई वरिष्ठ पत्रकार एवं बुद्धिजीवी तथा स्थानीय थानाध्यक्ष भी कार्यक्रम में शिरकत किया। समारोह में आगत अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता एवं डायरी व कलम देकर स्वागत किया गया। समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार राम रतन सिंह रत्नाकर, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र नाथ भैया, राजेंद्र पाण्डेय, शिक्षाविद गोविन्द जी तिवारी, थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दो सत्र में सम्पन्न हुए समारोह में आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा की गयी, चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कहा की लोकतंत्र को स्वस्थ्य एवं स्वच्छ बनाने में चौथे स्तम्भ की भूमिका महत्वपूर्ण है बावजूद वर्तमान समय में पत्रकारों के ऊपर हमले एवं हत्या के साथ विभिन्न फर्जी मामलों में फ़साने की साजिश की जा रही है। वक्ताओं ने कहा की वर्तमान दौर में स्वच्छ और निर्भीकता के साथ पत्रकारिता करना काफ़ी दुरूह कार्य साबित हो रहा है। कार्यक्रम में जिले के कई पत्रकारों को कई झूठे मुकदमे में फ़साने एवं परेशान करने के मुद्दे पर पत्रकारों ने अपनी एकजुटता का परिचय देतें हुए अपनी कलम को किसी क़ीमत पर रुकने नहीं देने का संकल्प लिया। समारोह में जिला पत्रकार संगठन के उद्देश्य और उपलब्धियों पर भी चर्चा की गयी। दूसरे सत्र में जिला कार्यकारिणी की बैठक में कमिटी के सदस्यों का निर्वाचन उपस्थित सदस्यों की सहमति से किया गया। सभी सदस्यों ने कमिटी के पूर्व पदाधिकारीयों पर आस्था जताते हुए सर्वसम्मत से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित कमिटी के अन्य सहयोगी सदस्यों को नामित किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राम रतन सिंह रत्नाकर एवं संचालन पत्रकार राजेश मंझवेकर ने किया। जिले के विभिन्न प्रखंडो से आये पत्रकारों ने वारिसलीगंज संगठन से जुड़े पत्रकारों के द्वारा किये गए व्यवस्था एवं समारोह को सफल बनाने में सहयोग करने वाले लोगों के प्रति आभार जताया। समारोह की मेजवानी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में अन्य सहयोगी पत्रकारों के सहयोग से किया गया मौके पर पत्रकार उमाशंकर पाठक, अशोक कुमार, सुजीत कुमार, सानू, मुकेश कुमार, अरुणजय मेहता राजीव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## लग्जरी कार से 48 बोतल शराब 336 केन बीयर जप्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** बिहार झारखण्ड के सीमावर्ती चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई राकेश कुमार ने रविवार की सुबह एक लग्जरी कार में लदे 48 बोतल विदेशी शराब एवं 336 केन बीयर बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में तीन शिफ्टों में प्रत्येक दिन सघन वाहन जांच किया जाता है। रविवार की सुबह एएसआई राकेश कुमार ने वाहन जांच के दौरान ऑल्टो कार संख्या बीआर01एए8479 के डिक्की एवं कार के अंदर रखे विदेशी शराब एवं बीयर को जप्त किया गया। जप्त विदेशी शराब में 375 एमएल के रॉयल स्टेज के 48 बोतल एवं बड़वाईजर बियर के 96 बोतल, मंकी स्ट्रॉन्ग बियर के 168 बोतल एवं लीजेंडरी सुप्रीम स्ट्रॉन्ग बियर गॉडफादर के 72 केन बियर शामिल था।

# बकरीद पर्व शांति सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें, शमीम उद्दीन अंसारी

निज संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित छोटा शेखपुरा के मिल्लत कमेटी के रहबर एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, जदयू नेता शमीम उद्दीन अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया के मुसलमान बकरा ईद का पर्व शांति सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाऐं। सभी के धर्म का आदर करें किसी भी संप्रदाय के लोगों के भावनाओं का आहत न पहुंचे इसके लिए कुर्बानी के खुन, मलवा इत्यादि इधर-उधर ना फेकें और ना ही इस संदर्भ में किसी भी प्रकार का वीडियो वायरल करें जिस से दूसरे संप्रदाय के लोगों के भावना को आहत पहुंचे इसका पूरा ख्याल रखा जाए। क्योंकि यदि हम मुसलमान हैं और इस पर्व के माध्यम हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत को अदा करते हैं तो याद रखना होगा के सृष्टि के रचनाकार (ईश्वर) ने अवतार के माध्यम अपनी संदेश को दुनिया तक पहुंचाया। वह संदेश जो सार्वभौमिक और सभी नैतिक मूल्यों का एक महान गारंटर और संरक्षक है, समाज का एक बेहतर गठन तथा मुस्लिम समाज का शुद्ध अस्तित्व और आध्यात्मिक मिश्रण एवं आशीर्वाद का सुंदर स्रोत है। विभिन्न जनजातियों, कुलों और विभिन्न परिवारों के सदस्यों और साथियों को संगठित और एकजुट करके एक धागे में पिरोया हुआ एक अनमोल हार तैयार किया। ज्ञात हो हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के विवाह के 90 वर्ष के आयु में एक पुत्र हुआ जो सृष्टि में हज़रत इस्माइल अलैहिस्सलम के नाम से प्रसिद्ध हैं।

## अवैध दो बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** नदी से अवैध तरीके से बालू का उठाव को रोकने के लिए नरहट थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार शाम की गई छापेमारी में दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने जप्त किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नरहट थाना क्षेत्र के धनार्जय नदी के दौलतपुर नदी घाट से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर तथा तिलैया नदी के चैनपुरा नदी घाट से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया है। पुलिस को देख चालक भागने में सफल रहा। रजिस्ट्रेशन के आधार पर ट्रैक्टर मालिक एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन ने किया एरिया डोमिनेशन

निज संवाददाता



नरहट (नवादा) बकरीद का त्यौहार को शांतिपूर्ण और भयमुक्त मनाने के उद्देश्य से रविवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने एरिया डोमिनेशन के तहत फ्लैग मार्च किया। इस दौरान नरहट, कुशा, छोटा शेखपुरा आदि जगहों पर घूम कर लोगों को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ भयमुक्त वातावण में बकरीद का त्यौहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा कि शांति भंग करने वाले एवं अफवाह फैलाने वाले को किसी भी कीमत में बख्शा नही जाएगा। त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ हंसी खुशी के साथ मनाने के लिए होता है। त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ हंसी खुशी माहौल में मनाएं। उन्होंने बताया कि एरिया डोमिनेशन के दौरान आमजनों को आश्वस्त कराया जा रहा है कि पुलिस शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए कटिबद्ध है। एरिया डोमिनेशन कर शांति का संदेश दिया गया।

## घर की छत से गिरने पर बच्चा हुआ गम्भीर रूप से घायल, रेफर

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड क्षेत्र एक हरदिया पंचायत के पुरानी हरदिया में घर की छत पर खेल रहा बच्चा अचानक नीचे गिर गया। जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को परिजनों के सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने बताया कि घायल बच्चे की पहचान पुरानी हरदिया निवासी अनिल राजवंशी के पुत्र लालटुस कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने बताया कि घायल बच्चे के सिर में गम्भीर चोटें आई है। जिसका प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है।

# पिता वटवृक्ष हैं, उस छांव में समस्त वेद व पुण्य होते हैं फलित : सचिव श्रीकांत

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में रविवार को विश्व फादर्स डे पर परिचर्चा आयोजित हुआ। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। उपस्थिति लोगों को सम्बोधित करते हुए समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि पिता किसी पहेली के रूप में नहीं होते हैं। उनके गुस्से में भी ढेर सारी प्यार छिपा रहता है। तथा कठिनाई आने तक ढाल की तरह खड़ा रहते हैं। साथ ही सभी तरह के मुश्किलें को खुद समेट लेते हैं। उन्होंने कहा कि फादर्स डे पिता को स्पेशल फील करने का दिन है। कहा गया पिता जीवन के अर्थशास्त्र को संभालते हैं कि घर स्वर्ण भूमि बन जाती है।हर सम्भावना से सम्भव करने सक्षमता व शुभाशीष से अमरत्व देने की सामर्थ्य लिए पिता वह वट वृक्ष है, जिसकी छांव में समस्त वेद और पुण्य फलित होते हैं। पिता हैं, तो हमारे हिस्से का आकाश उज्जवल है। सूर्य तेजस्वी है, सृष्टि में प्राणवायु के रूप में मौजूद हैं, अर्थात पिता हर चीज की चाभी हुआ करते है। इस दौरान रामशरण सिंह, चन्द्रिका सिंह, रामधीन प्रसाद सिंह, कामता प्रसाद सिंह, नरेश कुमार, सियाशरण दास समेत अन्य पेंशनरों ने फादर्स डे के महत्व पर अपनी भावनाओं से समाज को संदेश दिया कि आप युवावर्ग कल के पिता कहलाएंगे, और इसी तरह के महत्व उन्हें भी प्राप्त होगा।

# साईबर अपराधियों ने कार्यपालक सहायक के बैंक खाते से उड़ाये 4,28690 रुपये

निज संवाददाता




**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल में साईबर अपराधियों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। हालिया घटना प्रखण्ड कार्यालय में पदस्थापित एक कार्यपालक सहायक के साथ देखने को मिला है। बताया जाता है कि साइबर अपराधियों ने कार्यपालक सहायक के खाते से चार लाख अठाईस हजार छह सौ नब्बे रुपए की अवैध ढंग से निकासी कर ली है। इस सम्बंध में पीड़ित कार्यपालक सहायक व कौआकोल थाना क्षेत्र के भलुआही गांव निवासी स्व० नौरंगी साव के पुत्र रत्नाकर प्रसाद ने बताया कि उनका मोबाइल नम्बर 9693626701 का सीम 12 जून को दिन में बन्द हो गया था। जिसके बाद उसी रात में सीम वह चालू करवाया। 24 घण्टे के बाद मैसेज अलर्ट चालू होने के बाद उनके पीएनबी बैंक कौआकोल के खाता संख्या-2309000100196096 से एक लाख पचास हजार रुपये की निकासी का मैसेज मोबाइल पर आया। जिसके बाद खाता में बैलेंस चेक करने पर मात्र खाता में एक सौ बीस रुपये शेष बचा। जबकि उसके खाता में चार लाख अठाईस हजार आठ सौ दस रुपये था। जिसके बाद वे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई एवं साईबर थाना नवादा में भी लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग किया है। पीड़ित कार्यपालक सहायक रत्नाकर प्रसाद ने आरोप लगाते हुए कहा कि बैंक कर्मियों की मिली भगत से उनके खाता की अवैध ढंग से मात्र दो दिन में निकासी कर ली गई है।

## पूर्व निदेशक की मनाई गई श्रद्धापूर्वक 19 वीं पुण्यतिथि

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के लक्ष्मी कला परिषद ओड़ो के पूर्व निदेशक सह ओड़ो निवासी दिलीप कुमार सिंह उर्फ मान बाबू के पिता चंद्रभान सिंह का 19 वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन रविवार को उनके पैतृक आवास पर हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। गांव के दर्जनों अनुसूचित बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरण कर शिक्षा के मुख्यधारा में जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

बिहार सरकार
बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14
Website: bceceboard.bihar.gov.in
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2024/04 दिनांक- 16.06.2024
डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2024
[D.E.C.E. (L.E.)-2024] से सम्बन्धी आवश्यक सूचना
सर्व साधारण एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)-2024 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक- वि.प्रा. (VI) विविध-06/2014-2344 दिनांक 13.06.2024 के आलोक में (i) जमुई इन्सटीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जमुई (ii) ममता इन्सटीच्यूट ऑफ एडूकेशन, सिवान (iii) मल्लिक इन्सटीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गया (iv) सितयोग इन्सटीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, औरंगाबाद (v) एम.पी.एस. पॉलिटेकनिक कॉलेज मुसरी, मुजफ्फरपुर (vi) मुजफ्फरपुर कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एडूकेशन, मुजफ्फरपुर (vii) राजीव कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एडूकेशन, सीतामढ़ी (viii) एस.एन.एस. विद्यापीठ, मोतिहारी के AICTE से स्वीकृत डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 में नामांकन बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के माध्यम से नहीं लेने की सूचना दी गयी थी। उसी क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त उल्लिखित संस्थानों के द्वितीय वर्ष (पार्श्विक प्रवेश) में सत्र 2024-25 में नामांकन बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के द्वारा आयोजित DECE (LE)-2024 के आधार पर नहीं लिया जायेगा।
2. DECE (LE)-2024 के विवरण पुस्तिका को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
परीक्षा नियंत्रक

## संक्षिप्त समाचार

### लू लगने से 28 वर्षीय युवक की हुई मौत

**आरा**। नवादा थाना क्षेत्र के बहीरो लख के रहने वाले एक युवक की मौत लू लगने से हो गई। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के बहीरो लख का निवासी शैलेंद्र पासवान 28 वर्ष पिता झगरू पासवान था। परिवार के लोगों ने बताया की मृतक शैलेंद्र पासवान शनिवार की सुबह अपने घर से टहलने के लिए निकला था। उसी क्रम में लू लग गई और गिर पड़े। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को मिलने के बाद परिवार के लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक शैलेंद्र पासवान के घरवालों ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करा कर शव को घर लेते गए। मृतक के घर में शोक की लहर है।

### बिजली तार काटने के विवाद में मारपीट, सिपाही घायल

**आरा**। अश्वरोही सैन्य पुलिस के कैंपस में बिजली के तार काटने के विवाद में हुई मारपीट में अश्वरोही सैन्य पुलिस के जवान घायल हो गया। घायल जवान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जोरवर पुर मिल्की गांव निवासी आदित्य नारायण पांडे पिता सूर्यकांत पांडे है जो आरा अश्वरोही सैन्य पुलिस बल में कार्यरत है। घायल ने बताया की एमएमपी के चार से पांच सिपाही ने मिलकर बिजली का तार काट रहे थे। मैने बोला की आप लोग क्यों तार काट रहे है। बहुत गर्मी है ऐसे ही बच्चा सब गर्मी से रो रहा है। इसी बात पर सभी लोग मिलकर हमारे साथ मारपीट किए। जिससे हमको काफी चोट लगी है। किसी तरह उन लोगों से बच कर मैं इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचा जहां इलाज करा रहा हु। वही एमएमपी के लाइन बाबू शाहनवाज ने बताया की किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। जिसमें सिपाही आदित्य नारायण पांडे ने सिपाही सुधांशु को गंभीर रूप से मारपीट कर दिया। मौके पर हमलोग नही रहते और बिच बचाव नही करते तो उसकी जान भी जा सकती थी।

### 30 तक ई- केवाईसी नहीं तो राशन होगा बंद

**बक्सर**। जिले के सभी राशनकार्ड धारी 30 जून तक ई केवाईसी करा लें। नहीं तो राशन नहीं मिल सकेगा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत आच्छादित राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य का आधार सीडिंग ई केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। प्रत्येक सदस्यों के लिए आधार सीडिंग की अनिवार्यता हो जाने के बाद लाभुक परिवारों के राशन कार्ड से बिना आधार सीडिंग वाले सदस्य के नाम भविष्य में हटाने की बाध्यता होगी। सभी राशन कार्डधारियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित जन वितरण प्रणाली की दुकानों में जाकर अपने परिवार के सभी सदस्यों का आधार सीडिंग सत्यापन 30 जून तक निश्चित रूप से करा लें। ताकि भविष्य में खाद्यान्न की प्राप्ति में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हों।

### विस चुनाव में इंडिया गठबंधन जवाब देगी : टीएन चौबे

**बक्सर**। बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि बीजेपी के लिए राजनीतिक हथकंडा रामलाल का सहारा लेना भी काम नहीं आया। भगवान श्रीराम सबके हैं और रहेंगे। लेकिन, बीजेपी वाले भगवान श्रीराम को अपना समझते थे जो उन्हें भी नागवार लगा और 2024 के लोकसभा चुनाव में भगवान श्रीराम ने बीजेपी को करारा जवाब दिये। अब बीजेपी भगवान श्रीराम का नाम लेना छोड़ दी है। उत्तर प्रदेश व बिहार के विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन जवाब देने के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव में एक समय था कि बीजेपी वाले चार सौ पार का नारा देकर देश के लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे थे, लेकिन जनता दिग्भ्रमित नही हुई और 240 पर ही लटका कर छोड़ दी। उन्होंने कहा कि यह सरकार चलने वाली नहीं है, कभी भी गिर सकती है।

### तापमान 46 डिग्री, राज्य में सबसे अधिक गर्म बक्सर



**बक्सर**। जिले में एक बार फिर से बक्सर पूरे राज्य में गर्मी के मामले में बक्सर टॉप पर रहा। पटना मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार बक्सर जिला पूरे राज्य में सबसे अधिक गर्म रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिसके कारण सीवर हीट वेव की स्थिति बनी रही। बताते चलें कि पूरे दिन पछुआ हवा 17 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। सड़के सूनी रही तथा लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले। वहीं कार्यालय में कार्य करने वाले लोग तथा दैनिक मजदूर ही मजबुरी वश अपने घरों से बाहर निकले। आगे भी गर्मी में कोई कमी दर्ज होने की संभावना नहीं जताई गई है। हालांकि तापमान में उतार-चढ़ाव हो सकता है। हल्के हल्के बादलों का आवागमन भी हो सकता है। न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहने से रात में उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा।

### अरहर दाल और सरसों तेल बिगाड़ रहे रसोई का जायका



**बक्सर**। लोकसभा चुनाव के समाप्त होते हीं महंगाई ने एक बार फिर से पांव पसार लिया है। खाना बनाने की वस्तु गैस से लेकर सरसों तेल तक की महंगाई ने रसोई का जायका बिगाड़ दिया है। एक तरफ गरीब जहां दाल रोटी से अपना पेट भर रहे थे वहीं अरहर दाल, मुंग दाल, चना दाल की महंगाई ने थाली से दाल को दूर कर दिया है। इसके आलावे गरीबों की सब्जी कहा जाने वाला आलू की महंगाई ने भी चिंता बढ़ा दी है। इसके साथ हीं अन्य आवश्यक खाद्य पदार्थ की भी महंगाई बढ़ने से जिले के लोग परेशान हैं। एक बार फिर कई उपभोक्ता वस्तुओं के दाम में वृद्धि से लोग परेशान हैं। शहर के सत्यदेवगंज निवासी दीपक सिंह ने कहा कि हमारे सासंद व विधायक को राज्यों के विधानसभा व लोकसभा में इन बातों को जोरदार तरीके से उठानी चाहिए ताकि महंगाई पर काबू पाया जा सके। दुकानदार राजकुमार ने बताया कि अब थोक में प्याज 40 रुपए किलो बिक रहा है। सरसों और रिफाइंड तेल की कीमत का भी रसोई के बजट पर असर पड़ा है। इनमें 10 से 15 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। सरसों तेल 140 -150 रूपए प्रति लीटर तो वहीं रिफाइंड भी 125 से बढ़कर 130 - 140 रूपए तक पहुंच गया है। इसके आलावे पहले से हीं मसालों के बढ़ रहे दाम ने रसोई का स्वाद फिका कर दिया है। दोहरा शतक मारने के करीब अरहर दाल बता दें कि बीते 10 दिनों के अंदर अरहर दाल के दाम में 20 प्रतिशत इजाफा हुआ है, जबकि प्याज का दाम दोगुना हो गया है। प्याज, अरहर दाल के अलावा आलू, सरसों तेल और रिफाइंड तेल के दाम बढ़ गए हैं। प्याज 40-45 रुपए किलो तो अरहर दाल 180 रुपए प्रति किलो तक बिक रही है। किराना दुकानदारों ने बताया यदि ऐसी हीं हालात रहे तो अरहर दाल 200 रूपए प्रति किलो तक पहुंच सकता है। आवक में कमी के साथ गर्मी बनी वजह व्यापारियों के आलावे नासिक व मध्य प्रदेश से आवक में कमी के अलावा भीषण गर्मी भी मूल्य वृद्धि की प्रमुख वजह मानी जा रही है। नासिक व मध्य प्रदेश से प्याज की आवक में 30 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं भीषण गर्मी के कारण प्याज जल्दी सूख भी रहा है। आलू समेत सब्जियों की कीमत में 10 से 30 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हो गई है। सब्जी उत्पादक किसान सनोज ने बताया कि दियारा समेत अन्य ग्रामीण इलाको में निकल रही सब्जियों से मार्च से लेकर जून तक मंडी गुलजार रहता है।

# शादी के 5 साल बाद ससुराल में विवाहिता की मौत

## मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, पति ने कहा- बीमारी की वजह से गई जान

निज संवाददाता। आरा



शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार मोहल्ले में शनिवार को एक विवाहिता की मौत हो गई। मायके वालों ने पीट–पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार निवासी रवि शंकर उर्फ अमित कुमार की 24 वर्षीया पत्नी मुनी कुमारी है। मृतका के पिता ने कहा कि पहले पलंग-सोफा मांगा जा रहा था। जो कर्ज लेकर दिया। बाद में सोने की चेन की डिमांड हुई। नहीं देने पर उसके साथ मारपीट कर हत्या कर दी गई। जबकि पति का कहना है पत्नी की तबीयत खराब हो गई थी।

**कर्ज लेकर पलंग-सोफा दिया था**: मृतका के पिता रोहतास जिला के नासरीगंज थाना क्षेत्र के धनावं गांव निवासी गोविंद प्रसाद ने बताया कि बेटी मुनी कुमारी की शादी 2019 में 3 फरवरी को टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार मोहल्ला निवासी स्व. अरुण कुमार के पुत्र रवि शंकर उर्फ अमित कुमार से की थी। शादी के एक वर्ष बीत जाने के बाद उसका पति ने पलंग और सोफे की मांग करने लगा। कर्ज लेकर पलंग-सोफा दिया था। उसके बाद उसने दो साल तक बेटी को ठीक से रखा।

**फोन कर कहा था बेटी की तबीयत खराब है**: इसके बाद सोने की चेन मांगने लगा। इसी बीच मंगलवार को उसने फोन कर सूचना दी कि बेटी की काफी तबीयत खराब है, आने की जरूरत नहीं है। हम लोग ससुराल नहीं गए। तभी उसने फोन कर सूचना दी के आपकी बेटी की मौत हो गई है। सूचना पाकर हमलोग उसके ससुराल बाबू बाजार पहुंचे। सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतका के पिता गोविंद प्रसाद ने सोने के चेन नहीं देने पर उसके पति रविशंकर उर्फ अमित और उसके भाई पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

**सिर में दर्द होने लगा था**: जबकि मृतका के पति रवि शंकर उर्फ अमित कुमार ने बताया कि सुबह उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई और वह कहने लगी कि सिर में दर्द हो रहा है। जिसके बाद मां ने कहा कि तुम जाओ और थोड़ा आराम कर लो। इसके बाद भी जब दर्द कम नहीं हुआ तो उन्होंने बोला कि बहुत गर्मी है जाकर नहा लो तबीयत ठीक हो जाएगी। नहाने के के बाद उसकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई।

**जाम के कारण अस्पताल ले जाने में देरी हुई**: पति ने कहा कि इलाज के लिए पहले बाबू बाजार स्थित निजी क्लीनिक ले गए। जहां से चिकित्सक ने उसे फिजिशियन से दिखाने की सलाह दी। आरा अस्पताल ले जा रहे थे। तभी बीच रास्ते में ही जाम होने के कारण लेट हो गया। अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी ओर मृतका के पति रवि शंकर उर्फ अमित कुमार ने बीमारी के कारण उसकी मौत होने की बात कही है। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार पूर्व में बीमार होने और इलाज के लिए अस्पताल लाने क्रम में मौत प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतका अपनी चार बहन व एक भाई में छोटी थी। उसके परिवार मे मां पन्ना देवी और तीन वर्ष का एक पुत्र व एक पांच माह की पुत्री है।

## खनन पदाधिकारी पर हमला करने वाले 2 गिरफ्तार, बक्सर में पुलिस ने भेजा जेल

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में 11 जून को खनन पदाधिकारी पर बालू माफिया द्वारा हमले के मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। फिलहाल टेक्निकल आधार पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसकी जानकारी शनिवार की शाम बक्सर सदर डीएसपी धीरज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में अभी नामजद दो आरोपी फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी चल रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगा। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि घटना में फिलहाल छह लोगों की पहचान की गई है। दो लोग पहले से सारीमपुर गांव निवासी नेताजी और पुत्र रिंकू खान को नामजद किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज, टावर डंप के टेक्निकल आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नवादा निवासी विशाल मिश्रा और मनु यादव को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। दो और लोगों की पहचान टेक्निकल आधार पर हुई है जिसमें सिकरौल निवासी त्रिलोकी नाथ सिंह और उनका भाई कमलेश सिंह है। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया की घटना 11 जून की है।जासो रोड स्थित सुबह 4 बजे के करीब बालू माफिया पर कार्रवाई को लेकर खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार पहुंचे थे जहां बालू माफिया द्वारा ओवरलोड ट्रक को भगाने के लिए खनन पदाधिकारी पर लाठी डंडों से हमला कर दिया गया था।

# गोलीबारी मामले में एफआईआर दर्ज, अस्पताल के बाहर अपराधियों ने मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के पीरो थाना के पीरो बाजार स्थित निजी अस्पताल के बाहर बुलाकर प्रीतम कुमार नामक युवक को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। तरारी के सेदहां गांव निवासी घायल प्रीतम के बयान पर पीरो थाना में प्राथमिकी हुई। जिसमें सेदहां गांव निवासी गुड्डू सिंह, शुभम कुमार, जय कुमार, भोली सिंह और अनीश सिंह को नामजद आरोपित किया गया है। घायल ने प्राथमिकी में कहा है कि वे 14 जून को अपनी दादी का इलाज कराने पीरो आए थे। इसी दौरान सुबह साढ़े दस बजे गुड्डू सिंह ने फोन कर अस्पताल के बाहर बुलाया। जब वे अस्पताल के बाहरे आए तो बाइक सवार चार अन्य आरोपित भी अज्ञात तत्वों के साथ खड़े थे। इस दौरान जय कुमार और शुभम कुमार ने फायरिंग कर दी। गोली बाएं सीने में लग गई और वे घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद यह धमकी देकर फरार हो गए कि इस बार तुम्हारा नंबर था और अगली बार तुम्हारे परिवार का है। घायल के अनुसार साल 2023 के नवंबर माह में उन्होंने केस किया था जिसे लेकर विवाद चला आ रहा है।

## दादी का इलाज कराने हॉस्पिटल गया था युवक

**दादी के इलाज के लिए अस्पताल गया था**: वहीं घटना को लेकर जख्मी प्रीतम कुमार ने बताया कि उसकी दादी का पैर फ्रैक्चर हो गया था। जिसका इलाज कराने के लिए अपने फुफेरा भाई के साथ बनारस हॉस्पिटल आए थे। इसी दौरान पांच से छह की संख्या में बाइक से आए अपराधियों ने बुलाया और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। अपनी जान बचाकर भागने के दौरान एक गोली बाय साइड पेट के पास लग गई। गोली मारने के बाद अपराधी घटनास्थल से आसानी से फरार हो गए। प्रीतम के रिश्तेदारों ने बताया कि प्रीतम अभी पढ़ाई और जॉब की तैयारी करता है।

## गंगा दशहरा को लेकर गंगा घाटों पर उमड़े श्रद्धालु, बक्सर में लाखों की संख्या में पहुंचे लोग

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा पर बक्सर का प्रमुख घाट रामरेखा घाट के अलावा विभिन्न घाटों पर गंगा में स्नान को लेकर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। जहां लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। बता दें कि रविवार भोर से ही गंगा तट श्रद्धालुओं से खचाखच भर हुआ है। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और सूर्य नारायण को अर्घ देकर मां गंगा को पुष्प और दीप अर्पित कर अपने परिवार के कल्याण की कमाना की। इस दौरान स्थानीय गोताखोर के साथ ही गंगा घाटों पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

**ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त**: ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता के चलते इस बार श्रद्धालुओं को जाम से फिलहाल मुक्ति दिखाया दे रहा है। जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई रुकावट पैदा नहीं हो रही है। साथ ही गंगा घाट हर हर गंगे के जयकारों से गुंजायमान रहे। सबसे ज्यादा भीड़ बक्सर के रामरेखा घाट पर देखने को मिल रही है। सुरक्षा को देखते हुए गंगा की गहराई होने पर खतरे का निशान लगाते हुए बैरिकेडिंग की गई थी। बोट में बैठकर पुलिस कर्मी व पीएसी की टीम ने श्रद्धालुओं पर कड़ी नजर बनाए हुए है। इस दौरान गंगा तट पर मेले जैसा नजारा दिखाई दिया। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तरह के दुकानें और खिलौने से पारा घाट परिसर सजा हुआ है। गंगा दशहरा पर रामरेखा घाट पर काफी भीड़ हो गया। इस दौरान बच्चे और दूर दराज से आई महिलाएं अपनों के साथ से बिछड़ जाने के कारण परेशान दिखाई दिए। जिनके लिए वहा पर पुजारियों द्वारा खोया पाया केंद्र बनाया गया है। इस दौरान केंद्र पर खोए हुए बच्चों, महिलाओं और बड़ों को माइक से एलाउंस कर अपनों से मिलाने का काम किया जा रहा है। किसी का पायल पर्स भी गिरने पर उसे खोया पाया केंद्र तक पहुंचा, इसकी जानकारी भिड़ को देने का काम किया जा रहा है।

### सभी घाटों पर पुलिस और गोताखोरों की टीम तैनात

# सड़क हादसे में शिक्षक की हुई मौत, रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे

## रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक में मार दी टक्कर

निज संवाददाता। आरा



बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के केशवा मोड़ के समीप रविवार की सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के पीरो वार्ड नंबर-5 निवासी स्व.बैजनाथ सिंह के 46 वर्षीय पुत्र राजू प्रसाद है। वह पेशे से शिक्षक थे और रोहतास जिला के बिक्रमगंज प्रखंड के कास्तर महादेव विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे।

**पुलिस और लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया**: इधर मृतक के भाई उमा शंकर प्रसाद ने बताया कि रविवार की सुबह बाइक से बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया गांव अपने साढू के घर जा रहे थे। उसी दौरान केशवा मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद पीरो थाना पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर परिजन भी पीरो रेफरल अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व चार बहन में छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी चंदा देवी और तीन पुत्री खुशी कुमारी, कोमल कुमारी, कली कुमारी और एक पुत्र नंद गोपाल है।

## कमरे में संदिग्ध स्थिति में किसान की मौत



निज संवाददाता। आरा

### नाक-कान से बह रहा था खून, परिजनों ने जताई पीट–पीटकर हत्या की आशंका

भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में शनिवार को कमरे में सोए एक बुजुर्ग की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। परिजन ने हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक बुजुर्ग अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी 80 वर्षीय पुत्र शिवाजी सिंह हैं। पेशे से किसान थे। मृतक के भतीजे दीपक कुमार सिंह ने बताया कि उनका एक पुत्र है जो बाहर रहता है व दो पुत्री है। जिनकी शादी हो चुकी है। वह अकेले ही उसे घर में रहते हैं। रात में खाना खाने के बाद वह कमरे में सोए हुए थे। जब देर तक वह नहीं उठे तो उन्हें देखने गए। देखा कि वह अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़े है और उनके नाक और मुंह से खून बह रहा है। सूचना स्थानीय थाना को दी गई। मृतक बुजुर्ग के भतीजे दीपक कुमार सिंह ने अपने पट्टीदार रामचंद्र राय और पड़ोसी पृथ्वी नाथ सिंह पर जमीन विवाद को लेकर हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक बुजुर्ग को दो पुत्री इंदु देवी, ललिता देवी और एक पुत्र संजय सिंह है। मृतक बुजुर्ग की पत्नी श्रीमती देवी की मृत्यु छह माह पूर्व हो गई थी।

# आपसी विवाद में भतीजे ने की चाचा की हत्या

निज संवाददाता। बक्सर



## बक्सर के फफादर गांव में भाला घोंप कर मर्डर, आरोपी अरेस्ट

बक्सर के फफादर गांव में भतीजे ने अपने चाचा के सीने में भाला घोंप कर हत्या कर दी है। बताया जाता है कि आपसी विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना की पुष्टि बक्सर के डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने की है। घटना डुमरांव अनुमंडल स्थित मुरार थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार गांव में ललन यादव (58 साल) अपने घर पर अकेले थे। इस दौरान उनका भतीजा लाल बाबू यादव (30 साल) किसी बात को लेकर उनसे झगड़ा करने लगा। इस कारण उसके चाचा ने भतीजे पर भाला तान दिया। तभी भतीजे ने चाचा का भाला छीन कर चाचा के ही सीने में घोंप दिया। इससे चाचा की मौके पर ही छटपटा कर मौत हो गई। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। कुछ देर के बाद ही भतीजे को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

**घर पर अकेले रहते थे ललन यादव**: इस घटना के जानकारी देते हुए ललन यादव के बेटे रमेश कुमार यादव ने बताया कि पिता जी घर पर अकेले रहते थे। हम दोनों भाई प्राइवेट नौकरी करते हैं। गांव के खेत मेरे पट्टीदार ही जोत है। इसके पैसे को लेकर पट्टीदारों से विवाद चल रहा था। इस विवाद में पट्टीदारों ने साजिश के तहत उनके पिताजी की नुकीले हथियार से वार कर हत्या कर दी है। इसमें उनके परिवार के अन्य लोग भी शामिल है। इस घटना की जानकारी देते हुए डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मामला आपसी विवाद का है। इसमें त्वरित कर्रवाई करते हुए एफआइआर दर्ज कर घटना में इस्तेमाल किया गया, भाला और आरोपी लाल बाबू यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसे जेल भेजने की तैयारी चल रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### सैंडिस गेट पर फायरिंग की सूचना, पुलिस ने किया इंकार

**भागलपुर**। युवती को लेकर हुए विवाद में सैंडिस कंपाउंड के मुख्य गेट के सामने शुक्रवार देर शाम फायरिंग की घटना हुई है। लोगों की माने तो युवक युवती में कहासुनी हो रही थी। तभी युवक ने युवती को थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद युवती ने कॉल किया। तभी बरहपुरा से युवक पहुंचे और फायरिंग की।

### गर्मी में दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए 14 वर्षीय किशोर गंगा में डूबा, खोजबीन

**जमालपुर**। जमालपुर जमालपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंघिया इंग्लिश गांव के समीप गर्मी से परेशान गंगा नहाने दोस्तों के साथ पहुंचे 14 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ विवेक आनंद ने मौके पर गोताखोरों के साथ पहुंच किशोर को सकुशल बरामद करने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गोताखोरों द्वारा घंटों मशक्कत के बाद भी समाचार लिखे जाने तक किशोर को बरामद नहीं किया जा सका है। किशोर के डूबने की सूचना आसपास के लोगों में आग की तरह फैल गई और घाट पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। डूबे बच्चे की पहचान सिंघिया इंग्लिश निवासी अनुज यादव के 14 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। वह मध्य विद्यालय सिंघिया में आठवीं कक्षा का छात्र था। आर्यन दो भाइयों में छोटा था। आर्यन के गंगा में डूबने की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। पिता अनुज यादव ने बताया कि सुबह लगभग 10 बजे दोस्तों के साथ गंगा नहाने की बात कह कर वह घर से निकला था। शुक्रवार को बच्चे की खोज में जुटे गोताखोर।

### सीओ ने रैयतों की समस्याएं सुन निष्पादन का दिया आश्वासन

**जमालपुर**। जमालपुर अंचल कार्यालय में शुक्रवार को सीओ विवेक आनंद ने जनता दरबार लगाया। दरबार में विभिन्न पंचायतों से पहुंचे रैयतों की समस्याओं को सुन सीओ ने अधिकांश मामलों का ऑन स्पॉट समाधान करवाया। शेष कुछ मामलों में संबंधित राजस्वकर्मियों को निर्देश दिया कि रैयतों की समस्याओं का हर हाल में समय पर निष्पादन करें। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीओ ने बताया कि रैयतों को जमीन संबंधित मामले में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसको लेकर शनिवार के अलावे शुक्रवार को भी अंचल कार्यालय में जनता दरबार लगाया जा रहा है। रैयतों को कहा गया है कि किसी भी तरह की जमीन से जुड़े समस्याओं में सीधे हमसे संपर्क करें। हर हाल में समस्या का समाधान करवाया जाएगा। इस दौरान सीओ ने राजस्वकर्मियों को भी अपने अपने उत्तरदायित्व को समझने तथा आम जनता की समस्या का ससमय समाधान करने का निर्देश दिया।

### राशनकार्ड लाभुकों को ई-वेरिफिकेशन करवाने में छूट रहा पसीना, तीन-तीन बार हो रहे कतारबद्ध

**धरहरा**। विभाग के आदेश पर सभी राशनकार्ड लाभार्थियों का ई-वेरिफिकेशन किया जा रहा है। जिससे राशनकार्ड से मृत लाभार्थियों के नाम को हटाया जा सके। इधर जिन राशनकार्ड धारियों का ई-वेरिफिकेशन नहीं होगा, वैसे लाभार्थियों को तत्काल सरकार द्वारा प्रदत्त अनाज से वंचित रहना पड़ेगा। विभाग की इन शर्तों के बाद राशन धारक जल्द से जल्द अपना ई-वेरिफिकेशन करवाने की होड़ में लगे हुए हैं। जिसके कारण लाभार्थियों को काफी फजीहत हो रही है। इस भीषण गर्मी में एक तरफ जहां जनवितरण प्रणाली की दुकान पर लाभुकों की लम्बी कतार देखी जा रही है, तो दूसरी ओर आधारकार्ड अपडेट करवाने के लिए आधार सेवा केन्द्र पर भी राशनकार्ड वाले लाभुकों को पसीना बहाना पड़ रहा है। बताया जाता है 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का ई-वेरिफिकेशन जनवितरण प्रणाली की दुकान पर करवाने के दौरान उनका थंब का बायोमेट्रिक नहीं ले रहा है। जिसके कारण वैसे लाभार्थी को आधार सेवा केन्द्र पर जाकर आधार अपडेट करवाने की सलाह दी जा रही है। नतीजतन एक लाभुक को तीन-तीन बार लम्बी कतार में खड़ा रहकर ई-वेरिफिकेशन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। ई-वेरिफिकेशन 30 जून तक करने का समय 30 जून तक प्रखंड के सभी राशनकार्ड लाभुकों का ई-वेरिफिकेशन करने का लक्ष्य रखा गया है। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का जनवितरण प्रणाली के दुकान पर ई-वेरिफिकेशन के दौरान उनका बायोमेट्रिक नहीं लेने से आधार सेवा केन्द्र पर सुधार के लिए लाभुकों को जाना पड़ रहा है। अगर कोई लाभुक विशेष परिस्थिति में ई-वेरिफिकेशन करवाने से वंचित रह जाते हैं, तो जनवितरण प्रणाली दुकान पर लाभुकों की भीड़ कम होने पर छूटे हुए लाभुकों को चिह्नित कर उनका भी ई-वेरिफिकेशन करवाया जाएगा। - दिग्विजय सिंह, प्रखंड खाद्यान्न आपूर्ति पदाधिकारी

### चुनाव जीतने के बाद पहली बार शहर में पहुंचे खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा का भव्य स्वागत



**भागलपुर**। खगड़िया के नवनिर्वाचित सांसद राजेश वर्मा शुक्रवार को दिल्ली से भागलपुर पहुंचे। चुनाव जीतने के बाद पहली बार शहर पहुंचे राजेश वर्मा का कार्यकर्ताओं और शहरवासियों ने भव्य स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए। जीरोमाइल चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र से सम्मानित किया। सांसद ने विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। घर पहुंचते ही सबसे पहले अपनी मां का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद मां का आशीर्वाद लेने आया हूं। खगड़िया से किया गया एक-एक वादा निभाऊंगा। सबरंग मॉल में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सांसद पर फूल की बारिश की गई। इस मौके पर किशोर घोष ने कहा कि राजेश वर्मा का खगड़िया से निर्वाचित होना शहर के लिए गर्व की बात है। स्वागत के मौक पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, टुनटुन साह, विजय यादव, चंदन कर्ण, रोशन राय, श्रवण बाजोरिया, संजय सिंह, शरद सलारपुरिया, लक्ष्मीनारायण डोकानिया, दिलीप जायसवाल, रमंजय साह, रविन्द सिंह, महेश, प्राणिक वाजपेयी, आलोक सिंह बंटू, मनीष दास, पिंकी बागोरिया, दीपक घोष, अभिनंदन यादव, मोंटी जोशी, दयानंद जायसवाल, प्रकाश साह, प्रवीण मौजूद रहे। मां से आशीर्वाद लेते सांसद राजेश वर्मा। सांसद राजेश वर्मा का स्वागत करते शहरवासी।

### हर माह 90 लाख रु. के बालू की ढुलाई, आधी कमाई पुलिस की जेब में

**भागलपुर**। बालू माफियाओं पर लगाम लगाने के नए-नए उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन माफिया भी इसका तोड़ निकाल लेते हैं। साथ ही पासिंग गिरोह भी हर जगह सक्रिय हैं। नदी से अवैध खनन कर ट्रैक्टर से बालू की ढुलाई करने में पकड़ाने का खतरा ज्यादा रहता है। इससे बचने के लिए अब माफियाओं ने नई तरकीब निकाल ली है। अब ट्रैक्टर की जगह जुगाड़ गाड़ी से बालू की अवैध ढुलाई की जा रही है। क्योंकि इसे चलाने के लिए लाइसेंस की जरूरत भी नहीं पड़ती है। वैसे तो यह चलाना प्रतिबंधित है। इसके बाद भी खुलेआम चलाया जा रहा है। इसमें माफिया के साथ स्थानीय पुलिस की भी मिलीभगत है। भास्कर की टीम ने जुगाड़ चालक से बात की तो चौंकानेवाले सच सामने आए। रोज अमरपुर के पास अंधरी नदी से बालू का अवैध खनन कर जुगाड़ गाड़ी से बालू की ढुलाई हो रही है। पांच थानों-अमरपुर, सजौर, कजरैली, बाइपास और हबीबपुर के आगे से ये गाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं करती है। जुगाड़ गाड़ी चालक के मुताबिक, सभी थानों का रेट तय है। किसी को 300 तो किसी को 500 रुपए देते हैं। ऐसे में आकलन के मुताबिक हर माह 90 लाख रुपए के बालू की अवैध रूप से ढुलाई की जा रही है। इसका आधा हिस्सा पुलिस की जेब में जा रहा है। हबीबपुर थाने के सामने से गुजरती बालू लदी जुगाड़ गाड़ी। पुलिस ने उसे नहीं टोका। एक जुगाड़ गाड़ी पर औसतन 30 बोरी बालू लोड होता है। एक बोरी का बाजार में 100 रुपए दाम मिलता है। यानी, एक जुगाड़ गाड़ी से 3 हजार रुपए के बालू की अवैध ढुलाई होती है। हर रोज 100 से अधिक जुगाड़ गाड़ी से बालू की अवैध ढुलाई हो रही है।

# मुंगेर में बच्चों की लड़ाई में महिला की पीट-पीटकर हत्या, मां के शव से लिपटकर रोते दिखे मासूम

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर में बच्चों की लड़ाई में एक महिला की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मामला वासुदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहली पंचायत का है, जहां गली से साइकिल हटाने को लेकर शुरू हुए विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू हो गई। मृतका की पहचान शेरपुर मोहल्ला निवासी बंटी सिंह की पत्नी पिंकी देवी (34) के रूप में हुई। इस मारपीट में 5 लोग घायल हुए हैं, जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात बंटी कुमार के बेटे गौरव कुमार (15) और संजीत यादव के बेटे टिंकू कुमार के बीच साइकिल को लेकर लड़ाई हुई। जिसके बाद टिंकू ने अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। सभी ने गौरव के घर में घुसकर लाठी-डंडे और रॉड से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान गौरव की मां की मौत हो गई। सदर अस्पताल में बच्चे मां के शव से लिपट कर रोते दिखे। दूसरी ओर दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग सदर अस्पताल पहुंचे, जिसे देख जख्मी के स्वजनों ने अस्पताल परिसर में ही उनलोगों की पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही वासुदेवपुर पुलिस अस्पताल पहुंची और दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।


**साइकिल को लेकर हुई थी लड़ाईः** घटना को लेकर मृतका के पति बंटी कुमार ने बताया कि मेरा बेटा गौरव कुमार पानी लाने जा रहा था। रास्ते में संजीत के बेटे की साइकिल थी। उसे हटाने को कहा तो गाली-गलौज करने लगा। इतने में हमलोग वहां पहुंचे और बच्चे को डांटा। इस बीच उसने फोन कर अपने घर से लोगों को बुला लिया। जिसके बाद लूखो यादव, संजीत यादव, गोलू यादव, फंटूश यादव सहित दर्जनों लोग हमारे घर में घुस गए और लाठी और लोहे के रॉड से उसके परिजनों से मारपीट की। इस दौरान मेरी पत्नी की मौत हो गई। वहीं बंटी कुमार, उसके भाई बच्चन देव सिंह, भाई की पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

**♦ साइकिल हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद**



**दो लोगों से हो रही पूछताछ-पुलिसः** वासुदेवपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया मामले में दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के शव को आज रविवार को पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। घायल का सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

## कच्ची कांवरिया पथ पर लगी भीषण आग, मुंगेर में कई पेड़ जलकर हुए राख



**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर-भागलपुर के सीमावर्ती इलाके के असरगंज के एम कॉलेज के समीप गांधी बैलारी स्थित कच्ची कांवरिया पथ पर सूखे पतवार में आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि आस-पास में लगे कई आम के पेड़ चपेट में आ गए। वहीं, आग की लपटे इतनी तेज थी कि आसपास के दुकानदार व ग्रामीणों ने पेड़ के टहनी तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। घटना कि जानकारी मिलते ही बाथ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुटी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सावन की तैयारी को लेकर हम लोग दुकान बना रहे थे, तभी पता चला की गांधी बैलारी कच्ची कांवरिया के पास आग लग गई है। इसके कारण कांवरिया पथ पर लगे कई आम के पेड़ जल गए। आग तेजी से नहीं फैले इसको लेकर हम लोग ने पेड़ की टहनी तोड़कर बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद स्थानीय थाना को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया की एक घंटे बीत जाने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। फिलहाल, दो घंटे के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

# भाव्या योजना से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की सीएस ने की समीक्षा

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना (भाव्या) के अंतर्गत लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं कि शुक्रवार को जूम मीटिंग के माध्यम से प्रखंडवार उपलब्धियों कि समीक्षा की गई। सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा कि अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन मीटिंग में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. फैजान आलम अशरफी, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी शशि कुमार, मेसर्स रोडिक के जिला प्रतिनिधि के सहित सदर अस्पताल और अनुमंडल अस्पताल तारापुर के अस्पताल उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान भाव्या कार्यक्रम के अंतर्गत दिए जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं कि उपलब्धियों पर प्रखंडवार समीक्षा किया गया है। जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यक्रम कि समीक्षा करते



हुए सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा ने भाव्या के सभी मॉड्यूल पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का क्षमतावर्धन करते हुए सभी प्रखंडों में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक दिन सुबह 8ः30 बजे से ओपीडी सेवा शुरू करने और सभी मरीजों का वाइटल जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों का ऑनलाइन कंसलटेशन सुनिश्चित करते हुए आभा आईडी बनाने और उन्हें स्कैन और शेयर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए निर्देश। उन्होंने जिला भर के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिला के सभी अस्पतालों में ओपीडी को पूर्णतः डिजिटलाइजेशन करते हुए पेपर लेश करने पर जोर देने का निर्देश दिया ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके । सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है संसाधन जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) मो. फैजान आलम अशरफी ने बताया कि जिला के सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों में डिजिटल ओपीडी स्वास्थ्य सेवा के लिए डेस्कटॉप, लैपटॉप, मोबाइल टैब के साथ इंटरनेट कनेक्शन कि सुविधा सुलभ करवाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला भर में जिन चिकित्सकों के द्वारा भाव्या कार्यक्रम के सफल संचालन में शिथिलता बरती जा रही है या उनके द्वारा कार्यक्रम में रुचि नहीं लिया जा है उनको समय रहते सुधार नहीं होने पर उचित करवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## गंगा दशहरा को लेकर घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मुंगेर में लाखों की संख्या में पहुंच रहे लोग

**निज संवाददाता। मुंगेर**



गंगा दशहरा को लेकर मुंगेर में आज शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों पर गंगा स्नान करने को लेकर श्रद्धालुओं की पहले सुबह से ही भीड़ जुटी हुई है। लोग सुबह के 5ः00 से ही गंगा स्नान करने के लिए गंगा घाट पर पहुंचे रहे हैं और गंगा स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना करने के अलावा गरीबों को दान कर रहे हैं। जबकि जिला मुख्यालय स्थित शहर के कष्टहरणी गंगा घाट, सोझी घाट, बबुआ घाट, लल्लू पोखर सीढ़ी घाट, भेलवा घाट के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के मय, तौफिर, सीताकुंड डीह घाट, मनियारचक, महेशपुर सहित अन्य गंगा घाटों पर भीड़ लगी हुई है। इधर गंगा दशहरा को लेकर सभी गंगा घाटों पर सुरक्षा को लेकर गोताखोर के द्वारा जाल और बांस- बल्ला के सहारे बेरिकेडिंग कर सुरक्षा घेरा लगा दिया गया है। इसके अलावा सभी गंगा घाट पर मोटर बोट और रायपुर जैकेट के साथ गोताखोर की तैनाती कर दी गई है। जबकि गंगा घाट पर अत्यधिक भीड़ रहने की वजह से उचक्का पर ध्यान रखने के साथ-साथ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है। वही गंगा घाट पर स्नान करने आई शांति देवी, पूनम झा, प्रतिमा देवी, प्रियदर्शनी देवी, सोनी झा, सहित अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि आज गंगा दशहरा का दिन काफी पावन दिन होता है इस दिन स्नान करने का काफी महत्व है। उन्होंने बताया कि उसे दिन गंगा स्नान करने से सभी तरह के पापों से मुक्ति मिलती है लोग शुभ कार्य भी गंगा दशहरा के दिन करते हैं और गंगा स्नान करने के बाद मंदिर में पूजा पाठ कर भगवान से विनती करते हैं।

## भागलपुर में एक साथ मरे दो क्विंटल मछली, 3 आरोपियों पर पोखर में जहर देने का आरोप

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में शनिवार को अचानक एक पोखर में दो क्विंटल मछली मर गई। घटना लोदीपुर थाना क्षेत्र के गोहरिया गांव का है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गोहरिया निवासी कंचन मंडल के बेटे छोटे लाल मंडल द्वारा एक पोखर में मछली पालन करते हैं। 13 जून की रात करीब 11 बजे के करीब गांव के ही चंद्रमा मंडल, तिरंगा मंडल और इंद्रदेव मंडल पोखर में जहर देकर भगा गया। पीड़ित का कहना है कि तीनों आरोपी को भागते देखा है। उसी ने मेरे पोखर में जहर दिया। इसके कारण दो क्विंटल मछली मार कर पोखर किनारे आ गया। अभी मछली छोटी थी। इसलिए इसकी ज्यादा कीमत नहीं थी। घटना में दो लाख से अधिक रुपए का नुकसान हुआ है। मछली अगर साइज का होता तो आंकड़ा करीब 10 लाख के पार होता। इसको लेकर पीड़ित ने तीनों के खिलाफ लोदीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इधर, घटना की जानकारी के बाद स्थल निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार और आरटीआई जागरूकता संगठन भारत के रोजगार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह पहुंचे। संबंधित पदाधिकारी से बात कर उचित मुआवजे



की मांग की। बहरहाल, परिवार काफी डरे सहमे हुए हैं। बता दें कि मछली पालन से ही छोटेलाल मंडल का एकमात्र जीविका साधन था। मामले को लेकर लोदीपुर थाना अध्यक्ष श्यामला कुमार ने कहा कि जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लिखित शिकायत में पीड़ित छोटेलाल मंडल ने पुलिस को बताया कि 13 जून की रात 11 बजे गांव के ही चंद्रमा मंडल, तिरंगा मंडल और इंद्रदेव मंडल ने पोखर में जहर दे दिया था। जिसके कारण करीब 2 लाख रुपए का मछली मर गया। इससे दो लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। शिकायत कर उचित मुआवजे की मांग की है। दोषियों पर कार्रवाई करने का गुहार लगाया है।

# इस बार भारी बारिश के आसार, बाढ़ से पूर्व तैयारी के प्रशासनिक दावे होते रहे हैं फेल

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मौसम वैज्ञानिक ने इस साल मानसून की बेहतर बारिश होने का अनुमान जताया है। अगर भारी बारिश होती है, तो जिले में बाढ़ की स्थिति होना लाजिमी है। हर बार जिला प्रशासन बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर इंतजाम करने के निर्देश जारी कर देते हैं। हालांकि जब बाढ़ की स्थिति होती है, तो सभी तैयारी व पूर्व के दावे टांय-टांय फिस्स साबित हो जाती है। इस बार भी डीएम ने पिछले माह 28 मई को बाढ़ पूर्व रोकथाम और बाढ़ राहत बचाव कार्य को लेकर समाहरणालय में डीएम अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की। बैठक में बाढ़ पूर्व चल रहे कटाव निरोधी कार्य के अलावा बाढ़ पूर्व और बाढ़ के दौरान जिला प्रशासन की ओर से किए जाने वाले कार्यों को लेकर सभी विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बाढ़ पूर्व बचाव से संबंधित सभी तैयारी तय समय



में सुनिश्चित कर लें। ताकि बाढ़ के दौरान किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो। जहां कटाव की समस्या है, वहां बाढ़ पूर्व कटाव निरोधी कार्य तय समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बाढ़ पूर्व रोकथाम और बचाव कार्य की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों को दी गई, उसे पूर्ण कर लेंगे। वर्तमान में मुंगेर जिले में 96 परिचालन योग्य नाव और एसडीआरएफ के पास 6 मोटरबोट के अलावा 6 ओबीएम उपलब्ध है। वहीं मुंगेर जिला में 28,000 पॉलीथिन शीट्स एवं 195 लाइव जैकेट उपलब्ध है। खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिए निविदा की कार्रवाई जिला क्रय समिति के समक्ष संपन्न कर ली गई है। इसके अलावा राहत स्थल शिविर के लिए कीट और बर्तन को लेकर निविदा प्रक्रिया 21 जून को होगी। वहीं पॉलीथिन शीट्स का टेंडर प्रक्रिया शनिवार यानी 15 जून को किया जाएगा। संभावित बाढ़-2024 की पूर्व तैयारी को लेकर मुख्य रूप से संभावित बाढ़ से पूर्ण प्रभावित व आंशिक रूप से पंचायत की सूची, तटबंधों की सुरक्षा, सूचना व्यवस्था, नाव की व्यवस्था, खाद्य सामाग्री, पॉलीथिन शीट्स, बाढ़ आश्रय स्थल, बाढ़ शरण स्थल, सामुदायिक रसोई, मानव दवा की व्यवस्था, पशुचारा एवं पशु दवा की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, जेनरेटर सेट, महाजाल की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मती, लाइव जैकेट, मोटर वोट, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र-सह-जिला नियंत्रण कक्ष, गोताखोरों का प्रशिक्षण, समुदाय का प्रशिक्षण, राहत एवं बचाव दल का गठन, बाढ़ प्रभावित परिवारों की सूची का अद्यतनीकरण करने का कहा गया है। 68 जगहों पर बाढ़ राहत शिविर चलाया जाएगा जिले के बाढ़ प्रभावित एरिया में कुल 68 जगहों पर बाढ़ राहत शिविर चलाने के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि 55 जगहों पर सामुदायिक रसोई सेंटर चलाए जाने की योजना है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित सभी 6 प्रखंडों में बाढ़ राहत को लेकर कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा, जहां हर प्रकार की सूचनाएं दी जाएगी। इसके अलावा संपूर्ति पोर्टल का अपग्रेडेशन भी सीओ स्तर से कराया जा रहा है। पिछले साल बाढ़ में डूबने से 11 लोगों की मौत जिला आपदा पदाधिकारी ने बताया कि 2021 के बाढ़ में डूबने से कुल 11 लोगों की मौत हो गई थी। सभी मृतक के परिवार को सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपए का क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध करायी गई थी। उन्होंने बताया कि बरियारपुर प्रखंड में 5 लोगों की डूबने से मौत हो गई थी। इसी प्रकार सदर मुंगेर में 3, जमालपुर में एक, खड़गपुर में एक और धरहरा में एक व्यक्ति की मौत बाढ़ के दौरान डूबने से हो गई थी।

# 3-4 दिन रहेगी झुलसाने वाली गर्मी; पटना समेत 9 जिलों में लू का कहर



**पटना, एजेंसी।** बिहार समेत कई राज्यों में चमरी जलाने वाली भीषण गर्मी का सितम जारी है। बिहार पूरी तरह हीटवेव की चपेट में है। मानसून के आने की तारीख भी आगे बढ़ती जा रही है। ऐसे में आगले तीन से चार दिनों तक राज्य वासियों को गर्मी के कहर से निजात मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पटना सहित प्रदेश के नौ जिले रविवार को लू की चपेट में रहेंगे। लेकिन अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। वहीं नौ जिलों में गरज और चमक के साथ तेज हवा चलेगी। मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि पटना, जहानाबाद, नालंदा, गया, शेखपुरा, जमुई, सारण, सिवान, नवादा में लू चलने की संभावना है। वहीं पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णिया जिले के एक या दो स्थानों पर गरज व चमक के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। आम जनों से सावधान रहने की अपील की गयी है। खासकर गर्मी से बचने के लिए बिना कारण घर से नहीं नकलने की सलाह दी गयी है। बाहर निकलना पड़े तो पानी पीकर निकलें और तेज धूप से बचाव के लिए जरूरी एहतियाती उपाय करके निकलें।

### 20 जून को मानसून पहुंचने के आसार

बिहार वासियों को मानसून का अभी चार दिन और इंतजार करना पड़ेगा। शुक्रवार को पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश में 17-18 जून को मानसून के दस्तक देने की संभावना जताई थी। लेकिन शनिवार को मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि बिहार में अब मानसून 20 जून को पहुंचेगा। मानसून उत्तर-पूर्व भाग से राज्य में प्रवेश करेगा। 19 जून की शाम से बादल छाने लगेंगे। वहीं, 20 जून से सूबे के ज्यादातर हिस्सों में गरज, चमक व तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश होगी। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। फिलहाल दो-तीन दिनों तक दक्षिण बिहार के लोगों को भीषण गर्मी का कहर झेलना होगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4-5 दिनों के दौरान पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों और बिहार के उत्तर-पूर्व हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं।

शनिवार को पटना, गया, छपरा, डेहरी, शेखपुरा, जमुई, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, नवादा, नालंदा, अरवल, बिक्रमगंज भीषण गर्मी और गोपालगंज, मुंगेर लू की चपेट में रहा। प्रदेश का सबसे गर्म जिला 46 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर रहा। राजधानी का अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो अधिकतम तापमान सामान्य से 6.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पटना के अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी भी दर्ज की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### गोलीबारी मामले में एफआईआर दर्ज, अस्पताल के बाहर अपराधियों ने मारी थी गोली



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के पीरो थाना के पीरो बाजार स्थित निजी अस्पताल के बाहर बुलाकर प्रीतम कुमार नामक युवक को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। तरारी के सेदहां गांव निवासी घायल प्रीतम के बयान पर पीरो थाना में प्राथमिकी हुई। जिसमें सेदहां गांव निवासी गुड्डू सिंह, शुभम कुमार, जय कुमार, भोली सिंह और अनीश सिंह को नामजद आरोपित किया गया है। घायल ने प्राथमिकी में कहा है कि वे 14 जून को अपनी दादी का इलाज कराने पीरो आए थे। इसी दौरान सुबह साढ़े दस बजे गुड्डू सिंह ने फोन कर अस्पताल के बाहर बुलाया। जब वे अस्पताल के बाहरे आए तो बाइक सवार चार अन्य आरोपित भी अज्ञात तत्वों के साथ खड़े थे। इस दौरान जय कुमार और शुभम कुमार ने फायरिंग कर दी। गोली बाएं सीने में लग गई और वे घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद यह धमकी देकर फरार हो गए कि इस बार तुम्हारा नंबर था और अगली बार तुम्हारे परिवार का है। घायल के अनुसार साल 2023 के नवंबर माह में उन्होंने केस किया था जिसे लेकर विवाद चला आ रहा है। वहीं घटना को लेकर जख्मी प्रीतम कुमार ने बताया कि उसकी दादी का पैर फ्रैक्चर हो गया था। जिसका इलाज कराने के लिए अपने फुफेरा भाई के साथ बनारस हॉस्पिटल आए थे। इसी दौरान पांच से छह की संख्या में बाइक से आए अपराधियों ने बुलाया और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। अपनी जान बचाकर भागने के दौरान एक गोली बाय साइड पेट के पास लग गई। गोली मारने के बाद अपराधी घटनास्थल से आसानी से फरार हो गए। प्रीतम के रिश्तेदारों ने बताया कि प्रीतम अभी पढ़ाई और जॉब की तैयारी करता है।

### जमुई में स्टेशन पर ही महिला यात्रियों के सहयोग से कराई डिलीवरी, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ



**जमुई, एजेंसी।** जमुई के झाझा स्टेशन पर आरपीएफ पुलिस ने महिला रेलयात्रियों की मदद से मानवता का परिचय देते हुए ट्रेन में यात्रा करने के दौरान एक महिला प्रसुता को झाझा प्लेटफार्म पर ही डिलेवरी करवाया गया। उसके बाद महिला को इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह से स्वस्थ है। जानकारी के अनुसार जमुई के सोनो प्रखंड के के शोफरका गांव के निवासी बाटों मांझी जो कानपुर मे रहकर ईंट भट्ठा में काम करता था। जो शनिवार को अपनी गर्भवती पत्नी रेखा देवी और दो बच्चे के साथ काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेन से झाझा लौट रहा था। ट्रेन जमुई जिले के गिद्धौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही रेखा देवी के पेट में अचानक तेज दर्द होने लगा। पति ने यात्रियों की मदद से किसी तरह झाझा स्टेशन तक पहुंच कर डयूटी पर तैनात आरपीएफ के जवानों से मदद की गुहार लगाई। आरपीएफ ने बिना देर किए इस मामले के जानकारी रेलवे डॉक्टर को दिया। इधर डॉक्टर के पहुंचने से पहले ही महिला ने झाझा स्टेशन पर ही एक बच्ची को जन्म दे दिया। महिला के डेलिवरी में स्टेशन पर मौजूद अन्य महिला यात्रियों ने सहयोग किया। झाझा आरपीएफ के द्वारा जच्चा बच्चा को इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा नवजात बच्ची और उसकी मां को जीवन सुरक्षा से जुड़ी टीका लगाया गया। वही महिला के पति बाटों मांझी ने बताया कि आरपीएफ की मदद से मेरी पत्नी और बच्ची सुरक्षित है।

**वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई**

# हथियार के साथ दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

### दोनों किसी घटना को अंजाम देने वाले थे



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर पुलिस आपराधिक घटनाओं के लेकर सक्रियता से वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस सख्ती से वाहन जांच कर रही है। इस कर्म में पानापुर करीयात थाना की पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान देवी चौक नारायणपुर के समीप प्रशांत कुमार समेत दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास पुलिस ने देसी कट्टा, कारतूस, चाकू और अन्य सामग्री बरामद हुए है। ये किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले थे। पुलिस इनके आपराधिक घटनाओं का इतिहास खंगाल रही है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अनिल कुमार के पुत्र प्रशांत कुमार कांटी थाना के साइन गांव और मनोज कुमार के पुत्र सोनू कुमार थाना जैतपुर के कोलवारा गांव के रूप में हुई है।

### आपराधिक इतिहास का पता लगा रही पुलिस

पानापुर करीयात थाना प्रभारी ने बताया की वाहन चेकिंग के क्रम में देवी चौक नारायणपुर के पास से दो अपराधियों प्रशांत कुमार और सोनू कुमार को अवैध हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पानापुर करियात थाना कांड सं0 - 53 /24 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# तिलका मांझी भागलपुर यूनिवर्सिटी में आम के लिए भिड़ गई दो महिला प्रोफेसर

### डीएसडब्ल्यू ने लिया ऐक्शन



**भागलपुर , एजेंसी।** बिहार के भागलपुर का जर्दालू आम पूरी दुनिया में मशहूर है। भारत सरकार की ओर से इसे जीआई टैग भी दे दिया है। हर साल राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भागलपुर से आम भेजा जाता है। इसे फलों का राजा भी कहा जाता है। लेकिन इस बार आम को लेकर भागलपुर से जो खबर आई है वह काफी हैरान करने वाली है। मामला एक आम के पेड़ के लिए दो महिला अधीक्षक सह असिस्टेंट प्रोफेसर के बीच आमने-सामने लड़ाई का है। महिला प्रोफेसर की यह हरकत विश्वविद्यालय परिसर समेत पूरे भागलपुर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

दरअसल, टीएमबीयू के लालबाग स्थिति गर्ल्स हॉस्टल परिसर में आम के पेड़ पर हर वर्ष आम फलता है। पेड़ से आम तुड़वाने के लिए वार्डेन और डीएसडब्ल्यू से आदेश लेना था, लेकिन हॉस्टल-4 की अधीक्षक सिमरन भारती और हॉस्टल नंबर-5 की अधीक्षक डॉ. शोभा कुमारी ने आम तुड़वा लिया। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद की स्थिति हो गई। शुक्रवार को अधीक्षक डॉ. शोभा कुमारी आम तुड़वा रही थीं। इसकी जानकारी होने पर डीएसडब्ल्यू ने वार्डेन इंदु कुमारी को इस मामले में निर्देश दिया। वार्डेन ने तोड़ा गया आम जब्त कर लिया। जानकारी डीएसडब्ल्यू को दे दी। इस मामले में शनिवार को दोनों अधीक्षक और वार्डन को डीएसडब्ल्यू कार्यालय तलब किया गया। उन्होंने दोनों से जानकारी ली। इस पर डॉ. शोभा ने कहा कि सिमरन भारती ने पहले आम तुड़वाया। इसके बाद उन्होंने भी हॉस्टल स्टाफ से आम तुड़वाया। इस बात पर डीएसडब्ल्यू कहा कि इस तरह का कृत्य अधीक्षक के रूप में शोभा नहीं देता है। उन्होंने दोनों अधीक्षकों को चेतावनी देते हुए दोबारा बिना अनुमति इस तरह के कार्य न करने की हिदायत दी। इस पर दोनों अधीक्षकों ने डीएसडब्ल्यू से कहा है कि भविष्य में दोबारा गलती नहीं होगी। इस संबंध में वार्डेन को निर्देश दिया कि वे जब्त आमों को अपने स्तर से बंटवा दें। डीएसडब्ल्यू ने कहा कि आम तोड़ने के मामले को लेकर दोनों महिला अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उन्होंने किस परिस्थिति और किसके आदेश से ऐसा किया है, पूछा जाएगा। इसके लिए वार्डेन को जरूरी निर्देश दिया गया है। तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय परिसर की यह घटना लोगों के हास परिहास का विषय बना हुआ है।

# टल गया बड़ा रेल हादसा; मुजफ्फरपुर जंक्शन पर दो भागों में बंट गई मालगाड़ी



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में शनिवार को बड़ा रेल हादसा टल गया। दरअसल समस्तीपुर के नरहन जा रही मालगाड़ी का कपलिंग शनिवार की शाम करीब साढ़े चार बजे मुजफ्फरपुर जंक्शन के लाइन नंबर दो पर खुल गया। इससे मालगाड़ी दो हिस्से में बंट गई। यह देखकर मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अफरातफरी मच गयी। इसकी सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह, सीडीओ राजीव कुमार और कैरेज विभाग के कर्मी पहुंचे। कपलिंग खुले होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। करीब 10 मिनट में कपलिंग को जोड़कर मालगाड़ी रवाना कर दिया गया।

उससे पहले रेलवे के अधिकारियों और कर्मी काफी सीरियस और व्यस्त दिखे। इससे पूर्व रेलकर्मियों को कपलिंग टूटने की सूचना मिली थी। हालांकि, कपलिंग टूटा नहीं था, उसका हुक निकल गया था। मालगाड़ी पर सीमेंट लदा था। गोरखपुर से आ रही मालगाड़ी समस्तीपुर के नरहन जा रही थी। मुजफ्फरपुर जंक्शन पर सिग्नल क्लीयरेंस के लिए लाइन नंबर दो पर रुकी थी। सिग्नल मिलने पर पायलट ने गाड़ी को जैसे ही आगे की ओर बढ़ाया कि यह हादसा पेश आया।

**गाड़ी आगे बढ़ाते हुई जोरदार आवाज :** घटना को लेकर बताया गया कि सिग्नल मिलने पर जैसे ही लोको पायलट ने मालगाड़ी को नारायणपुर अनंत की ओर बढ़ाया, जोरदार आवाज हुई। मालगाड़ी दो मीटर तक बढ़कर रुक गयी। क्योंकि ट्रेन के दो भागों में बंट जाने से ऑटोमेटिक वैक्यूम हो गया। लोको पायलट ने इसकी जानकारी गुड्स मैनेजर को दी, फिर कंट्रोल को सूचना दी गई। इधर, जोरदार आवाज सुन स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। आवाज सुनकर प्रबंधक समेत अन्य अधिकारी भी सोच में पड़ गए और जल्दीबाजी में मौके पर पहुंचे। सीडीओ और कैरेज विभाग को जानकारी दी। इधर इस मामले में ऑपरेटिंग विभाग के पदाधिकारी ने कपलिंग खुलने की जानकारी दी है। पदाधिकारियों ने कपलिंग टूटने की बात को गलत ठहराया। जानकारी हो कि अगर यह परिचालन के दौरान होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसा टल जाने पर सबने राहत की सांस ली।

## बकरीद : जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट

**हाजीपुर, एजेंसी।** जिला प्रशासन ने बकरीद को लेकर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। पूरी सतर्कता बरती जा रही है। शनिवार को समाहरणालय स्थित जिला परिषद कार्यालय सभागार में सभी अनुमंडलों और प्रखंडों की शांति समितियों के साथ संयुक्त रूप से जिला शांति समिति की बैठक हुई। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में बकरीद शांति पूर्वक, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न करने की लोगों से अपील की गई। पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने समिति के सदस्यों से कहा कि पर्व के अवसर पर हमें एक-दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखना है। यह कुर्बानी का त्योहार है। जिसे हमें मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है। शांति समिति के सदस्य भी इसमें सक्रिय सहयोग करें। उन्होनें कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी। भ्रामक तथा अफवाह आधारित खबर फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि यदि उनके पास कोई गोपनीय सूचना प्राप्त होती है, तो तुरंत वॉट्सअप पर मैसेज करें। आधे घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी।

**गंगा दशहरा को लेकर प्रशासन सतर्क :** पुलिस अधिक्षक ने कहा कि कल गंगा दशहरा भी है। इसको लेकर अर्लट रहना है। सभी महत्वपूर्ण प्वाईंट पर दण्डाधिकारी और पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता विनोद कुमार सिंह ने सभी को बकरीद पर्व की शांतिपूर्ण सोहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। उन्होंने पेयजल के लिए चौक-चौराहों पर प्याऊ लगाने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली की आपूर्ति की जाए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में डीडीसी, सभी एसडीएम,सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# ड्रैगन फ्रूट से बिहार के किसानों की खुलेगी किस्मत, नीतीश सरकार दे रही 40 फीसदी सब्सिडी



### 21 जिलों का चयन

**पटना, एजेंसी।** किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए बिहार सरकार तत्पर है। इस मकसद से बने चौथे कृषि रोड मैप में विदेशी फल ड्रैगन फ्रूट को शामिल किया गया है। ड्रैगन फ्रूट उगाने के लिए सूबे के 21 जिलों की मिट्टी को अनुकूल पाते हुए इसका क्षेत्र विस्तार करने का निर्णय हुआ है। नीतीश सरकार ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए भारी भड़कम सब्सिडी भी दे रही है। सब्सिडी का भगतान तीन चरणों में फसल के स्टेज के आधार पर किया जाएगा।

किसानों को ड्रैगन फ्रूट की खेती पर सरकार ने 40 फीसदी अनुदान देने का निर्णय लेते हुए राशि भी जारी कर दी है। इसकी खेती के लिए बनने वाली एक इकाई पर किसानों को लगभग साढ़े सात लाख रुपये का खर्च आता है। कृषि विभाग के संयुक्त सचिव मनोज कुमार ने इस योजना के लिए राशि जारी करने का आदेश दे दिया है।

**इन जिलों का किया गया चयन :** ड्रैगन फ्रूट योजना के लिए राज्य के 21 जिलों का चयन किया गया है। कहा गया है कि वहां की मिट्टी और वायुमंडलीय स्थितियां उनमें मुजफ्फरपुर, पटना, भोजपुर, गोपालगंज, जहानाबाद, सारण, सीवान, सुपौल, औरंगाबाद, बेगूसराय, भागलपुर, गया, कटिहार, किशनगंज, मुंगेर, नालंदा, पश्चिम व पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, समस्तीपुर और वैशाली जिले को शामिल किया गया है। तीन किस्तों में अनुदानः किसानों को ड्रैगन फ्रूट की खेती पर तीन किस्तों में अनुदान दिया जाएगा। अनुदान की पहली किस्त 60 फीसदी राशि यानी 1.80 लाख रुपये प्रति किसान प्रति हेक्टेयर दी जाएगी। दूसरी किस्त अगले वर्ष कुल अनुदान का 20 फीसदी यानी 60 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर 75 फीसदी पौधे के जीवित रहने पर मिलेगी। वहीं अंतिम किस्त यानी शेष 20 फीसदी राशि उसके अगले से 90 फीसदी पौधों के जीवित रहने पर दी जाएगी। ड्रैगन फ्रूट गुलाबी या लाल रंग का होता है और इसका अंदरूनी भाग सफेद होता है। इसका गूदा काफी रसदार और हल्का मीठा होता है। इस फल में भरपूर मात्रा में विटामिन सी, बी, कैल्शियम, फास्फोरस और मैग्निशियम पाए जाते हैं। यह एंटी ऑक्सीडेंट का काम करता है। फाइबर की मात्रा अधिक होने के बावजूद यह लो कैलोरी फल है, जो वजन घटाने में मदद करता है। ड्रैगन फ्रूट की बाजार में कीमत एक सौ से चार सौ रुपये किलो तक होती है, जबकि इसे उगाने में किसानों का खर्च प्रति क्विंटल बेहद कम आता है। इसका एक पौधा 15 से 20 साल तक फल देने में सक्षम होता है, हालांकि यह मौसम और उसके रख-रखाव पर निर्भर करता है।



# 17 जून को मनाया जाएगा कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा

जून का महीना मुस्लिम समुदाय के लिए कुर्बानी का महीना माना जाता है. इसे बकरीद भी कहते हैं. इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, बकरीद यानी ईद-उल-अजहा जिलहिज्जा के 12वें यानी आखिरी महीने का चांद दिखने के 10वें दिन मनाई जाती है. जो इस बार 17 जून को मनाई जाएगी. इस दिन बड़ी ईदगाह में सुबह 7.45 पर ईद की नमाज अदा की जाएगी. ईद की नमाज अदा करने के बाद सभी मुस्लिम भाई एक-दूसरे के गले मिलेंगे और ईद की मुबारकबाद देंगे.


### ईद-उल-अजहा का महत्व

ईद-उल-अज़हा पैगम्बर इब्राहिम की अल्लाह पर विश्वास की याद में मनाया जाता है. इस दिन अल्लाह ने इब्राहिम को अपने बेटे की कुर्बानी देने का आदेश दिया था. इब्राहिम ने अल्लाह की आज्ञा का पालन किया और चेहरे पर किसी भी तरह की चिंता के बिना कुर्बानी देने के लिए आगे बढ़ चला. यह देखकर अल्लाह बहुत खुश हुए. उन्होंने इब्राहिम को अपने जान से भी प्यारे बेटे की कुर्बानी से रोकते हुए उन्हें एक भेड़ की कुर्बानी देने का आदेश दिया. जिसके बाद से अपनी सबसे खास चीज की कुर्बानी देने का रिवाज बन गया. माना जाता है कि इससे अल्लाह के प्रति और भी एतबार कायम होता है.

### ईद-उल-अजहा कैसे मनाया जाता है



ईद-उल-अजहा के दिन, मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह जल्दी उठकर नहाते हैं और नए कपड़े पहनते हैं. फिर वे ईद की नमाज़ पढ़ने के लिए ईदगाह या मस्जिद जाते हैं. नमाज़ के बाद, भेड़ या बकरे की कुर्बानी दी जाती है. कुर्बानी का मांस तीन भागों में बांटा जाता है- एक भाग गरीबों और जरूरतमंदों में बांटा जाता है, दूसरा रिश्तेदारों और दोस्तों को दिया जाता है, और तीसरा परिवार के लिए रखा जाता है. अपनों में प्यार बांटने का है ये त्योहार जाहिर है इस दिन का मुस्लिम समदाय में बेसब्री के साथ इतजार किया जाता है. ईद-उल-अजहा के दिन सभी, रिश्तेदारों से मिलने, दावत खाने और एक-दूसरे को उपहार देने का भी होता है. बच्चे नए कपड़े पहनकर और ईदी (ईद की राशि) लेकर बहुत खुश होते हैं.




# ईद-उल-अजहा क्यों माना गया है खास?

**हर साल भारत में अलग- अलग त्योहार मनाएं जाते हैं। त्योहार हमारे जीवन का अनमोल हिस्सा है ये हमारे जीवन को खुशियों , अभिलाषाओं और उमंग से भर देते है। भारत एक सांस्कृतिक देश है जहाँ अनेक धर्मो के लोग रहते हैं । हर धर्म के त्यौहारों को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता हैं। चाहे हिन्दुओं की दिवाली हो , सिखों की लोहड़ी, ईसाइयों का क्रिसमस हो या मुसलमानों की ईद। जैसा ईद को ईद-उल-अजहा या ईद-उल-जुहा भी कहा जाता है। दुनिया भर में उत्साह के साथ मनाया जाता है।**

### ईद उल जुहा क्या है?

ईद उल जुहा जिसे हम कुर्बानी ईद भी कहते है ये रमजान या ईद उल फितर या मीठी ईद के 70 दिनों के बाद मनाई जाती है। ईद की तारीख चाँद दिखाने के बाद की मुकरर की जाती है । ये इस्लाम का एक महत्वपूर्ण त्योहार है जिसका जिक्र कुरान में भी है।

### कब मनाया जाएगा

भारत में बकरीद 17 जून 2024 को मनाया जाएगा। लेकिन ये संभावित तारीख है। ईद उल जुहा का चांद दिखने के बाद ही इसकी तारीख का ऐलान होगा। इसलिए बकरीद की तारीख एक दिन आगे या पीछे हो सकती है। ईद उल अजहा इस्लामी कैलेंडर का 12वां और आखिरी महीना होता है।

### क्यों मनाई जाती है ईद उल जुहा

मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार पैगंबर हजरत इब्राहिम के सपने में अल्लाह ने उनकी सबसे प्यारी चीज की कुर्बानी मांगी थी । वो अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे उनके लिए धर्म संकट की परिस्तिथिति पैदा हो गयी। एक तरफ अल्लाह का फरमान दूसरी तरफ उनका लख्ते जिगर बेटा। उन्होंने अपनी भावनाओं को परे रखते हुए अल्लाह के फरमान का पालन करने की बात मान और बेटे की कुर्बानी देने का फैसला किया। पैगंबर हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे को गले लगाया और बेटे ने गर्दन झुकाई जैसे ही इब्राहिम ने गर्दन पर छुरी फेरी अल्लाह ने इस्माइल को हटा कर बकरे को को रख दिया।

### किसकी कुर्बानी दी जाती है?

ईद उल जुहा ईद के दिन बकरा, भेड़, ऊट इनमें से किसी की भी कुर्बानी देनी पड़ती है। अगर किसी जानवर के शरीर का कोई टूटता तो उसकी कुर्बानी नहीं दी जाती है। ईद उल जुहा के दिन कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा जाता है। एक खुद के लिए, दूसरा सगे-संबंधियों के लिए और तीसरे हिस्से को गरीब लोगों में बांटने का रिवाज है। पहले अपना कर्ज उतारें, फिर हज पर जाएं। तब बकरीद मनाएं। इसका मतलब यह है कि इस्लाम व्यक्ति को अपने परिवार, अपने समाज की पूरी जिम्मेदारी निभाने पर जोर देता है।

### ईद उल जुहा और ईद उल फितर में अंतर

ईद उल जुहा और ईद-उल-फितर में फर्क इतना है कि ईद-उल-फितर खुशी के तौर पर देखा जाता है रमजान के तौर पर मनाई जाती है और ईद उल जुहा यानी की बकरीद गरीब और मुस्लिमों के लिए उनके साथ मिलकर मनाई जाती है । कुर्बानी का जो सिधांत है उसका यही मतलब है कि वह गोश्त गरीबों में बाटे ताकि गरीबों को एक वक्त का खाना मिल सके। नमाज अदा करने के बाद वे भेड़ या बकरी की कुर्बानी (बलि) देते हैं और परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों और गरीबों के उसे बाटते है ।


### नमाज

मस्जिद में लोग सूरज उदय होने के बाद नमाज अदा कर सकते है। प्रार्थना और सीख के बाद लोग गले लग कर एक दूसरे को ईद मुबारक बोलते हैं । लोगों को आमंत्रित करते हैंऔर सभी जगह हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिलता है।

### ईद उल जुहा की परंपराएँ

बच्चें ,महिलाएं और पुरुष के खुले मैदान में नमाज अदा करते हैं नमाज अदा करने के लिए नए कपड़ो में तैयार होते हैं। अपने सबसे अच्छे घरेलू पशु जैसे गाये , ऊट , बकरी , भेड़ को पैगंबर हजरत इब्राहिम के बेटे की बलि के प्रतिक के ररूप में मनाया जाता है । महिलाएं पकवान बनाती हैं। सभी एक दूसरे को बाटते हैं, गिफ्ट देते हैं और बच्चों को ईदी भी दी जाती है। सभी यह त्योहार हिजरी के आखिरी महीने जल हिज्ज में मनाया जाता है। इस महीने में दुनिया भर के मुस्लिम हज की यात्रा में जाते हैं। हजरत इब्राहिम के सपने और कुर्बानी की घटना के बाद अपने बेटे और पत्नी हाजरा को मक्का में लाने का निर्णय लिया था। उस समय मक्का सिर्फ एक रेगिस्तान था। हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे और पत्नी को वहां बसाया औड़े। उस समय रेगिस्तान में अपने परिवार को बसाना इब्राहिम के लिए कुर्बानी के समान था।इस्माइल बड़े हुए तो एक काफिला गुजर रहा था उसमें एक लड़की थी। उस लड़की से इस्माइल का विवाह करवा दिया गया। एक वंश की रचना हुई जिसे इश्माइलिट्स, या वनु इस्माइल कहा जाता है। इसी वंश में हजरत मुहम्मद साहब का जन्म हुआ था। सही मायने में ईद उल जुहा (बकरीद) त्योहार त्याग का प्रतीक है मुस्लिमों के मुख्य त्योहारों में से यह त्योहार लोगों की सेवा करने की तरफ प्रभावित करता है।





# इस्लाम धर्म का दूसरा प्रमुख त्योहार है ईद-उल-जुहा


ईद-इल-फित्र के दो तीन महीने बाद ईद-उल-जुहा का त्योहार मनाया जाता है. इस्लाम धर्म का यह दूसरा प्रमुख त्योहार है.इसे बकरीद के नाम से भी जाना जाता है. ईद-उल-जुहा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद के तौर पर मनाया जाता है. इस दिन हजरत इब्राहिम अल्लाह के हुक्म पर अल्लाह के प्रति अपनी वफादारी दिखाने के लिए अपने बेटे हजरत इस्माइल को कुर्बान करने पर राजी हुए थे.इस पर्व का मुख्य लक्ष्य लोगों में जनसेवा और अल्लाह की सेवा के भाव को जगाना है. ईद-उल-जुहा का यह पर्व इस्लाम के पांचवें सिद्धान्त हज की भी पूर्ति करता है. ईद-उल-जुहा को कैसे मनाया जाता है?

- ईद-उल-जुहा के दिन मुसलमान किसी जानवर जैसे बकरा, भेड़, ऊंट आदि की कुर्बानी देते हैं.इस कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा जाता है : एक खुद के लिए, एक सगे-संबंधियों के लिए और एक गरीबों के लिए.
- इस दिन सभी लोग साफ-पाक होकर नए कपड़े पहनकर नमाज पढ़ते हैं.मर्दों को मस्जिद व ईदगाह और औरतों को घरों में ही पढ़ने का हुक्म है. नमाज पढ़कर आने के बाद ही कुर्बानी की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है.
- ईद उल फित्र की तरह ईद उल जुहा में भी जकात देना अनिवार्य होता है ताकि खुशी के इस मौके पर कोई गरीब महरूम ना रह जाए.

कुरआन में बताया गया है कि एक दिन अल्लाह ने हजरत इब्राहिम से सपने में उनकी सबसे प्रिय चीज की कुर्बानी मांगी.हजरत इब्राहिम को सबसे प्रिय अपना बेटा लगता था.उन्होंने अपने बेटे की कुर्बानी देने का निर्णय किया.लेकिन जैसे ही हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे की बलि लेने के लिए उसकी गर्दन पर वार किया, अल्लाह चाकू की धार से हजरत इब्राहिम के पुत्र को बचाकर एक भेड़ की कुर्बानी दिलवा दी.इसी कारण इस पर्व को बकरीद के नाम से भी जाना जाता है.

### विशेष प्रार्थनाओं और अभिवादन करने का त्यौहार

ईद-उल-जुहा (बकर-ईद) अत्यधिक खुशी, विशेष प्रार्थनाओं और अभिवादन करने का त्यौहार है और इस मुसलिम त्यौहार पर उपहार दिए जाते हैं। ईद-उल-जुहा, कुर्बानी का त्यौहार, भारत व विश्व में परंपरागत धर्मोत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसे, अरबी भाषा में ईद-उल-जुहा और भारतीय उप महाद्वीप में उर्दू में बकर-ईद कहा जाता है, क्योंकि इस दिन बकरे की कुर्बानी दी जाती है। इस्लामी विश्वास के अनुसार, इब्राहिम की परीक्षा लेने के लिए अल्लाह ने उसे अपने बेटे की कुर्बानी देने का हुक्म दिया। अतः मक्का के नजदीक मीना के पहाड़ पर इस्माइल को वेदी पर चड़ाने से पहले, उसने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली। जब अपना काम पूरा करने के बाद पट्टी हटाई तो उसने अपने पुत्र को अपने सामने जिन्दा खड़ा हुआ देखा। बेदी पर कटा हुआ मेमना पड़ा हुआ था। इस अवसर पर आनन्दपूर्ण उत्सव व संतुलित धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस त्यौहार के तीन दिनों में से एक दिन, प्रत्येक ऐसे मुसलमान द्वारा जिसके पास 400 ग्राम या इससे अधिक सोना है, बकरा, भेड़ अथवा कोई भी चौपाया पशु कुर्बान किया जाना अपेक्षित है। यह अल्लाह व उसके हुक्म के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। ईद की नमाज के बाद कुर्बानी का गोश्त वितरित किया जाता है व मिलकर खाया जाता है। यह त्यौहार हज (सऊदी अरब के मक्का की धार्मिक यात्रा) के पूरा होने का भी प्रमाण है।




# ईद-उल-अजहा कुर्बानी का फर्ज

इस्लामी साल में दो ईदें मनाई जाती हैं- ईद-उल-जुहा और ईद-उल-फितर.ईद-उल-फितर को मीठी ईद कहते हैं.जबकि ईद-उल-जुहा को बकरीद या फिर इसे बड़ी ईद भी कहा जाता है.वैसे तो हर पर्व त्योहार से जीवन की सुखद यादें जुड़ी होती हैं लेकिन ई-उल-फितर और ईद-उल-जुहा से मुसलमानों यानी इस्लाम धर्म के मानने वालों का खास रिश्ता है.

दुनिया में कोई भी कौम आपको ऐसी नहीं मिलेगी जो कोई एक खास दिन त्योहार के रूप में न मनाती हो.इन त्योहारों से एक तो धर्म का विशेष रूप देखने को मिलता है और अन्य सम्प्रदायों व तबकों के लोगों को उसे समझने और जानने का.इस्लाम का मतलब होता है ईश्वर के समक्ष, मनुष्यों का पूर्ण आत्मसमर्पण और इस आत्मसमर्पण के द्वारा व्यक्ति, समाज तथा मानवजाति की 'शान्ति व सुरक्षा' की उपलब्धि.यह अवस्था आरंभ काल से तथा मानवता के इतिहास हजारों वर्ष के लंबे सफर तक हमेशा से मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता रही है.इस्लाम धर्म में पांच ऐसे अरकान हैं जिन्हें हर मुसलमान को पूरा करना है.हज उनमें से आखिरी फर्ज माना जाता है.मुसलमानों के लिए जिंदगी में एक बार हज करना जरूरी है अगर उसके पास हज पर जाने लायक धन है.हज पूरा होने की खुशी में ईद-उल-जुहा का त्योहार मनाया जाता है.

यह कुर्बानी या बलिदान का त्योहार भी है. इस्लाम में बलिदान का बहुत अधिक महत्व है. कहा गया है कि अपनी सबसे प्यारी चीज अल्लाह की राह में खर्च करो.अल्लाह की राह में खर्च करने का मतलब नेकी और भलाई के कामों में खर्च करना है.यहूदी, ईसाई और इस्लाम तीनों ही धर्म के पैगंबर हजरत इब्राहीम ने कुर्बानी का जो उदाहरण दुनिया के सामने रखा था, उसे आज भी परंपरागत रूप से याद किया जाता है.हजरत मोहम्मद साहब का आदेश है कि कोई व्यक्ति जिस भी परिवार,समाज, शहर या मुल्क में रहने वाला है, उस व्यक्ति का फर्ज है कि वह उस देश, समाज, परिवार की हिफाजत के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार रहे.इसका मतलब यह है कि इस्लाम व्यक्ति को अपने परिवार, अपने समाज के दायित्वों को पूरी तरह निभाने पर जोर देता है.ईद-उल-फितर की तरह ईद-उल-जुहा में भी गरीबों और मजलूमों का खास ख्याल रखा जाता है.इसी मकसद से ईद-दल-जुहा के समान यानी कि कुर्बानी के समान के तीन हिस्से किए जाते हैं. एक हिस्सा खुद के लिए रखा जाता है, बाकी दो हिस्से समाज में जरूरतमंदों में बांटने के लिए होते हैं, जिसे तुरंत बांट दिया जाता है.

ईद-उल-जुहा का इतिहास काफी पुराना है. भारत में भी ईद-उल-जुहा का त्योहार मनाने का रिवाज बहुत पुराना है.मुगल बादशाह जहांगीर अपनी प्रजा के साथ मिलकर ईद-उल-जुहा मनाते थे.गैर मुस्लिमों के सम्मान में ईद वाले दिन शाम को दरबार में उनके लिए विशेष शुद्ध शाकाहारी भोजन हिंदू बावर्चियों द्वारा ही बनाए जाते थे.बड़ी चहल-पहल रहती थी.बादशाह दरबारियों और आम प्रजा के बीच इनाम-इकराम भी खूब बांटते थे. इस्लाम धर्म के अनुसार हर व्यक्ति को ईदुल अजहा के दिन सुबह सवेरे गुस्ल करना चाहिए.हैसियत के मुताबिक अच्छे कपडे पहनना और खुशबू लगाना चाहिए जो की सुन्नत है.नमाज ईदुल अजहा से पहले कुछ नहीं खाना चाहिए.नमाज खुले मैदान में अदा करनी चाहिये.नमाज के लिये निहायत सुकून के साथ ऊंची आवाज से तकबीरात पढ़ते हुए जाना चाहिये.इस बात का ख्याल रखना चाहिये कि जिन इलाकों में हैसियत वाले लोग ज्यादा हों वहां तो जितने दिन चाहें कुर्बानी का गोश्त रखकर खायें लेकिन जहां फकीर, गरीब, और मोहताज वगैरा ज्यादा हों जो कुर्बानी नहीं कर सकते, वहां कुर्बानी करने वालों को गोश्त जमा करने की बजाये यह कोशिश करनी चाहिये कि कुर्बानी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे.ईदुल अजहा में छुपे हुऐ कुर्बानी के जज्बे का मकसद तो यह है कि इसका फायदा गरीबों तक पंहुचें, उनको अपनी खुशी में शामिल करने का खास इंतजाम किया जायें.ताकि उस एक दिन तो कम से कम उनको अपने नजर अंदाज किये जाने का एहसास न हो और वह कुर्बानी के गोश्त के इंतजार में दाल-चावल खाने पर मजबूर न हों.

ईद-उल-अजहा का त्योहार हजरत इब्राहिम (अ.) और उनके पुत्र हजरत इस्माईल (अ.) की याद में मनाया जाता है, जो खुदा के हुक्म पर बिना किसी हिचक के अपने प्यारे बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे.अल्लाह का हुक्म होते ही हजरत इब्राहिम अपने पुत्र को कुर्बान करने के लिये आबादी से बहुत दूर ले गये और आंख पर पट्टी बांधकर गले पर छुरी चला दी.लेकिन अल्लाह के हुक्म से छुरी नहीं चली और हजरत इब्राहिम अल्लाह के इम्तहान में कामयाब हो गए.अल्लाह तआला को ये अदा इतनी पसंद आयी कि कयामत तक आने वाले मुसलमानों के लिये यादगार की चीज इबादत के शक्ल में करार दिया.दस जिलहिज्जा से बाहर जिल हिज्जा तक मुसलमान कुर्बानी कर सकते हैं.अल्लाह के पास कुर्बानी से बढ़कर कोई पसंदीदा अमल नहीं हो सकता. मुसलमान यह त्योहार हर साल बड़े ही मुर्सरत और सौहार्द से मनाते हैं.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### शिक्षण संस्थानों में दो बार दाखिले की सुविधा

विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष में दो बार दाखिले की प्रक्रिया शुरू करने का नियम बना दिया है। इस तरह जो विद्यार्थी बोर्ड नतीजे देर से आने या किन्हीं स्वास्थ्य कारणों से प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा लेने से वंचित रह जाते हैं और उन्हें पूरे एक वर्ष तक इंतजार करना पड़ता है, उन्हें इस नियम से काफी सहूलियत हो जाएगी। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से कहा है कि वे जुलाई-अगस्त के अलावा जनवरी-फरवरी में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करें। हालांकि यह नियम शैक्षणिक संस्थाओं के लिए बाध्य नहीं है। पर निस्संदेह इस नए नियम से बहुत सारे विद्यार्थियों को लाभ मिल सकता है। नतीजे देर से आने की वजह से बहुत सारे विद्यार्थी शैक्षणिक संस्थानों में नियमित दाखिला नहीं ले पाते और मजबूरी में उन्हें पत्राचार आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना पड़ता है। मगर यह नियम कितने शैक्षणिक संस्थानों के लिए व्यावहारिक होगा, देखने की बात है। दरअसल, अधिकतर विश्वविद्यालयों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों का सत्र जुलाई-अगस्त से ही शुरू हो जाता है। उनमें से बहुत सारे संस्थानों में सेमेस्टर प्रणाली लागू है। उसी के मुताबिक पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं का निर्धारण किया जाता है। इसलिए लगभग हर संस्थान की कोशिश होती है कि वह जुलाई-अगस्त में ही अपनी निर्धारित सीटों पर दाखिला ले ले। ऐसे में जनवरी-फरवरी में सीटें बची रहने की संभावना बहुत कम रहेगी। उन्हीं संस्थानों में सीटें खाली रह सकती हैं, जिनमें कुछ विद्यार्थी दाखिले के बाद संस्थान छोड़ कर चले गए हों। फिर, जनवरी-फरवरी में दाखिला देने के बाद संस्थानों के सामने अड़चन यह आएगी कि नए विद्यार्थियों को पिछले पांच-छह महीनों में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम कैसे पढ़ाएं। पहले सेमेस्टर की उनकी परीक्षा कैसे लें। फिर, दाखिले की प्रक्रिया को सुविधाजनक बना देने भर से विद्यार्थियों को कितना लाभ मिलेगा, कहना मुश्किल है, क्योंकि सरकारी संस्थानों में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के मुताबिक पर्याप्त सीटें नहीं हैं। जब तक सीटें नहीं बढ़ेंगी, नए संस्थान नहीं खुलेंगे, तब तक सामान्य आय वर्ग के विद्यार्थियों की मुश्किलें आसान नहीं होंगी। प्रवेश संबंधी नए नियमों का फायदा निजी संस्थानों को जरूर मिल सकेगा।चिंता को केंद्र सरकार कितनी गंभीरता से लेती है, देखने की बात है।

### अब अदालत से उम्मीद

मेडिकल कॉलेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित नीट-यूजी 2024 के परीक्षा का मुद्दा अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है और अदालत ने इस परीक्षा की आयोजक संस्था 'एनटीए' व केंद्र से जवाब-तलब करते हुए जो टिप्पणी की है, उससे इस मामले की गंभीरता समझी जा सकती है। आला अदालत ने दोटूक शब्दों में कहा है कि 'परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है और हमें इसका जवाब चाहिए।' दरअसल, इस प्रवेश-परीक्षा के दिन ही इसके प्रश्न-पत्र के लीक होने के आरोप तेजी से उछले थे, पर तब एनटीए ने तमाम आरोपों को खारिज करते हुए परीक्षा को दोषमुक्त बताया था। मगर जिस तरह से समय से पहले परिणाम घोषित करने और 'ग्रेस मार्क्स' देने का विवाद सामने आया है, उसने इस परीक्षा की शुचिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस परीक्षा की तैयारी में देश के 24 लाख से अधिक नौजवान रात-दिन एक कर रहे थे, जिसमें उनके अभिभावकों का काफी श्रम और संसाधन लगा हुआ था, उसकाआयोजन तो इतना पारदर्शी व दोषरहित होना चाहिए था कि सभी हितधारक उसकी शपथ उठाते। मगर दुर्योग से वे अपने को छला हुआ महसूस कर रहे हैं और अब आखिरी उम्मीद के तहत अदालत की शरण में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा परिणाम के बाद की दाखिला संबंधी प्रक्रिया पर रोक न लगाने का फैसला किया है, तो इसके पीछे यही दृष्टिकोण है कि चयनित विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी न हो। इसमें तो कोई दोराय नहीं कि किसी भी कदाचार के लाभार्थी बहुत थोड़े से लोग होते हैं, मगर उससे अहित व्यापक समूह और समाज का होता है। सवाल सिर्फ नीट-यूजी 2024 की परीक्षा का ही नहीं है, एक के बाद दूसरी परीक्षाओं के मामले जिस तरह अदालत में पहुंच रहे हैं, उससे अभ्यर्थियों में निराशा का भाव गहरा सकता है। अभी कितने दिन हुए हैं, जब कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 23,000 से अधिक शिक्षकों व सहायकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया था।

## सामाजिक कलंक है 'बालश्रम'

(डॉ. रमेश ठाकुर)

*बच्चों से मुंह फेरना ही हमारा सबसे बड़ा अपराध है। हमारी चुप्पी ही बालश्रम जैसे कृत्य को बढ़ावा देती है। ऐसे बच्चों के बचपन की तुलना थोड़ी देर के लिए हम अपने बच्चों से करें, तो फर्क अपने आप महसूस कर सकेंगे। ऐसा करने से अपने भीतर बदनसीब बच्चों के प्रति संवेदना जगेगी और उनसे जुड़े जुल्मों के खिलाफ अवाज उठाने का संबल मिलेगा।*

बाल श्रम रोकने में सरकारी व सामाजिक दोनों के प्रयास नाकाफी न रहें, सभी को ईमानदारी से इस दायित्व में आहुति देनी चाहिए। कानूनों की कमी नहीं है, कई कानून सक्रिय हैं। बाल श्रम अधिनियम-1986 के तहत ढाबों, घरों, होटलों में बाल श्रम करवाना दंडनीय अपराध है। वैश्विक समस्या है बाल श्रम किसी भी मुल्क के माथे पर सामाजिक कलंक भी है, फिर चाहें वह देश विकसित हो या विकासशील आज से 19 वर्ष पहले यानी सन-2002 को इस बुराई के विरुद्ध प्रतिवर्ष 12 जून के दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' की पहल पर 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस' मनाने का आरंभ हुआ। इस दिवस का मकसद चाइल्ड लेबर के सभी रूपों को रोकने के लिए जनमानस को जागरूकता करना था। जागरूकता को ध्यान में रखकर ही 2024 की थीम 'अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें% बाल श्रम समाप्त करें, निर्धारित की गई है। आंकड़ों की माने तो बालश्रम एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दूसरे स्थान पर काबिज है। यहां कुल 7 फीसदी बच्चे विभिन्न किस्म की मजदूरी में संलिप्त है। यही कारण है कि 62 मिलियन बच्चों की बड़ी आबादी आज भी शिक्षा से महरूम है। रोकथाम के लिहाज से प्रयासों में कमी नहीं है, प्रयास बहुतेरे किए जाते हैं कि बच्चों को बाल श्रम की धधकती भट्टियों से आजाद करवाया जाएं। लेकिन परिवारों के मध्य संघर्ष, संकट और आर्थिक मजबूरियां उन्हें बाल श्रम करने को विवश करती हैं। बाल श्रम रोकने में सरकारी व सामाजिक दोनों के प्रयास नाकाफी न रहें, सभी को ईमानदारी से इस दायित्व में आहुति देनी चाहिए। कानूनों की कमी नहीं है, कई कानून सक्रिय हैं। बाल श्रम अधिनियम-1986 के तहत ढाबों, घरों, होटलों में बाल श्रम करवाना दंडनीय अपराध है। बावजूद इसके लोग बाल श्रम को बढ़ावा देते हैं। बच्चों को वह अपने प्रतिष्ठिनों में इसलिए काम दे देते हैं क्योंकि उन्हें कम मजदूरी देनी पड़ती है। लेकिन वह यह भूल बैठते हैं कि वह कितना बड़ा अपराध कर रहे हैं। बाल मजदूरी रोकने के लिए 1979 में बनी गुरुपाद स्वामी समिति ने बेहतरीन काम किया था। उसके बाद अलग मंत्रालय, आयोग, संस्थान और समितियां बनीं, लेकिन बात फिर वहीं आकर रुक जाती है कि जब तक आमजन की सहभागिता नहीं होगी, सरकारी प्रयास भी नाकाफी साबित होंगे। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय विगत कई दशकों से बाल श्रम को समाप्त करने में ईमानदारी से प्रतिबद्धता व्यक्त कर रहा है। बावजूद इसके संपूर्ण विश्व में आज भी करीब 160 मिलियन बच्चे बाल श्रम की भट्टी में तप रहे हैं। दुनिया भर में करीब दस में से एक बच्चा आज भी किसी न किसी रूप में मजदूरी करने को मजबूर है। बाल श्रम से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहताशा प्रयास हो रहे हैं। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा लगातार कार्यान्वित शिक्षा, कला और मीडिया के माध्यम से बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लेकिन फिर भी बाल श्रम की समस्या थमने के बजाय और बढ़ रही है। हिंदी फिल्म 'बूट पॉलिश' का एक गाना है कि 'नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है, मुट्ठी में है तकदीर हमारी' के बोल न सिर्फ बालश्रम की भट्टियों में धधकते बचपन के प्रति संवेदना जगाते हैं, बल्कि हुकूमतों के लिए बाल समस्याओं पर अंकुश न लगाने व उनसे जुड़े उत्पीड़न और अपराध के प्रति घोर निराशा भी व्यक्त करते हैं। बाल मजदूरी वैश्विक समस्या का रूप ले चुकी है। इसलिए सिर्फ सरकार-सिस्टम पर सवाल उठाने से अब काम नहीं चलने वाला समाधान के विकल्प सभी को मिलकर खोजने होंगे सड़कों पर भीख मांगते बच्चे, ईट भट्टों पर काम करते नौनिहाल, विभिन्न अपराधों में लिप्त बच्चे व शिक्षा से महरूम बच्चों को देखकर मुंह मोड़ने के बजाय है, हुकूमतों को चेताना होगा। बच्चों से मुंह फेरना ही हमारा सबसे बड़ा अपराध है। हमारी चुप्पी ही बालश्रम जैसे कृत्य को बढ़ावा देती है। ऐसे बच्चों के बचपन की तुलना थोड़ी देर के लिए हम अपने बच्चों से करें, तो फर्क अपने आप महसूस कर सकेंगे। ऐसा करने से अपने भीतर बदनसीब बच्चों के प्रति संवेदना जगेगी और उनसे जुड़े जुल्मों के खिलाफ अवाज उठाने का संबल मिलेगा। आंखों के सामने किसी बच्चे का बचपन खो जाना, हमारे लिए सबसे बड़ी शर्म वाली बात है। इस सामाजिक बुराई से समाज को वाकिफ हो जाना चाहिए कि बाल श्रम रोकना केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, प्रत्येक इंसान का मानवीय दायित्व भी है। ये सच है कि समस्या किसी एक के बूते सुलझने वाली नहीं इसके लिए सामाजिक चेतना, जनजागरण और जागरूकता की जरूरत है। बाल मजदूरी और बाल अपराध को रोकने के लिए महिला बाल मंत्रालय, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग व निपसिड सहित इस क्षेत्र में कार्यरत तमाम संस्थाएं कार्यरत हैं। गैर सरकारी संगठन और एनजीओ हमेशा रोकथाम की दिशा में हमेशा तत्पर रहते हैं। इसके लिए सबसे पहले सामाजिक स्तर पर बाल श्रमिकों के प्रति आम लोगों के जेहन में संवेदना जगानी होगी और बाल श्रम के खिलाफ मन में लड़ाई की प्रवृति पैदा करनी होगी। ताजा आंकड़े बताते हैं कि बीते एकाध दशकों से एशिया में सबसे ज्यादा बाल तस्करी हिंदुस्तान में हुई हैं। जबकि, ये सिलसिला रूका नहीं, बल्कि और तेज हुआ है। बाल मजदूरों के बढ़ने के कुछ कारण और भी हैं। पिछड़े राज्यों में बाल तस्करों का बड़ा गैंग सक्रिय है, जो मासूम बच्चों को किडनैप करके उन्हें कुछ समय बाद भीख मंगवाने या मजदूरी में लगा देते हैं। कुछ बच्चों को अपराध की दुनिया में भी उतार देते हैं। बाल मजदूरी व बाल तस्करी दोनों कृत्यों में एक बड़ा गैंग सक्रिय होकर अंजाम देता है। नेशनल क्राइम ब्यूरों के आंकड़े बताते हैं कि तस्कर गिरोह समूचे हिंदुस्तान में रोजाना सैकड़ों बच्चे किडनेप करते हैं जिन्हें बाद में भीख मंगवाने, मजूदरी, बाल अपराध और बाल श्रम की आग में झोंकते हैं। सड़क, बाजार व अन्य जगहों पर की जाने वाली स्नैचिंग की ज्यातर घटनाओं को कम उम्र के बच्चे ही अंजाम देते हैं। उन्हें बाकायदा पहले प्रशिक्षण दिया जाता है। उद्योग, कल-कारखाने व कंपनियों वाले बच्चों से मजदूरी इसलिए भी कराते हैं क्योंकि इसके एवज में उन्हें कुछ देना नहीं पड़ता, बिना भुगतान के वह बच्चों कुछ थोड़ा खाना खिलाकर ही उनसे शारीरिक कार्य करवा लेते हैं। आज का दिन खास है, बाल श्रम रोकने के लिए सभी को संकल्पित होना चाहिए इस लड़ाई में कहीं कोई बच्चा मजदूरी करता दिखे, उससे उसका कारण जानना चाहिए। अगर लगे उसे जबरदस्ती काम पर लगाया गया है, तो आरोपियों के खिलाफ कानूनी कारवाही भी करवानी चाहिए।

## केंद्र में बनी एनडीए की सरकार, क्या बदलेंगे समीकरण

(अनुज श्रीवास्तव)

लोकसभा चुनाव के बाद बीजेपी ने सहयोगी दलों के साथ सरकार का गठन किया और केंद्र एनडीए की सरकार बन गई है। हालांकि शपथ ग्रहण के दौरान अजित पवार की अगुआई वाली एनसीपी ने नए मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री पद की पेशकश स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद फिर से खटपट के कयास लगाए गए... हालांकि इसे लेकर दोनों पक्षों की प्रतिक्रिया काफी संयत है। किसी तरह के विवाद या गलतफहमी की आशंका कम से कम फिलहाल नहीं दिख रही। एनसीपी का कहना है कि उसकी ओर से मंत्रिपरिषद की सदस्यता के लिए नामित नेता प्रफुल्ल पटेल अतीत में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इसलिए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद उनके लिए उपयुक्त नहीं है। भाजपा ने इस दलील को स्वीकारते हुए एनसीपी को कुछ दिन इंतजार करने को कहा है, जिसके लिए पार्टी तैयार है। यानी कहा जा सकता है कि इस सत्तारूढ़ गठबंधन में ऊपर-ऊपर सब ठीक है। इसके बावजूद अगर राज्य में राजनीतिक तूफान के आसार बताए जा रहे हैं तो उसके पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि कुछ महीने के अंदर राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव नतीजों ने जहां विपक्षी महाविकास आघाड़ी का उत्साह बढ़ा दिया है, वहीं सत्तारूढ़ महायुति में इसे लेकर चिंता की लकीरें देखी जा सकती हैं। पिछला विधानसभा चुनाव भाजपा और शिवसेना के गठबंधन ने कांग्रेस और एनसीपी गठबंधन के खिलाफ लड़ा था। चुनाव नतीजे आने के बाद शिवसेना ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना ली। इसके कुछ समय बाद एकनाथ शिंदे की अगुआई में शिवसेना का एक धड़ा भाजपा से जा मिला और दोनों की सरकार बन गई। फिर अजित पवार की अगुआई में एनसीपी का भी एक हिस्सा उस सत्तारूढ़ गठबंधन से जा मिला। स्वाभाविक ही इसके बाद असली एनसीपी और असली शिवसेना का सवाल उठ खड़ा हुआ। इसका आखिरी फैसला फैसला चुनाव में ही होना था। हाल के लोकसभा चुनावों को आधार मानें तो जनता का फैसला उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के पक्ष में आया माना जाएगा। शिवसेना (बीटी) को 9 और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) को 8 सीटें मिलीं, जबकि शिंदे की सेना को 7 तो अजित पवार की एनसीपी को महज 1 सीट पर संतोष करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में वोटिंग लोकसभा की तर्ज पर हो यह जरूरी नहीं होता। ऐसे में सभी पार्टियों के नेताओं और सांसदों-विधायकों का ध्यान विधानसभा चुनाव के समीकरण साधने पर लगा हुआ है। क्या इसकी वजह से राज्य में एक बार फिर कोई बड़ी उथलपुथल देखने को मिलेगी इस बारे में अभी कोई नतीजा निकालना जल्दबाजी होगा।

### हिंदुत्व की राजनीति कितनी काम आई

अयोध्या में जब राम मंदिर बनकर तैयार हुआ तो हिंदुत्व की राजनीति में दिलचस्पी रखने वालों को लगा कि गौरवशाली हिंदू राष्ट्र की वापसी हो रही है। एक नैरेटिव यह भी बनाने की कोशिश हुई कि अगर तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। लेकिन, हिंदी बेल्ट में भाजपा की सीटें बढ़ने के बजाय कम हो गईं। सबसे तगड़ा झटका लगा उस यूपी में, जहां पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजे देखते हुए चुनावी चिंतकों ने ऐलान कर दिया था कि जाति बंधन तोड़कर हिंदू एकजुट हो गए हैं। संविधान बदले जाने और आरक्षण खत्म होने का डर दिखाकर इंडिया गठबंधन ने बड़ी आसानी से हिंदू वोटरों की कथित एकजुटता को तहस-नहस कर दिया। इस चुनाव में बीजेपी को हिंदुत्व की राजनीति के नकारात्मक परिणाम झेलने पड़े। धर्म की राजनीति ध्रुवीकरण के सिद्धांत पर आधारित है। आप एक धर्म के लोगों को गोलबंद करेंगे तो उसके बरक्स दूसरे मजहब के वोटर अपने आप एकजुट हो जाएंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5403

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5402

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5403



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1980 में इस महान पार्श्वगायक का निधन हुआ था (6)
6. बर्फ, नीहार, मिहिका (2)
7. मर्मज्ञ, जो किसी का गुप्त भेद जानता हो (4)
9. ऊंची आवाज में बोली लगाकर माल बेचने का ढंग (3)
11. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. असघन, अनुपम (3)
14. तलहटी, भिक्षा झोली, आंचल, पल्ला (3)
16. महिला ईसाई पादरी को यह कहा जाता है (2)
18. भारत की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना जिसे रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नृत्य साम्राज्ञी कहकर संबोधित किया था (5)
21. 332 द्वीपों वाले फिजी देश की राजधानी यह है (2)
22. वह वाद्य जिसमें तार लगे हो (2)
23. वर देने वाला, अभीष्ट दायक, वरदायक, वरप्रद (4)

**ऊपर से नीचे**
1. भगवान विष्णु का एक रूप (3)
2. आक्रमण करने वाला, आक्रमणकारी (5)
3. पुस्तक पठन आधार (3)
4. यह शरीर की सबसे बड़ी हड्डी है (3)
5. घोर ध्वरि करना, दहाड़ना, घनकना (3)
8. यह भारत का सीमावर्ती राज्य है इसकी पश्चिमी सीमा और उत्तर पश्चिमी सीमा पाकिस्तानी सीमा के साथ मिली हुई है (4)
10. जनान खाना को यह भी कहते है (5)
13. उन्न्त, वर्धकाय, प्रफुल्ल (4)
14. पुराणानुसार कर्ण अधिक दान के कारण इस उपाधि से विभूषित थे (4)
15. हृदय, दिल, चित (2)
17. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
19. पिता, पैदा करने वाला, पूज्य व्यक्ति (2)
20. देवता, सुर, ईश्वर (2)
21. पुत्री, बेटी (2)

### वर्ग पहेली 5402 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | मा | कि | न | | सिं | ड | र |
| ह | म | ला | | | हा | ल | त |
| त | ला | | त | म | स | | ना |
| इं | | पा | | जा | न | व | र |
| दौ | र | | ना | क | | जू | |
| री | ति | | द | र | ब | द | र |
| | प | र | ना | ना | | | बा |
| का | ति | ब | | | श | बा | ब |

## आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ का दिन है। अकस्मात् भागदौड़ और अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय से पहले उसकी जांच कर लें। सारे वैधानिक पहलुओं के बारे में सोच लें। शाम के समय पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाने से आपका मन प्रसन्न होगा। पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

### वृष
आज शुभ योग बन रहे हैं। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सेहत के प्रति सावधान रहें तो आपको लाभ होगा। शाम के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है। रात्रि में आप किसी सामाजिक कार्य में भाग लेंगे और आपका मन प्रसन्न होगा। किन्तु आप अपने सद्व्यवहार से माहौल को अच्छा बना सकते हैं।

### कर्क
आज का दिन करियर के मामले में खास लाभ देने वाला रहेगा। आज आपका दिन परोपकार में बीतेगा और आपके सुख में वृद्धि के योग हैं। भाग्य आपका साथ देगा। कार्यक्षेत्र में भी आज आपको जरूरी काम सौंपे जा सकते हैं और उसमें आप खुद को प्रूफ कर पाएंगे। आपके साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

### सिंह
आज जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आज आपको पास और दूर की यात्रा करनी पड़ सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग रिलेक्स होगा। माता-पिता की सलाह से लाभ होगा।

### मिथुन
आज भाग्य में वृद्धि के योग हैं और आपको हर मामले में सफलता प्राप्त होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जायेगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

### कन्या
आज दिन खुशी में बीतेगा। मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अकस्मात खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा और पिता व उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु या फिर संपत्ति की प्राप्ति होगी। आज आपकी व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक आपको किसी प्रकार की जल्दी से बचना चाहिए। महान पुरुषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा। पत्नी पक्ष के लोगों से भी सहयोग प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूरे होंगे। आप प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और रुके कार्य पूर्ण होंगे। दोस्तों के साथ शाम का वक्त मनोरंजन में बीतेगा और इसमें कुछ धन भी खर्च होगा। खान-पान का विशेष ध्यान रखें।

### मकर
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आपके धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और आपकी प्रियजनों से खास भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम को प्रियजनों से भेंट होगी और रात का समय सैर सपाटे मौज मस्ती में बीतेगा।

### कुंभ
आज दिन काफी खर्चीला होगा। धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। किसी संबंधी के कारण तनाव हो सकता है। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। अन्ततः आपकी विजय हो जाएगी। आपके खिलाफ षड़यंत्र विफल हो जाएंगे।

### धनु
आज भाग्य में वृद्धि के योग बने हैं और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से मन में संतुष्टि रहेगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग हैं। शीघ्रता और भावुकता में लिए गए निर्णय आगे चलकर आपके लिए पश्चाताप का कारण बन सकते हैं। रात को दोस्तों के साथ कहीं जाने का मौका मिल सकता है।

### मीन
आज लाभ से भरा दिन है और आज आपको विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी और आय के नए स्रोत बनेंगे। आपके स्वभाव की वजह से आपको विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद और लाभप्रद रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद डीसी ऑफिस में नौकरी दिलाने के नामपर 28 युवकों से 2 करोड़ की ठगी

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद डीसी कार्यालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 28 युवकों से दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि ठगी करने का बड़ा मामला सामने आया है। मजेदार बात यह है कि ठगी करने वालों ने अधिकारी की नौकरी दिलाने के नाम पर भी पैसे वसूले हैं। इन युवक और युवतियों को फर्जी योगदान लेटर भी डाक से भेजा गया था। जब युवकों ने ठगी करने वाले विकास कुमार से योगदान दिलाने के लिए धनबाद साथ चलने के लिए दबाव बनाया, तो वह कुल्टी स्थित अपने किराए के मकान से फरार हो गया। उसने अपना फोन भी बंद कर लिया है। ठगों के इस गिरोह में विकास कुमार के साथ दीपक राम भी शामिल है। विकास कुमार ने जिन 28 युवकों से ठगी की है उनमें बंगाल के कुल्टी निवासी, उसके मकान मालिक के बेटे प्रकाश सिंह और बेटी अनामिका कुमारी भी शामिल हैं। बाकी 26 युवक-युवतियां धनबाद के निरसा की हैं।

सभी युवक-युवतियां करीब एक सप्ताह पूर्व योगदान लेटर लेकर करीब एक सप्ताह पूर्व धनबाद डीसी आफिस पहुंची तो उन्हें पता चला कि वे ठगी के शिकार हुए हैं। इसके बाद सभी शनिवार को फिर से धनबाद डीसी आफिस पहुंचे और सिटी एसपी अजीत कुमार से मिले और उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी।सिटी एसपी अजीत कुमार ने बरवाअड्डा थाना प्रभारी को फोन कर प्राथमिकी करने का निर्देश दिया। अगस्त 2023 में विकास कुमार ने स्वयं को धनबाद का एक्साइज इंस्पेक्टर व चर्च का फादर बता कुल्टी बोहला में किराये पर एक मकान लिया। उसने सबसे पहले अपने मकान मालिक के बेटे और बेटी को झांसे में लिया।उन्होंने बताया कि धनबाद उपायुक्त कार्यालय के पांच विभागों में अधिकारी, क्लर्क और चतुर्थ श्रेणी में 160 रिक्तियां हैं। इसके लिए उसने बकायदा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का पत्र भी दिखाया। इसके बाद उसने 28 युवकों से नौकरी दिलाने के नाम पर 15-15 हजार रुपये की वसूली की। विकास इन युवकों को धनबाद का पुराना डीसी कार्यालय लेकर भी आया।डीसी आफिस के बरवाअड्डा शिफ्ट होने के बाद वह वहां भी इन युवकों को लेकर गया। उसने नए डीसी कार्यालय के बाहर इन युवकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। इन्हें अपने झांसे में लेने के लिए इसने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, चयनित सूची समेत तमाम दस्तावेज दिखाए। इस बीच इसने युवक-युवतियों से किश्तों में राशि वसूली की।

### चीनी साइबर अपराधियों से वीडियो कॉल पर लेता था निर्देश, लगाता था लाखों का चूना,

**रांची, एजेंसी।** सीआईडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने की पुलिस ने रांची के डोरंडा की रहने वाली एनआरआइ महिला से 29 लाख 94 हजार की साइबर ठगी के तीसरे आरोपित व मास्टरमाइंड को असम से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित फरहादुर रहमान उर्फ तंजीम है, जो असम के धुबरी जिले के फकीरगंज थाना क्षेत्र के मदौतरी गांव का रहने वाला है। साइबर अपराध थाने की पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम को-आर्डिनेशन सेंटर व असम पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया है। उसके पास से कांड में प्रयुक्त दो मोबाइल, तीन सिमकार्ड तथा कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग के क्रेडेंशियल के आदान-प्रदान व साइबर ठगी से संबंधित वाट्सएप चैट बरामद किया है। उसने पुलिस को बताया है कि वह चीनी साइबर अपराधियों के सीधे संपर्क में था और हर दिन वीडियो काल पर उनसे बातचीत करता था और उनसे दिशा-निर्देश लेता था। उसके चीनी साथी इंडोनेशिया, हांगकांग व ताइवान में बैठकर उसके संपर्क में रहते, जिन्हें यह भारतीयों का बैंक खाता व अन्य गोपनीय जानकारी शेयर करता था और साइबर ठगी में सहयोग करता था। इसके एवज में इसे कमीशन मिलता था, जो क्रिप्टोकरेंसी में आता था। साइबर अपराध थाने की पुलिस ने इससे पहले दिल्ली के छावला थाना, इ. एक्सटेंशन श्याम विहार निवासी रवि शंकर द्विवेदी व हरियाणा के कैथल जिले के रजौंद थाना क्षेत्र के संतोख माजरा निवासी वीरेंद्र को गिरफ्तार किया था।इन दोनों से पूछताछ में मिले तथ्यों के बाद ही फरहादुर रहमान पकड़ा गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी के रुपयों में से नौ लाख 36 हजार रुपये फ्रीज करवा दिया था।नौ मार्च को पीड़िता ने कराई थी प्राथमिकीसाइबर अपराध थाने में पीड़िता ने नौ मार्च 2024 को प्राथमिकी कराई थी।

# 25 लाख वाले बयान से पलटे झामुमो के समीर मोहंती, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर लगाया था आरोप

**रांची, एजेंसी।**

झामुमो के विधायक और जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती 24 घंटे से भी कम समय में अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन या कांग्रेसी नेताओं को कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के खिलाफ कोई पत्र लिखने से साफ इनकार किया है। साथ ही उन्हें 25 लाख रुपए देने की बात को भी गलत बताया है।



**किसी ने चोरी की लेटर हेड-समीर मोहंती :** समीर मोहंती ने कहा कि किसी ने उनके लेटर हेड की नकल की है या फिर चोरी की है, यह जांच का विषय है। क्योंकि उस पर कोई पत्रांक नहीं है। उनका दस्तखत भी सही नहीं है। वे इस मामले की जांच करा दोषी को कड़ी सजा दिलाएंगे। बहरागोड़ा के विधायक ने ये बातें शनिवार को सर्किट हाउस में आनन-फानन में बुलाए गए प्रेस कांफ्रेंस में कही।

**पैसा देने का कोई सवाल नहीं- मोहंती :** गौरतलब है कि समीर मोहंती ने शुक्रवार को खुद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को लिखे पत्र को मीडिया को जारी किया था। उनके बयान की रिकार्डिंग भी मीडिया संस्थानों के पास है। अब विधायक ने कहा कि वे एक साधारण परिवार से हैं और कम संसाधन में चुनाव लड़े। ऐसे में किसी को पैसा देने की बात का कोई सवाल नहीं है। आरोप लगाया कि कांग्रेस से उनके संबंध को खराब करने का यह प्रयास है। गठबंधन बेहतर ढंग से चल रहा है। चुनाव में संतोषजनक परिणाम को कोई एक दोषी नहीं है।

**षड्यंत्र का शक :** एक सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि ऐसा हो सकता है कि कांग्रेस के ही किसी ने दुबे के खिलाफ षड्यंत्र रचा हो। जांच होने तक वे इस पर कुछ स्पष्ट नहीं कह सकते। उन्होंने गठबंधन दल के सभी नेताओं को चुनाव में उनकी मदद कर अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर विधायक मंगल कालिंदी और झामुमो के वरिष्ठ नेता शेख बदरुद्दीन भी मौजूद थे।

**कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पर लगाया था आरोप :** गठबंधन के घटक झामुमो के प्रत्याशी समीर मोहंती ने सहयोगी दल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे पर चुनाव खर्च के लिए दिए गए 25 लाख रुपए में से अधिकांश राशि हड़पने और चुनाव में षड्यंत्र कर हराने का आरोप लगाया था। उन्होंने ये गंभीर आरोप पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत को 12 जून को लिखी चिट्ठी के माध्यम से लगाया। अपने विधायक वाले लेटर हेड पर लिखी दो पेज की चिट्ठी का हवाला देते हुए कहा था कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने चुनाव में गठबंधन एवं पार्टी विरोधी काम कर विरोधी पक्ष को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने बताया था कि चुनावी रणनीति के तहत पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा के तमाम बूथों के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी उन्होंने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे को सौंप दी थी।

**रैली के लिए 25 लाख देने की बात कही थी :** समीर मोहंती ने कहा था कि प्रति बूथ 6000 रुपए की दर से बूथ खर्च के अलावा कार्यक्रम और रैली के लिए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को कुल 25 लाख रुपए दिए थे। मोहंती के अनुसार दुबे का कर्तव्य था कि वह गठबंधन धर्म का पालन करते हुए तमाम सहयोगी पार्टियों की कार्यकर्ताओं के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए आगे बढ़ते। परंतु उन्होंने झामुमो कार्यकर्ताओं की सरासर अनदेखी की, जिसके कारण बाद में उन्हें अतिरिक्त राशि का इंतजाम करना पड़ा।

### जम्मू तवी एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहा था यात्री, फिसल कर पहुंच गया ट्रेन के नीचे

**चिरकुंडा, एजेंसी।** झारखंड के धनबाद में कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरातफरमी का माहौल हो गया, जब चलती ट्रेन पर सवार होने की कोशिश करने के दौरान एक यात्री ट्रैक पर गिर गया। यात्री के ऊपर से ट्रेन की सभी 10 बोगियां गुजर गईं, लेकिन उस यात्री को खरोंच तक नहीं आई।

जानकारी के मुताबिक, लगभग 55 साल के एक यात्री जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस से कुमारधुबी स्टेशन पर उतरे। वह बोतल में पानी भर ही रहे थे, तभी ट्रेन चलने लगी। वह दौड़कर चलती ट्रेन पर सवार होने की कोशिश करने लगे। इसी बीच, उनका हाथ फिसल गया और बोगी के नीचे ट्रैक पर गिर गए।

यात्री को ट्रेन के नीचे आता देखकर आरपीएफ का जवान उसे बचाने के लिए दौड़ पड़ा। ट्रैक पर गिरा यात्री ट्रैक और प्लेटफॉर्म के बीच की जगह को पकड़ कर खड़ा रहा। लगभग दस डब्बे गुजर गए पर उन्हें कुछ नहीं हुआ। प्लेटफॉर्म पर खड़े रेलकर्मी व अन्य यात्रियों के शोर मचाने पर चालक ने ट्रेन रोक दी।ट्रेन रुकते ही आरपीएफ ने उन्हें प्लेटफार्म के ऊपर खींच लिया।

### चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट में जेसीए अड़की टीम विजेता

**रांची, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुए चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट में जेसीए अड़की के अंडर 14 और 16 की टीम चैंपियन बनी। ज्ञात हो कि जेसीए अड़की अंडर 14 और फ्रेंड क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। जिसमें जेसीए अड़की ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इस दौरान टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 237 रन बनाए। जिसमें आदित्य राज ने सर्वाधिक 116 रन और आयुष कुमार 77 रनो की पारी खेली। वहीं विपक्षी टीम की ओर से मंगल दीप खमरू ने 2 विकेट लिया। दूसरी पारी खेलने उतरी फ्रेंड क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज मात्र 151 रनों पर ऑल आऊट हो गई। जिसमें सर्वाधिक मंगल दीप खमरु ने 41 रन बनाए। वहीं अड़की के कुमार प्रिंस और आदित्य राज ने 3-3 विकेट चटकाये। इस मैच को जेसीए अड़की ने 86 रनों से जीत लिया। इस दौरान मैच का मैन ऑफ द आदित्य राज को दिया गया। वहीं टूर्नामेंट का बेस्ट बेस्टमैन आयुष कुमार व मैन ऑफ द टूर्नामेंट आदित्य राज को दिया गया।दूसरे फाइनल मैच अंडर 16 में जेसीए अड़की और हावड़ा क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए हावड़ा क्रिकेट एकेडमी ने 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर 94 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक रूपम घोष ने 22 रनो की पारी खेली। वहीं आदित्य राज ने 3 और अर्जुन ने 2 विकेट लिये। दूसरी पारी खेलने उतरी जेसीए अड़की की टीम ने मात्र 7.5 ओवर में 1 विकेट खोकर कर 99 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें सर्वाधिक अर्जुन ने 69 और निशांत कुमार ने 18 रनों की पारी खेली। इस फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूर्नामेंट अर्जुन, बेस्ट बेस्टमैन सूरज नायक को दिया गया।

# झारखंड के दो सांसदों ने मंत्री बनते ही कर दिया बड़ा एलान, पीएम मोदी भी हो जाएंगे खुश

**रांची, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को केंद्रीय बाल एवं महिला विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों नेता केंद्र में मंत्री बनने के बाद पहली बार रांची पहुंचे थे। यहां उन्होंने एक ऐसा दावा कर दिया कि वहां मौजूद कार्यकर्ता जोश में भर गए।

दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और केंद्र में एनडीए की सरकार बनने को लेकर खुशी जताते हुए पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को बधाई दी। दोनों ने राज्य में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भी जीत का दावा किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में इस बा डबल इंजन की सरकार



बनानी है। उन्होंने राज्य को मंत्रिपरिषद में पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य और भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मौजूद थे। उन्होंने दोनों मंत्रियों का स्वागत किया।

कोडरमा से सांसद अन्नपूर्णा देवी इससे पिछली सरकार में राज्यमंत्री थीं। इस बार उन्हें प्रमोशन देकर महिला एवं बाल विकास जैसा महत्वपूर्ण विभाग दिया गया है। वहीं, दूसरी बार रांची से सांसद बने संजय सेठ को रक्षा राज्यमंत्री बनाया गया है। इस साल के आखिरी में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। ओबीसी समुदाय के दो केंद्रीय मंत्रियों के जरिये भाजपा राज्य विधानसभा चुनाव में अपनी मजबूत दावेदारी समझ रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आदिवासी समुदाय से हैं। भाजपा विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में आदिवासी और ओबीसी वोटों की जुगलबंदी की योजना बना रही है।

अपने स्वागत कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में झारखंड जैसे छोटे राज्य को भी प्रमुखता देते हुए दो पद दिए हैं। लोकसभा में राज्य में हुई वोटिंग भी अपेक्षा के अनुरूप रही है। भाजपा को लोकसभा चुनाव में जो सफलता मिली है, उसे विधानसभा चुनाव में बढ़ाना है।रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। अब हम सब मिलकर राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे।

## रांची जमीन घोटाले में शेखर कुशवाहा ने कबूली संलिप्तता, ईडी को बताया कई लोगों के नाम

**रांची, एजेंसी।** रांची जमीन घोटाले में चेशायर होम रोड की 4.83 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़े में शेखर कुशवाहा ने अपनी संलिप्तता कबूली है। जमीन कारोबारी शेखर ने पहले दिन की रिमांड में ईडी को बताया है कि वह चेशायर होम रोड स्थित जमीन की डील में प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह समेत अन्य लोगों के साथ शामिल था।कोलकाता से फर्जी कागजात बनाकर जमीन हड़पने के मामले में शेखर कुशवाहा ने कई अन्य लोगों के नाम भी बताए हैं, जो जमीन के डील से जुड़े हैं। शेखर को ईडी ने तीन दिनों की रिमांड पर लिया है। रांची जोनल ऑफिस में ईडी के अधिकारी शेखर कुशवाहा से पूछताछ कर रहे हैं।




**पैसों के निवेश के पहलुओं पर जांच :** ईडी ने रांची जमीन घोटाले में गिरफ्तार शेखर कुशवाहा, प्रिय रंजन सहाय, विपिन सिंह, अफसर खान, सद्दाम हुसैन समेत अन्य आरोपियों की संपत्ति व उनके निवेश की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। आरोपियों ने जमीन की डील में फर्जीवाड़ा कर कितने पैसे बनाए, उन पैसों का निवेश कहां किया, ईडी अब इसकी जांच में जुटी है।

**ईडी ने तेज की कार्रवाई :** जानकारी के मुताबिक, पैसों का निवेश बीएड कॉलेज, रिसॉर्ट व अचल संपत्ति में ही दूसरे शहरों में किए जाने की जानकारी मिली है। ईडी के द्वारा जल्द ही बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित 4.83 एकड़ जमीन को जब्त भी करेगी, इसे लेकर ईडी ने कार्रवाई तेज कर दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई अब छह जुलाई को होगी। शनिवार को इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस शुरू हुई।

अगली सुनवाई के लिए छह जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। इस मामले में ईडी राजकुमार को भी आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने उसे समन जारी किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को पीएमएलए के विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। इस मामले में हेमंत को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन समेत पांच के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बड़गाईं अंचल के निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह और हिलिरियस कच्छप के नाम शामिल हैं। आरोप पत्र दाखिल होने के कुछ दिन बाद ही मामले के एक आरोपी हिलिरियस कच्छप की मौत हो गई थी।

### बिगड़ने वाला है झारखंड का मौसम, पूरे राज्य में अलर्ट; 22 जिलों के लोग रहें सावधान

**रांची, एजेंसी।** पूरे झारखंड में मौसम और अधिक बिगड़ने वाला है। अभी और अधिक भीषण गर्मी पड़ने वाली है। मानसून का अनुमान भी फेल हो जा रहा है। इस भयंकर गर्मी ने लोगों की टेंशन बढ़ा दी है। अब 15 की जगह 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।हीटवेव को लेकर पूरे राज्य में रेड अलर्ट जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने 22 जिलों में हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। सिर्फ पाकुड़ और साहिबगंज में तापमान 40 के नीचे है। हिल स्टेशन के नाम से मशहूर राजधानी रांची का तापमान कभी भी 40 के पार नहीं पहुंचा था लेकिन वर्ष 2024 में सारे रिकार्ड टूट रहे हैं।पिछले करीब एक माह से राजधानी का तापमान 40 के आसपास ही रह रहा है। शहर के लोग तपती गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान हैं। लोगों को मानसून का इंतजार है। अब तो मौसम विज्ञान केंद्र रांची का पूर्वानुमान भी दगा दे गया है। 1984 के बाद ऐसी भीषण गर्मी पहली बार देखी जा रही है। दरअसल, केंद्र ने 15 जून तक प्रदेश में मानसून के प्रवेश की संभावना जताई थी लेकिन सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। हीटवेव का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ दिनों तक 15 से 18 जिलों तक ही हीटवेव का असर था लेकिन शनिवार को 22 जिले इसकी चपेट में आ चुके हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के बुलेटिन में पिछले एक माह से सिर्फ यलो, रेड और आरेंज अलर्ट ही दिखाई दे रहे हैं।तापमान की वर्तमान स्थिति राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के लिए खतरे की घंटी है। अब भी नहीं संभलें तो निश्चित रूप से इसकी भयावह तस्वीर आगामी दिनों देखने को मिलेगी। 16 जून को राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्से पलामू, चतरा, गढ़वा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा के अलावे दक्षिणी हिस्से पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में हीटवेव को लेकर आरेंज अलर्ट जबकि निकटवर्ती मध्य भाग रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में भी हीटवेव को ले यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**गिरडीह, एजेंसी।** गावां शहरी फीडर से लेकर ग्रामीण फीडर में नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने और लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं। जिसका नतीजा है कि लोग अब सड़क पर उतरने लगे हैं। शनिवार की सुबह लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ खरसान पंचायत के ग्रामीणों ने गदर पावर सब स्टेशन का घेराव करते हुए बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की है। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों का कहना था कि खरसान सहित आसपास के पंचायतों में मात्र 5 से 6 घंटे ही लोगों को बिजली मिल रही है। उसमें भी अनवरत कटौती जारी है। इस भीषण गर्मी में नियमित बिजली नहीं मिलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर सिंचाई तक बाधित हो गयी है। अब ऐसे में हमलोग क्या करें। हालांकि बाद में बिजली विभाग की ओर से दूरभाष पर लोगों को ठोस आश्वासन मिलने पर लोग शांत हो गए। कहा कि अगर जल्द ही इस पर सुधार नहीं हुआ तो हमलोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

**20 जून तक सुधार नहीं तो बैठेंगे भूख हड़ताल पर- जिप सदस्य-** लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ गावां दक्षिणी भाग के जिप सदस्य नाजिया खातून ने विद्युत कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखा है। कहा कि अगर 18 जून तक बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं की गई तो 20 जून से हजारों की संख्या में ग्रामीणों के साथ भूख हड़ताल पर बैठूंगी। कहा कि प्रखंड में इस समय लोगों को 2 से 4 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है। इससे लोगो को जीना मुहाल हो गया है।

# बोगी में ऐसे फैला धुआं और मची भगदड़, यात्री ने बताया ट्रेन हादसे का आंखों देखा हाल

**लातेहार, एजेंसी।** रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (18635) से शुक्रवार रात यात्रा कर रहे चार यात्रियों की लातेहार के कुमंडीह स्टेशन के पास दूसरी पटरी पर सामने से आ रही मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। इनमें दो महिला व दो पुरुष शामिल हैं।ये सभी यात्री ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद मची अफरातफरी के बीच जान बचाने के लिए अगल-बगल कूद रहे थे। इसी क्रम में वह दूसरी पटरी पर सामने से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं, जिनका लातेहार में इलाज चल रहा है।

जान गंवाने वालों में शामिल एक महिला की पहचान बिहार के रोहतास जिले के नासरीगंज क्षेत्र के हरिहरगंज गांव निवासी 40 वर्षीय मंजू देवी, एक बुजुर्ग की पहचान पलामू के लेस्लीगंज निवासी 72 वर्षीय नंदलाल शुक्ला और एक अन्य की पहचान गढ़वा जिले के विकास कुमार रजक (30वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, एक महिला मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।




हादसे के बाद बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर लगभग दो घंटे तक रेल यातायात प्रभावित रहा। रात लगभग 10 बजे उक्त रूट पर रेल परिचालन सामान्य हुआ।

रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (18635) शुक्रवार शाम पांच बजे रांची से खुली थी। रात लगभग आठ बजे ट्रेन लातेहार के कुमंडीह स्टेशन के पास पहुंची। यहां ट्रेन का ठहराव नहीं है, लेकिन ब्रेक लगाए जाने के कारण ट्रेन धीमी गति से चल रही थी।

इसी बीच, किसी ने अफवाह फैला दी कि ट्रेन के इंजन में आग लग गई है। इसके बाद अफरातफरी मच गई और कई यात्री घबराकर चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश करने लगे। कई लोग नीचे कूदकर भागने लगे। कुछ यात्री बगल वाली पटरी पर गिरे, जिन्हें विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी कुचलते हुए निकल गई।

ट्रेन हादसे में मारे गए नंदलाल शुक्ला पलामू जिले के लेस्लीगंज प्रखंड के कमल केडिया गांव के निवासी हैं। उनका भाई दीनानाथ शुक्ला ने बताया कि कुमांडीह स्टेशन पर ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई। इसके साथ ही इंजन में आग लगने की अफवाह फैली। वे चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास करने लगे।

जब तक वह समझ पाते उनका भाई भी उतर गए और दूसरी तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। वे अपने बड़े भाई नंदलाल शुक्ला का इलाज कराने गए थे। रोहतास जिला निवासी मृतका मंजू देवी के देवर जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि वे लोग आठ जून की रात पुरी दर्शन के लिए घर से निकले थे। दर्शन करने के बाद आज ही तपस्विनी एक्सप्रेस से रांची लौटे थे।

## मिशन विधानसभा के लिए झारखंड बीजेपी को मिलेगा नया कमांडर! वाजपेई के ही पास रहेगा संगठन का जिम्मा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के चुनाव इस साल के अंत तक होने हैं। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने प्रदेश संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई को ही चुनाव प्रभारी भी बनाया था। अब विधानसभा चुनाव के लिए जल्द ही नए चुनाव प्रभारी की घोषणा हो सकती है। लक्ष्मीकांत वाजपेई संगठन प्रभारी बने रहेंगे।

चुनाव में लक्ष्मीकांत वाजपेई ने सभी जिलों का दौरा कर राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं से निजी संबंध बनाया, जिसका फायदा पार्टी को मिला है। पुराने नेता रहे वाजपेई के कार्यकर्ताओं से इस कनेक्ट को भाजपा बरकरार रखना चाहती है। जबकि चुनाव प्रभारी रणनीति तय करने के साथ स्थानीय स्तर पर भाजपा नेताओं के साथ समन्वय करेंगे। आमतौर पर भाजपा में संगठन प्रभारी और चुनाव प्रभारी अलग-अलग ही होते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि अगले चार महीने विधानसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में संगठन के लिए लक्ष्मीकांत वाजपेई का नेतृत्व उन्हें




कार्यक्रमों से जोड़कर रखेगा। जबकि नए चुनाव प्रभारी के नेतृत्व में झामुमो गठबंधन सरकार से राज्य की सत्ता छिनने की लड़ाई होगी। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 50 विधानसभा सीट पर बढ़त मिली है। पार्टी इस बढ़त को विधानसभा चुनाव में बरकरार रखना चाहेगी। हालांकि विधानसभा के चुनाव में स्थानीय मुद्दे हावी रहते हैं।लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर भी भाजपा को वोट मिला था। इसबार भाजपा राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने के नाम पर वोट मांगेगी। इसमें केंद्र में भाजपा सरकार और राज्य में भी इसी पार्टी की सरकार रहने से योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में 15 साल पुराने वाहनों पर लगाई रोक

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार के परिवहन विभाग ने अपने नए आदेश में कई तरह के बदलाव किए हैं। नए आदेश के अनुसार, अलवर और भरतपुर जिलों में 10 साल और जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा में 15 साल पुराने कमर्शियल वाहनों पर रोक लगा दी गई है।परिवहन विभाग की ओर से अलवर और भरतपुर जिले में 10 साल पुराने कमर्शियल और घरेलू डीजल वाहनों पर रोक लगा दी गई है। ऐसे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्ती भी बरत रहा है। वहीं, राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों के तहत जिन जिलों में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, उन जिलों में 15 साल पुराने कमर्शियल डीजल भारी वाहनों पर रोक लगा दी गई है।जिलों में 15 साल पुराने कमर्शियल डीजल भारी वाहनों पर रोक लगाई गई है उनमें जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और अलवर जिले का कुछ क्षेत्र शामिल है। हालांकि इन जिलों में 15 साल पुराने घरेलू वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई गई है।नए आदेश के अनुसार, अब परिवहन विभाग में किसी भी प्रकार की कोई नकद राशि जमा नहीं होगी। परिवहन विभाग में किसी भी काम के लिए अब ऑनलाइन पैसा ही जमा कराना होगा। ऐसा विभाग में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए किया गया है। यहां तक कि वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए भी ऑनलाइन ही पैसा कराना होगा।

### 17 घंटे बाद जिंदगी की जंग हार गई डेढ़ साल की बच्ची

**अमरेली, एजेंसी।** गुजरात के अमरेली जिले के सूरजपुरा गांव में 50 फीट गहरे बोरवेल में गिरी डेढ़ साल की बच्ची आखिरकार जिंदगी की जंग हार गई। वह 17 घंटे तक बोरवेल के अंदर मौत से लड़ती रही। वह शुक्रवार को दोपहर में बोरवेल में गिर गई थी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि सूरजपुरा गांव में 50 फीट गहरे बोरवेल में गिरी डेढ़ साल की बच्ची को बचाया नहीं जा सका।डेढ़ साल की बच्ची आरोही शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे बोरवेल में गिर गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम ने बचाव कार्य शुरू कर दिया था। एनडीआरएफ के 17 घंटे लंबे बचाव अभियान के बाद शनिवार सुबह उसे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बोरवेल 500 फीट गहरा था। इसमें गिरने के बाद लड़की लगभग 50 फीट की गहराई में जाकर फंस गई थी। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर एनडीआरएफ की टीम ने करीब 17 घंटे के बचाव अभियान के बाद बच्ची को शनिवार सुबह करीब पांच बजे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला।

### बचाई जान, फिर कर दी थप्पड़ों की बौछार, लड़की को बचाने के लिए नदी में कूदे युवक की पिटाई

**सुलतानपुर , एजेंसी।** यूपी के सुलतानपुर में गोमती के गोलाघाट पुल से नदी में कूदी किशोरी को बचाने के लिए कूदे एक युवक को डुबने से बचाते हुए एक मछुवारा थप्पड़ जड़ रहा है। इसका वीडियो खूब किया गया। वीडियो में कहता सुनाई दे रहा है कि जब नशे में हो और तैरना नहीं आता तो क्यों नदी में कूद गए।पुलिस की मानें तो वायरल वीडियो गुरुवार का है। कोतवाली नगर के गोलाघाट स्थित गोमती नदी पुल से गुरुवार शाम एक किशोरी ने नदी में छलांग लगा दी। जिस समय किशोरी नदी में कूदी उसी समय वहां मछुआरे नदी में मछली मार रहे थे। मछुआरे किशोरी को बचाने के लिए दौड़े। उसे नदी से बाहर निकालकर ऊपर लाए। उसके बाद एंबुलेंस के जरिए किशोरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में लाकर एडमिट कराया गया। किशोरी कक्षा 11 की छात्रा है। उसकी पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टाटिया नगर निवासी एक किशोरी के रूप में हुई है। बताया गया कि मां से शाम को झगड़ा करने के बाद उसने आत्म घाती कदम उठाया था। इसी घटना से जुड़ा एक वीडियो शनिवार को सामने आया। जिसमें एक युवक नदी के अंदर मौजूद है और उसे बाहर निकालते हुए मछुआरे थप्पड़ मार रहा है। इस बाबत जानकारी करने पर पुलिस ने बताया कि वीडियो गुरुवार का है। युवक नशे के आलम में था। जैसे ही किशोरी नदी में कूदी युवक उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया। उसे तैरना भी नहीं आता था। इसी से नाराज मछुआरे उसे मार रहे थे।

## सभी तरह की संपत्तियों की आवंटन दरों में वृद्धि

# ग्रेटर नोएडा में घर बनाना, उद्योग लगाना हुआ महंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपनी सभी तरह की संपत्तियों की आवंटन दरों में 5.30 फीसदी की वृद्धि कर दी है। इससे ग्रेटर नोएडा में घर, दुकान और उद्योग लगाना और अधिक महंगा हो गया है। नई दरें एक अप्रैल से लागू मानी जाएंगी।

प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को बोर्ड बैठक हुई। प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए संपत्ति की आवंटन दरें निर्धारित कर दी हैं। सभी तरह की संपत्ति की दरों में 5.30 फीसदी का इजाफा किया गया है। बैठक में दरें बढ़ाने पर मुहर लग गई। वित्त विभाग की तरफ से जल्द ही इससे संबंधित आदेश कर दिया जाएगा।

बैठक में सेक्टर चाई में एग्जीविशन कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, दादरी के समीप कार्गो टर्मिनल विकसित करने, इस साल के अंत तक सभी 58 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति, पालतू बिल्ली-कुत्तों का रजिस्ट्रेशन शुल्क खत्म करने, किसान आबादी भूखंड के बढ़े क्षेत्रफल पर पास के सेक्टर का आवंटन रेट सहित कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर बोर्ड की मुहर लगी। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विकास से जुड़ी कई



परियोजनाएं आने वाली हैं, जिनमें ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो, मल्टीमॉडल लॉजिस्टक हब एवं ट्रांसपोर्ट हब जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शामिल हैं। विकास परियोजनाओं को देखते हुए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में संपत्ति की आवंटन दरें निर्धारित की जाती हैं। प्राधिकरण की सभी तरह की संपत्तियों की आवंटन दरों में वृद्धि होने से इसका फायदा जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को भी मिल सकता है। किसानों को मिलने वाले मुआवजा राशि में वृद्धि हो सकती है। विकास परियोजनाओं के लिए प्राधिकरण 21 गांवों की जमीन सहमति के आधार पर अधिग्रहीत करने की तैयारी कर रहा है। इससे संबंधित सूचना जारी कर दी गई है। बोर्ड की बैठक में ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. एम लोकश, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

नोएडा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर के दोनों तरफ 500 मीटर की दूरी स्थित सभी श्रेणी के भूखंडों के लिए अतिरिक्त एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की शनिवार को मंजूरी मिल गई। इस निर्णय से जहां आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं प्राधिकरण को भी आर्थिक लाभ होगा। अतिरिक्त एफएआर की अनुमति लेने पर निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। इससे उन लोगों को फायदा होगा, जिनके भूखंड कॉरिडोर के आसपास हैं। ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में कुत्तों के पंजीकरण की संशोधित नीति को मंजूरी मिल गई है। कुत्तों के पंजीकरण का शुल्क अब खत्म कर दिया गया है। संशोधित पॉलिसी के अनुसार अब कुत्तों के पंजीकरण के लिए शुल्क नहीं लगेगा। पंजीकरण तीन माह के बजाय साल भर चलेगा। अगर किसी ने पंजीकरण न होने की शिकायत की तो उसकी जांच की जाएगी। मामला सही मिलने पर 2000 रुपये जुर्माना लगेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मोबाइल टावर लगाने की पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। मोबाइल कंपनियां अब मनमानी ढंग से टावर नहीं लगा सकेंगी। अब किसी पार्क या ग्रीन बेल्ट में मोबाइल टावर लगवाने के लिए मोबाइल सेवा ऑपरेटर कंपनी को तय प्रारूप पर सीईओ के समक्ष आवेदन करना होगा। आवेदक को तीन लाख की बैंक गारंटी क्षतिपूर्ति के रूप में प्राधिकरण के खाते में जमा करनी होगी। दादरी क्षेत्र के तिलपता कंटेनर डिपो के समीप गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। इससे क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। पीएम गति शक्ति योजना के अंतर्गत यहां करीब 260 एकड़ में कार्गो टर्मिनल विकसित किया जाएगा। यह जमीन पाली व मकौड़ा गांव के पास स्थित है। प्राधिकरण के मुताबिक इससे लगभग 15 हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही एनसीआर रीजन का मुख्य लॉजिस्टिक हब बन जाएगा।

## आईआईटी खड़गपुर के छात्र फैजान की हुई थी हत्या, दूसरी फॉरेंसिक रिपोर्ट में खुल गई पुलिस की पोल

**कोलकाता एजेंसी।**
आईआईटी खड़गपुर में एक छात्र की मौत मामले में दो साल बाद कई बड़ी बातें सामने आई हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट आदेश के बाद की गई दूसरी ऑटोप्सी की रिपोर्ट में पता चला है कि छात्र फैजान के गले पर चाकू का निशान पाया गया था। इसके अलावा उसके शव पर गोली के निशान भी पाए गए थे। इसी साल मई में दूसरी ऑटोप्सी रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंपी गई थी। अगले सप्ताह हाई कोर्ट इस मामले में सुनवाई करने वाला है। उससे पहले एक्सपर्ट कमेटी फाइनल रिपोर्ट दे सकती है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक डॉ. एके गुपता की रिपोर्ट में बताया गया है कि फैजान की गर्दन के पास बाईं तरफ चाकू के निशान मिले हैं। हालांकि पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में इन घावों का जिक्र ही नहीं किया था। मिदनापुर मेडिकल कॉलेज में अक्टूबर 2022 में किए गए शव परीक्षण में भी किसी तरह के जख्म की जानकारी नहीं दी गई थी। इसके बाद फैजान की मां रेहाना ने हाई कोर्ट का रुख किया और जांच के लिए एसआईटी बनाने की मांग की। कोर्ट ने मई 2023 में



शव के अवशेष निकालकर दोबारा ऑटोप्सी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा था कि छात्र की मौत के पीछे का सच सामने आना जरूरी है। हालांकि शुरुआती रिपोर्ट में कहा गया था कि फैजान ने खुदकुशी की है। परिवार यह बात मानने को तैयार नहीं था। फैजान के परिवार का कहना था कि आईआईटी खड़गपुर परिसर में फैजान के साथ रैगिंग हुई और इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा था कि उसके नाखूनों पर खून पाया गया था। इसके अलावा रीढ़ की हड्डी भी डेमेज थी। डॉ. गुप्ता की ऑटोप्सी में कई हैरान करने वाली बातें हैं। फैजान अहमद की खोपड़ी की एक हड्डी भी गायब थी। इस रिपोर्ट में जहर खाकर जान देने वाली थ्योरी को पूरी तरह नकार दिया। वहीं फैजान के परिवार का कहना है कि उसने खुदकुशी नहीं की थी बल्कि उसे मारा गया था। फैजान के परिवार के वकील अनिरुद्ध मित्रा ने कहा, बिना जांच के ही पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला बता दिया। आज तक पहली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही जांच की जा रही है। हाई कोर्ट ने पुलिस को ऐसा ना करने के निर्देश भी दिए हैं। यहां तक कि संस्थान ने भी मामले को किसी तरह रफा दफा करने की कोशिश की। कॉरिडोर में कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा था। संस्थान में बच्चों के साथ रैगिंग हो रही थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी। इसका मतलब है कि प्रशासन भी आरोपियों की मदद में लगा था।

## फर्जी जॉब कन्सलटेंसी खोलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

### 8 आरोपियों के साथ नकली नोट छपाई का मिला समान

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस ने 8 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रायपुर पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नौकरी नाम पर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे रहे आरोपियों का पर्दाफाश किया है। पुलिस के मिताबिक गिरोह के द्वारा रायपुर में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे।

जानकारी के मुताबिक यह लोग फर्जी कंपनी खोलकर नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठने का काम कर रहे थे, जिसकी पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी। ये गिरोह पंडरी में पैन इंडिया जॉब कन्सलटेंसी के नाम से फर्जी ऑफिस खोलकर लोगों से ठगी कर रहा था। बताया जा रहा है कि जब पुलिस मैके पर रेड मारने पहुंची तो कार्यालय बंद मिला। जिसके बाद पुलिस ने कार्यालय को खोलवाकर ऑफिस के अंदर रखे लैपटाप को जप्त किया गया है। जिसमें गिरोह के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है।



पुलिस को यह भी पता चला है कि इसका एक और ब्रांच अशोका रतन रायपुर में स्थित है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने अशोका रतन स्थित कार्यालय में दबिश दी है।

**फर्जी जॉब कन्सलटेंसी के नाम पर दे रहे थे धोका:** पुलिस के द्वारा दोनों इलाकों पर रेड मारने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की गई है। पूछताछ में पता चला है कि यह लोग जॉब कन्सलटेंसी, जॉब पेन इंडिया कंपनी पंडरी एवं अशोका रतन, अनुपम नगर रायपुर में खोलकर लोगो को जॉब दिलाने हेतु रजिस्ट्रेशन कर, रजिस्ट्रेशन फीस लेते थे। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को इन्टरव्यू में फेल कर कैंडिडेट्स को पास कराने के नाम पर उनसे पैसे लेते थे। जिसके बाद ये स्पाईस जेट कंपनी के नाम से अपाइटमेंट लेटर भेजते थे। लेकिन जब वे वहां पहुंचते थे तो वहां ऐसी किसी भी बात से इंकार कर दिया जाता था। आरोपियों ने यह भी बताया कि, वाटर प्रिंटर की मदद से वो 500-500 रूपये की नोटों को छापते थे और उन्हें बाजार में चला दिया करते थे।

## बाजारों में उलझे बिजली के तारों से दिल्ली वाले परेशान, शिकायतों पर एमसीडी का ऐक्शन



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में विभिन्न बाजारों में उलझे हुई बिजली के तारों को हटाया जाएगा। इस संबंध में नगर निगम प्रशासन बिजली कंपनियों के साथ कार्य को शुरू करेगा। कई बाजारों से व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन करने वाले लोगों ने तारों को हटाने के लिए शिकायतें भी की हैं। इस मामले पर निगम की तरफ से कार्रवाई शुरू होगी। इस मामले को लेकर निगम के समक्ष 100 से अधिक शिकायतें भी दर्ज हुई हैं। इन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कर्मचारी तारों को हटाएंगे। इसके लिए बिजली कंपनियों के प्रतिनिधियों को पत्र भी लिखा गया है।

निगम के अधिकारी ने बताया कि चांदनी चौक, दक्षिणी दिल्ली के बाजारों व अन्य जगहों से बिजली के तारों को हटाने का काम शुरू करेंगे। इस संबंध में लोगों की तरफ से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों का निवारण किया जा रहा है। निगम ने बिजली के तारों को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुछ तारें जिनका अब कोई भी उपयोग नहीं होता है। उन्हें संबंधित विभाग को हटाने के लिए भी कहा जा रहा है। बिजली कंपनियों के साथ मिलकर विभिन्न बाजारों, इलाकों में बिजली की तारें हटाएंगे। इस मामले पर व्यापारियों के साथ बैठक हो रही है। निगम प्रशासन ने बीते दो माह में कई जगहों से तारों को कम भी किया है।

दिल्ली में नगर निगम की विभिन्न परियोजनाओं से जुड़ी निविदा (टेंडर) प्रक्रिया को नया रूप मिलने जा रहा है। सड़कों के निर्माण कार्य के लिए किसी एजेंसी को कार्य सौंपनी की जिम्मेदारी हो या इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट के रखरखाव के लिए एक कंपनी को काम देने की योजना हो। ऐसे सभी कार्यों के लिए निविदा के लिए निगम प्रशासन ने नई ई-खरीद प्रणाली को शुरू किया है। इसके मद्देनजर जेपनिक-प्राइस नाम से एक सॉफ्टवेयर का एकीकरण किया गया है। इस प्रणाली के विकसित होने के बाद निविदा से जुड़े काम को ऑनलाइन माध्यम से स्वचलित किया जा सकेगा।

## फरीदाबाद में कर्ज चुकाने किया बच्चे का अपहरण, बेहोश करने में गई मासूम की जान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक दवा दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी व्यक्ति लड़के के माता-पिता से फिरौती मांगकर अपना कर्ज चुकाना चाहता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मेडिकल स्टोर संचालक विशाल के रूप में हुई है, जो बल्लभगढ़ के सेक्टर 62 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का निवासी है।

पुलिस के अनुसार, बल्लभगढ़ के सेक्टर 62 आशियाना फ्लैट में किराने की दुकान चलाने वाले उमेश चंद का 13 वर्षीय बेटा कुश 13 जून को शाम करीब सात बजे पड़ोस की एक दुकान से बर्फ लाने के लिए साइकिल से निकला था। जब वह नहीं लौटा तो उसकी मां प्रियंका उसे खोजने लगी, लेकिन कुश का कहीं कुछ पता नहीं चला। पुलिस के मुताबिक नजदीक ही दवा की दुकान चलाने वाला विशाल बच्चे की तलाश में परिवार का साथ देने लगा। काफी तलाश के बाद बच्चे की साइकिल विशाल के घर की छत पर मिली। तब सीसीटीवी कैमरे के आधार पर बच्चे के माता-पिता एवं अन्य पड़ोसियों को विशाल पर शक हुआ और उन्होंने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस के अनुसार पुलिस पूछताछ में विशाल ने बताया कि बच्चे को बेहोश करने के लिए उसने उसे नशे का इंजेक्शन दिया था, लेकिन डोज ज्यादा होने से उसकी मौत हो गई। विशाल ने पुलिस को बताया कि इसके बाद उसने ठिकाने लगाने के लिए शव को नहर में फेंक दिया लेकिन शव आगे बहने की बजाय वहीं झाड़ियों में फंस गया। आदर्श नगर थाने के प्रभारी कृष्ण का कहना है कि बच्चे के परिजनों के बयान पर आरोपी विशाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक उसने विशाल की निशानदेही पर बच्चे के शव को बरामद कर लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार कर्ज में डूबे विशाल ने फिरौती के लिए बच्चे बच्चे का अपहरण किया था। इसके बाद उसे बेहोश करने के लिए नशीला इंजेक्शन लगा दिया था।

## कौन बनेगा लोकसभा अध्यक्ष? मोदी सरकार के किंगमेकरों की अलग-अलग है राय

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
विपक्षी इंडिया गठबंधन ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में स्पीकर का पद एनडीए के सहयोगियों को दिया जाना चाहिए। हालांकि इस मुद्दे पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी कई अलग-अलग राय हैं। जेडीयू ने साफ शब्दों में कहा है कि वह भाजपा के फैसले का समर्थन करेगी। वहीं टीडीपी का कहना है कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगियों को सर्वसम्मति से उम्मीदवार तय करना चाहिए।

जेडीयू नेता केसी त्यागी ने शनिवार को कहा कि जेडीयू और टीडीपी एनडीए के सहयोगी हैं और वे भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिए गए उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। केसी त्यागी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, जेडीयू और टीडीपी एनडीए में मजबूती से शामिल हैं। हम भाजपा द्वारा अध्यक्ष पद के लिए सुझाए गए व्यक्ति का समर्थन करेंगे।

दूसरी ओर, टीडीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पट्टाभि राम कोम्मारेड्डी ने इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि



उम्मीदवार का फैसला एनडीए के सहयोगियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एनडीए के सहयोगी दल साथ बैठकर तय करेंगे कि अध्यक्ष पद के लिए हमारा उम्मीदवार कौन होगा। आम सहमति बनने के बाद हम उस उम्मीदवार को मैदान में उतारेंगे और टीडीपी समेत सभी सहयोगी उसका समर्थन करेंगे।

आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत के आंकड़े से 32 कम 240 सीटें मिली। 16 और 12 लोकसभा सीटों के साथ एन चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार किंगमेकर बनकर उभरे।

इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टी आप ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि यह पद जेडीयू या टीडीपी में से किसी एक को दिया जाना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने दावा किया कि अगर भाजपा को अध्यक्ष का पद मिलता है तो वह जेडीयू और टीडीपी सांसदों की खरीद-फरोख्त शुरू कर देगी। गहलोत ने कहा था, केवल टीडीपी और जेडीयू ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लोग लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव को उत्सुकता से देख रहे हैं। अगर भाजपा का भविष्य में कुछ भी अलोकतांत्रिक करने का इरादा नहीं है, तो उसे अध्यक्ष का पद अपने किसी सहयोगी को दे देना चाहिए। अगर भाजपा लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखती है तो टीडीपी और जेडीयू को अपने सांसदों की खरीद-फरोख्त देखने के लिए तैयार रहना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 26 जून को होगा।

## बारामती से हारीं, मगर राज्यसभा जाने की तैयारी, अब केंद्रीय मंत्रिमंडल में पद चाहती हैं सुनेत्रा पवार

**बारामती , एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार भले ही बारामती सीट से लोकसभा चुनाव हार गई हों, मगर जल्द ही वह राज्यसभा में बतौर सांसद नजर आने वाली हैं। इतना ही नहीं उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल में पद पाने की भी इच्छा रख दी। सुनेत्रा ने कहा कि उन्हें केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल होने का कोई भी प्रस्ताव स्वीकार करने में खुशी होगी। पवार परिवार के गढ़ बारामती लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान सुनेत्रा ने कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) पुणे जिले की बारामती लोकसभा सीट पर मिली हार का आत्ममंथन कर रही है और विश्लेषण के बाद सुधारात्मक कदम उठाएगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुनेत्रा ने यह भी कहा कि उन्हें लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन अंततः मतदाताओं के फैसले को स्वीकार करना होगा। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या वह केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने का प्रस्ताव स्वीकार करेंगी, उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, यदि मुझे मौका मिलेगा तो मैं अवश्य इसका लाभ उठाऊंगी।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने जा रहीं सुनेत्रा पवार पश्चिमी महाराष्ट्र निर्वाचन क्षेत्र में अपनी भाभी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले से हार गईं थीं। गुरुवार को उन्होंने राज्य में राज्यसभा उपचुनाव के लिए एनसीपी उम्मीदवार के रूप में मुंबई में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। चूंकि वह मैदान में एकमात्र उम्मीदवार हैं, इसलिए सुनेत्रा पवार का संसद के उच्च सदन के लिए निर्विरोध चुना जाना तय है। उनके पुणे पहुंचने पर स्थानीय राकांपा इकाई ने उनका भव्य स्वागत किया। बता दें भाजपा की सहयोगी पार्टी अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी का फिलहाल केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली नई एनडीए सरकार में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

टी20 विश्व कप

# महत्वपूर्ण मैच में इंग्लैंड ने नामीबिया को हराया



**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 41 रन से हराकर टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए नामीबिया के खिलाफ जीत जरूरी थी लेकिन लगातार बारिश होने के कारण एक समय उसकी उम्मीद धूमिल पड़ती नजर आ रही थी। आखिर में तीन घंटे की देरी के बाद मैच शुरू करने का फैसला किया गया और इसे 11 ओवर का कर दिया गया।

बीच में बारिश आने के कारण मैच 10 ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट पर 122 रन बनाए। नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 126 रन बनाने का लक्ष्य मिला लेकिन उसकी टीम तीन विकेट पर 84 रन ही बना पाई। इस मैच में काफी कुछ दांव पर लगा था इसलिए अंपायरों ने लंबा इंतजार किया। इंग्लैंड की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही। नामीबिया के 39 वर्षीय गेंदबाज डेविड विसे ने पहले ओवर में केवल एक रन दिया। कप्तान जोस बटलर को तेज गेंदबाज रूबेन ट्रम्पेलमैन ने शून्य पर बोल्ड कर दिया और विसे ने दूसरे सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (11) को आउट करके 13 गेंद के बाद इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 13 रन कर दिया।

जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने जवाबी हमला किया। बेयरस्टो ने 18 गेंदों पर 31 रन और ब्रूक ने 20 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए। मोईन अली (16) और लियाम लिविंगस्टोन (13) ने भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अंतिम ओवर में 21 रन बटोरे। नामीबिया अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंद पर 33 रन बनाए। दूसरे सलामी बल्लेबाज निकोलस डाविन को 16 गेंद पर 18 रन बनाने के बाद रिटायर्ड आउट कर दिया गया। उनकी जगह विसे को उतारा गया जिन्होंने 12 गेंद पर 27 रन बनाए लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।



## इंग्लैंड से हार के बाद नामीबिया के ऑलराउंडर वीज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी टीम की 41 रन की हार के बाद नामीबिया के ऑलराउंडर डेविड वीज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच में वीज ने 3.00 की इकॉनमी रेट से अपने दो ओवर के स्पेल में एक विकेट लिया और छह रन दिए। दूसरी पारी में उन्होंने 225 की स्ट्राइक रेट से 12 गेंदों पर 27 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए 2 चौके और 2 छक्के भी लगाए।

मैच के बाद वीज ने कहा कि वह अभी भी नामीबिया के लिए खेल सकते हैं, लेकिन अपने करियर को खत्म करने के लिए इससे बेहतर कोई जगह नहीं है। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि ऐसा लगता है कि उनके लिए संन्यास लेने का यह सही समय है। उन्होंने कहा, अगले साल का टी20 विश्व कप अभी दो साल दूर है, मैं अभी 39 साल का हूं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मामले में, मुझे नहीं पता कि मुझमें अभी बहुत कुछ बचा है या नहीं।



टेबल टेनिस

# भारतीय महिला खिलाड़ियों का ब्रिक्स खेलों में दमदार प्रदर्शन

## देश को दिलाया पहला पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम रूस के कजान में सेमीफाइनल में चीन से 1-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने कजान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में दमदार प्रदर्शन करते हुए देश को पहला पदक दिलाया। भारत के लिए पोयमंती बैस्य, मौमिता दत्ता और यशिनी शिवशंकर की महिला टेबल टेनिस टीम ने कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने इस टूर्नामेंट में अपना पदक का खाता खोला। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम रूस के कजान में सेमीफाइनल में चीन से 1-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### खेल मंत्री ने महिला टीम को दी बधाई

नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने महिला टेबल टेनिस टीम को बधाई देते हुए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ब्रिक्स खेलों में कांस्य पदक जीतने के लिए महिला टेबल टेनिस टीम को बधाई।

यह इस टूर्नामेंट में हमारा पहला पदक है। आपने देश को गौरवान्वित किया है। मैं आपको भविष्य में लगातार सफलता हासिल करने की कामना करता हूं।

चीन ने वापसी कर जीता मैच

यशिनी ने पहले गेम में 11-7, 4-11, 11-8, 7-11, 11-2 से जीत हासिल की।

लेकिन चीन ने वापसी करते हुए बाकी तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। अनिर्बान घोष, जीत चंद्रा और स्नेहित सुरवज्जुला की भारतीय पुरुष टीम क्लासिफिकेशन मैच में बहरीन पर 3-1 की जीत से पांचवें स्थान पर रही।

ओलंपिक क्वालिफायर

## भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम क्वालिफायर के क्वार्टर फाइनल में हारी, अब रैंकिंग पर निर्भर



**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी।** भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम ओलंपिक के आखिरी क्वालिफायर से कोटा हासिल करने में विफल रहने के बाद महिला टीम की तरह अब पेरिस खेलों के टिकट के लिए रैंकिंग पर निर्भर रहेगी। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय टीम के खिलाफ शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मेक्सिको ने उलटफेर किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत 4-0 की बढ़त बनाने के बाद 4-5 (57-56, 57-53, 55-56, 55-58) (26-26*) से हार गया। पुरुष वर्ग में शीर्ष तीन स्थान पर रहने वाली टीमों को ओलंपिक कोटा मिलेगा।

पुरुष और महिला टीम अब भी पेरिस ओलंपिक की कट-ऑफ तारीख से पहले अपनी रैंकिंग के आधार पर क्वालिफाई कर सकती हैं। यह हार भारतीय तीरंदाजी के लिए बड़ा झटका है क्योंकि शुरुआती दो सेट के बाद टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सिर्फ तीसरे सेट में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। मेक्सिको ने हालांकि तीसरे और चौथे सेट में जीत के साथ स्कोर 4-4 से बराबर किया। इसके बाद शूट ऑफ में भी दोनों टीमों का स्कोर बराबर था, लेकिन निशाने के केंद्र के समीप तीर होने के कारण मेक्सिको विजेता बना।

इससे पहले दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में निचली रैंकिंग वाले यूक्रेन से 3-5 से हार के बाद कोटा हासिल करने में असफल रही। महिला टीम अभी भी पेरिस ओलंपिक की कट-ऑफ तारीख से पहले अपनी रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई कर सकती है।



इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग

## दूसरे सीजन के तारीखों की घोषणा, जनवरी से मार्च 2025 तक चलेगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** CEAT इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग (ISRL) ने अपने दूसरे सीजन की तारीखों की घोषणा कर दी है। दूसरा सीजन जनवरी से मार्च 2025 तक चलेगा। अपने उद्घाटन सत्र की सफलता के बाद ढ्ढस्क्रु ज्यादा रेस, नए स्टेडियम और एक रोमांचक नए रेसिंग फॉर्मेट की सुविधा देने के लिए तैयार है। राइडर रजिस्ट्रेशन जून 2024 के अंत तक करा सकेंगे। नीलामी अक्टूबर 2024 में होगी। पहले सीजन में छह टीमों ने हिस्सा लिया। हर टीम में 8-8 रेसर शामिल रहे। पहला सीजन चार कैटेगरी में खेला गया, हर कैटेगरी में दो-दो रेसर रहे।

रेस में 450CC इंटरनेशनल, 250ष्ठ इंटरनेशनल, 250CC इंडिया-एशिया मिक्स और 85CC जूनियर इंडिया-एशिया मिक्स कैटेगरी शामिल थे। सुपरक्रॉस मोटरसाइकिल रेसिंग है, जो स्टेडियम में मिट्टी के ट्रैक पर होती है। सुपरक्रॉस रेसिंग के दौरान रेसर स्टंट भी करते नजर आए। इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग का पहला सीजन तीन लेग (चरण) में खेला गया था।

### दुनिया की पहली फेंचाइजी रेसिंग

आईएसआरएल दुनिया की पहली ही फेंचाइजी रेसिंग लीग है। जिस तरह क्रिकेट में पीकेएल, फुटबॉल में आईएसएल और कबड्डी में पीकेएल है, उसी तरह अब बाइक रेसिंग में आईएसआरएल की शुरुआत हुई। पहला सीजन देश के 3-3 अलग-अलग वेन्यू पर आयोजित हुआ। पहले सीजन का पहला लेग रविवार, 28 जनवरी को पुणे में समाप्त हुआ। आखिरी 2 लेग अहमदाबाद और नई दिल्ली में हुए।

आईएसआरएल का टीवी और ओटीटी ब्रॉडकास्ट राइट वायाकॉम18 के पास है, जिसमें टीवी का स्पोर्ट्स 18 और ओटीटी का जियो सिनेमा के पास है। लीग के पहले सीजन के ऑक्शन के लिए दुनिया भर के 120 से ज्यादा राइडर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

# बाबर से लेकर रिजवान... सबकी कटेगी सैलरी! पाकिस्तानी खिलाड़ियों से नाराज है PCB

**कराची, एजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और वह सुपर 8 में जगह नहीं बना सकी. पाकिस्तान टीम को पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के हाथों सुपर ओवर में हार झेलनी पड़ी थी. फिर उसे टीम इंडिया ने छह रनों से हरा दिया. इसके बाद पाकिस्तान ने कनाडा को जरूर 7 विकेट से हराया. मगर यूएसए और आयरलैंड के बीच मैच धुलने के साथ ही उसका पत्ता कट गया.

आयरलैंड के खिलाफ मैच धुलने के चलते अमेरिकी टीम के 5 अंक हो गए और वो अगले राउंड में पहुंच गई. अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड काफी सख्त कदम उठाने जा रहा है. पीसीबी खिलाड़ियों की सैलरी में कटौती कर सकता है. बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुछ अधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की समीक्षा करने की सलाह दी है. सूत्रों ने कहा, पीसीबी अध्यक्ष अगर टीम के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रवैया अपनाते हैं तो खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जा सकती है और उनके वेतन में कटौती हो सकती है. पाकिस्तान टीम के टी20 वर्ल्ड कप से जल्दी बाहर होने के लिए टीम के भीतर गुटबाजी और महत्वपूर्ण क्षणों में सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है. शाहीन शाह आफरीदी कप्तानी गंवाने और बाबर द्वारा जरूरत पड़ने पर उनका समर्थन नहीं करने से नाराज हैं, जबकि मोहम्मद रिजवान कप्तानी के लिए विचार नहीं किए जाने से नाखुश हैं.



सूत्रों ने कहा, टीम में तीन गुट हैं. एक का नेतृत्व बाबर आजम कर रहे हैं, वहीं दूसरे खेमे की अगुवाई शाहीन और तीसरे की रिजवान कर रहे हैं. इस सब के बीच मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम जैसे सीनियर प्लेयर्स की वापसी से टीम की स्थिति और खराब हो गई.

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों को कितनी मिलती है सैलरी?

बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद रिजवान पीसीबी के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के ग्रेड-ए में हैं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इनमें से प्रत्येक की मासिक सैलरी 13.53 लाख रुपये हैं. ग्रेड-क्च में शादाब खान, फखर जमां, हारिस रऊफ और नसीम शाह जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो प्रति माह करीब 9 लाख रुपये कमाते हैं.

# स्विट्जरलैंड ने हंगरी को 3-1 से हराया, स्पेन की क्रोएशिया के खिलाफ दमदार शुरुआत

**बर्लिन, एजेंसी।** स्पेन ने क्रोएशिया को 3-0 से हरा दिया। स्पेन के लिए कप्तान अल्वारो मोराटा ने 29वें मिनट, फैबियन रूइज ने 32वें मिनट और कार्वाहाल ने 45+2वें मिनट में गोल दागे। स्विट्जरलैंड ने शनिवार को जर्मनी के कोलोन में खेले गए यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 में अपने शुरूआती फुटबॉल मुकाबले में हंगरी को 3-1 से शिकस्त दी। वहीं, ग्रुप-बी के एक मुकाबले में स्पेन ने क्रोएशिया को हराकर यूरो कप 2024 की दमदार शुरुआत की है। इससे पहले मेजबान देश जर्मनी ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में स्कॉटलैंड को 5-1 से हराया था। ऐसे में हंगरी पर जीत से स्विट्जरलैंड ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। हंगरी को सितंबर 2022 के बाद किसी प्रतिस्पर्धी मैच में पहली हार मिली। स्विट्जरलैंड ने क्वाड्वो दुआह के 12वें मिनट और माइकल एबीशर के 45वें मिनट में किए गए गोल से पहले हाफ में 2-0 से बढ़त बनाई। हंगरी के लिए एकमात्र गोल बर्नाबास वार्गा ने डोमिन जोबोस्लाई के क्रॉस पर हेडर से 66वें मिनट में दागा। हंगरी ने स्विट्जरलैंड पर दबाव बनाए रखा लेकिन दूसरा गोल नहीं कर सका। ब्रील एम्बोलो ने इंजुरी टाइम (90+3वें मिनट) में गोलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

यूरो-2024



### स्पेन ने क्रोएशिया को हराया

वहीं, स्पेन ने क्रोएशिया को 3-0 से हरा दिया। स्पेन के लिए कप्तान अल्वारो मोराटा ने 29वें मिनट, फैबियन रूइज ने 32वें मिनट और कार्वाहाल ने 45+2वें मिनट में गोल दागे। दूसरे हाफ में कोई गोल नहीं हो सका। हालांकि, क्रोएशिया की टीम को पेनल्टी मिला था, लेकिन टीम उसमें गोल करने में नाकाम रही। ग्रुप-बी का दूसरा मुकाबला इटली और अल्बानिया के बीच खेला जाएगा।

## एक नजर

### दरधा गांव में भेजा गया टैंकर से पानी

**गोह (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** गोह थाने के बेरका पंचायत के वार्ड नंबर 5 दरधा गांव में पीएचईडी के द्वारा दो टैंकर पानी भेजा गया।

### मदनपुर के सूखे तालाब में बच्चे खेलते हैं क्रिकेट

**मदनपुर (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय में सैकड़ों वर्ष पुराना एक तालाब है जिसमें पहले सालों भर पानी भरा रहता था। इससे इलाके का भूजल का स्तर ठीक रहता था। जब से इस तालाब का जीर्णोद्धार का काम हुआ, तब से सारे जल स्त्रोते बंद हो गए। अब इसमें पानी नहीं रहता है। बरसात के दिन में पहले पहाड़ों से गिरने वाले झरने का पानी इसी तालाब में आता था। स्थानीय निवासी उमा शंकर सिंह, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, नारायण प्रसाद उर्फ त्रियुगी, अमलेश कुमार केशरी, सत्येन्द्र यादव, बीरेंद्र सिंह, बीरेन्द्र विश्वकर्मा आदि ने पहाड़ से आने वाले बरसाती पानी के मार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग जिला प्रशासन से की है ताकि फिर से तालाब में पानी भरा रहे और लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके। इस तालाब में अब बच्चे क्रिकेट खेला करते हैं।

### उपहारा पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने अवैध बालू चोरी के मामले में कई दिनो से फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया की उपहारा थाना कांड संख्या 54/24 के नामजद अभियुक्त अल्हा चौबे एवं उनके पुत्र रविकांत चौबे व सूर्यकांत चौबे को बहुत दिनो से पुलिस तलाश रही थी।गुप्त सूचना पर तीनो को उनके घर से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया है।

### शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** गोह पुलिस ने शराब पीकर हंगामा कर रहे एक युवक को गोह बाजार से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गोह बाजार में शराब पीकर एक युवक हंगामा कर रहा है। जब गश्ती पुलिस टीम वहां पहुंची तो हंगामा कर रहे गोह निवासी पिंटू राय को गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### जलजमाव व कीचड़ ने आदर्शनगर की बिगाड़ी सूरत

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** हसपुरा प्रखंड मुख्यालय के पास स्थापित आदर्शनगर कॉलोनी में जगह जगह गंदगी व जलजमाव से स्थिति नरकीय बन गई है। मुख्य सड़क से आदर्शनगर के अंदर जाने व राजकीय कन्या उच्च विद्यालय तक पहुंचने का मार्ग पर, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के सामने, कन्या उच्च विद्यालय के दाहिने तरफ, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एवं अन्य कई जगहों पर गंदगी व जल जमाव हो गया है, जिससे रोड पर कीचड़ हीं कीचड़ हो गया है। हमेशा बदबू आता रहता है, जिससे संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। इससे ग्रामीणों व छात्राओं की परेशानी बढ़ गई है। इस मार्ग पर बाईक तथा पैदल चलने वालों का आना जाना दिन भर लगा रहता है। यह समस्या एक लंबे समय से है।स्थिति यह है कि यहां के लोगों का जीवन नारकीय बन गया है। जमाव पानी से संक्रामक रोगों के फैलाव का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीण डॉ. जगदानंद लाल कर्ण, सुनील कुमार, श्रीकांत कुमार एवं अन्य कॉलोनी वासी बताते हैं कि दो वर्ष पूर्व इस रास्ते पर पीसीसी निर्माण व थोड़ी दूर तक नाली निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन बाकी छोड़ दिया गया, जिससे घर व शौचालयों का गंदा पानी रास्ते पर जमा रहता हैं। जबकि इसी रास्ते से राजकीय कन्या उच्च विद्यालय तक छात्राएं आती जाती हैं। बीच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। मुहल्ले वालों को प्रखंड कार्यालय, बस स्टैंड, थाना, बैंक, बाजार समेत विभिन्न कार्यालयों में इसी रास्ते से जाना आना होता हैं। स्थिति बरसात के मौसम में और खराब हो जाती है। ग्रामीणों का घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। इस भीषण गर्मी में जहाँ तालाब, नहर, नदी तक सुख गए हैं। वहीं इस रास्ते पर इतना जलजमाव है कि यह पानी मेंढक व कीड़े मकोड़ो का बसेरा बन गया है। यहां पहले नाली निर्माण की जरूरत है। नाली निर्माण नहीं होने से पीसीसी भी जर्जर होता जा रहा है। पानी निकासी व नाली निर्माण के नही होने के कारण कॉलोनी के अन्य गलियों में भी स्थिति भयावह बन गई है। वर्तमान समय में मुहल्ला बद से बदतर स्थिति से गुजर रहा है। बता दें कि इस समस्या के निदान की मांग काफी दिनों से हो रही है, लेकिन इस पर कोई पहल नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

# श्रेया हत्याकांड : पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

नवीनगर (औरंगाबाद)। नवीनगर में 11वीं कक्षा की छात्रा श्रेया की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना के विरोध में जिले में बढ़ते आक्रोश के दौरान पुलिस ने यह कार्यवाई की है। यह घटना अब कानूनी और सामाजिक दोनों ही दृष्टियों से बेहद संवेदनशील बन गई है। आम जनमानस से लेकर नेताओं का गुस्सा इस घटना के विरोध में देखने को मिल रहा है।

### आरोप मेल नहीं खा रहे

हालांकि एसडीपीओ ने यह भी बताया कि छात्रा के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आए तथ्य और परिजनों के आरोप मेल नहीं खा रहे हैं। परिजन और स्थानीय लोग इस रिपोर्ट से असहमत हैं, जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोस्टमार्टम के बाद छात्रा के बेसरा को सुरक्षित रखा गया है और उसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे। पुलिस कई अन्य बिंदुओं पर भी अनुसंधान कर रही है। एसडीपीओ ने कहा कि अभी कुछ भी स्पष्ट रूप से कह पाना मुश्किल है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है।



### लड़की की सहेली और उसकी मां व बगल के गांव के युवक पर अगवा का शक

मोबाइल चैट व सहेली की मां द्वारा बेटी से बात कराने से इंकार के बाद मामले में छात्रा की मां ने बगल के गांव के एक युवक, बेटी की सहेली और उसकी मां पर अपहरण करने का आरोप लगाया। तीनों की भूमिका को संदिग्ध बताया। मां का कहना है कि उसकी बेटी का अपहरण इन्ही तीन लोगों ने मिलकर किया है।

### आनंद मोहन, लवली व डॉ. आयुषी ने पुलिस की थ्योरी की उड़ा दी धज्जियां

पूर्व सांसद आनंद मोहन, शिवहर की उनकी नव निर्वाचित सांसद पत्नी व बेटी डॉ. आयुषी ने पुलिस की थ्योरी की धज्जियां उड़ा कर रख दी। डॉ. आयुषी ने पुलिस के पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका की उम्र 24 वर्ष बताई गई है जबकि सभी लोग जानते है कि उसकी उम्र 16 वर्ष है। कहा कि पुलिस की सुसाईड की थ्योरी पुरी तरह गलत है। लाश की जो तस्वीरें उन्होंने देखी है, उसमें एक आंख फूटी हुई है। होंठ गायब है। पुलिस यदि यह भी कहे कि आंख को पानी में मछलियां खा गई होगी तो भी यह बात हजम होने वाली नही है क्योंकि मछलियां आंख खा सकती है लेकिन फोड़ नही सकती और लिप को गायब नही कर सकती। पोस्टमार्टम रिपोर्ट संदिग्ध है लेकिन सुखद बात यह है के बेसरा प्रिजर्व कर रखा गया है, जिससे जांच में आगे सहायता मिल सकती है। वह आग्रह करती है कि पुलिस मामले की सही तरीके से जांच कर सच्चाई को सामने लाएं और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए। वही शिवहर की नव निर्वाचित सांसद लवली आनंद ने कहा कि छात्रा की लाश तो मिली है लेकिन उसके बैग और जूते गायब है, जो संदेह को बल दे रहा है। पानी में डूबकर छात्रा के मरने की बात मनगढ़ंत कहानी है। कहा कि वह मानती है कि दो दिन पानी में रहने पर शव सड़ गल जाता है लेकिन एसिड अटैक की बात को यदि पुलिस खारिज कर रही है तो वह बताए कि पाए गए शव के बाल कहां है। इसे पुलिस को बताना चाहिए। मामले में पुलिस सही दिशा में जांच नही कर रही है और पुलिस को मामले की सच्चाई सामने लानी चाहिए। वही आनंद मोहन ने कहा कि मृतका के परिवार की यह आशंका है कि विधिवत पोस्टमार्टम हुआ ही नही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट यदि विधिवत हुआ है तो पोस्टमार्टम के दौरान की सीसीटीवी फुटेज सामने लाया जाए ताकि यह पता चले कि सही में पोस्टमार्टम किस डॉक्टर ने किया है या किसी अन्य कर्मी ने। पोस्टमार्टम को हल्के में लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट संदिग्ध है। मामले में हमारे पुत्र चेतन आनंद ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर सिविल सर्जन से बात करनी चाही लेकिन बात नही हुई। कहा कि पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री से बात करने के लिए मिलने का समय मांगा है। सीएम से मिलकर वें पूरी बात रखेंगे, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पहल करेंगे। कहा कि पुलिस मामले को हल्के में नही ले। नबीनगर बेहद संवेदनशील इलाका है। बात बढ़ेगी तो बहुत दूर तक जा सकती है।

### सूत्रधार थी सहेली की मां

इस हत्याकांड में पुलिस ने श्रेया के प्रेमी, उसकी सहेली, और सहेली की मां को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सदर संजय कुमार पांडेय ने प्रेसवार्ता के दौरान इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 जून को श्रेया के लापता होने के बाद 14 जून को उसका शव इंद्रपुरी बराज से बरामद किया गया था। शव की हालत इतनी खराब थी कि शरीर से त्वचा तक निकल गई थी, जिससे इस क्रूर हत्या का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रेसवार्ता के दौरान एसडीपीओ पांडेय ने कहा कि श्रेया की मां के द्वारा तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान पता चला कि छात्रा की सहेली और उसकी मां अक्सर श्रेया की मुलाक़ात उसके एक प्रेमी से करवाती थी। श्रेया की सहेली की मां इन दोनों के बीच के सूत्रधार का काम करती थी। इसी संलिप्तता के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने कहा कि श्रेया की हत्या में इन तीनों का कहीं न कहीं जुड़ाव है। सहेली की माँ ब्यूटी पार्लर संचालिका है। पुलिस ने इन तीनों को न्यायालय में समर्पित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### जिले में आक्रोश और नेताओं की प्रतिक्रिया

श्रेया की हत्या के बाद से जिला समेत नबीनगर और आसपास के क्षेत्रों में गुस्से और आक्रोश का माहौल है। जगह-जगह प्रदर्शन और विरोध दर्ज किया जा रहा है। सभी की एक ही मांग है – अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए। युवाओं का एक वर्ग इतना आक्रोशित है कि उन्होंने कानून हाथ में लेकर स्वयं सजा देने की बात तक कह दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए कई नेता और मंत्री नबीनगर पहुंचे। शिवहर सांसद लवली सिंह और पूर्व सांसद आनंद मोहन ने मृतका के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। बिहार सरकार में मंत्री नीरज कुमार सिंह 'बबलू' ने भी नबीनगर पहुंचकर मृतका के परिजनों से मुलाकात की और जिला प्रशासन के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। मामले में औरंगाबाद के निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने घटन पर दुःख जताते हुए कहा कि हमारे अत्यंत करीबी ऊर्जावान कार्यकर्ता की सुपुत्री के साथ घिनौनी घटना की सूचना पर उन्होंने औरंगाबाद की एसपी स्वपना गौतम मेश्राम से दूरभाष पर बात कर इस हृदय विदारक घटना के कारणों की जांच एसआईटी गठित कर जल्द से जल्द कराने तथा अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा है।

### सबकी नजरें पुलिस की जांच और अपराधियों की सजा पर

श्रेया की हत्या ने न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने समाज में बढ़ते अपराध और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और तीन लोगों की गिरफ्तारी के बावजूद, न्याय की मांग और आक्रोश कम नहीं हुआ है। अब सबकी नजरें पुलिस की जांच और अपराधियों की सजा पर टिकी हैं। इस घटना ने यह भी साबित कर दिया कि जनता की एकजुटता और विरोध प्रदर्शन से प्रशासन पर दबाव बनाया जा सकता है, जिससे वे त्वरित और सख्त कार्रवाई करने के लिए मजबूर होते हैं। इस मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और जांच की गंभीरता से न्याय की उम्मीद बनी हुई है। समाज के सभी वर्गों ने इस मामले में एकजुटता दिखाई है और न्याय की मांग के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रशासन और सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वे इस मामले को पूरी पारदर्शिता और त्वरितता के साथ निपटाएं, ताकि मृतका श्रेया और उसके परिवार को न्याय मिल सके।

### मोबाइल चैट से मां को हुई थी अपहरण की आशंका

नाबालिग छात्रा की मां ने प्राथमिकी में अपनी बेटी के अपहरण का आरोप लगाया। प्राथमिकी में मां ने कहा कि मंगलवार को उनकी बेटी सुबह 6:15 बजे घर से कोचिंग जाने के लिए निकली थी लेकिन कोचिंग का समय समाप्त होने के बावजूद वह घर नहीं लौटी तो हमलोग उसकी खोजबीन करने लगे। इस दौरान जब घर के मोबाइल की जांच की गई तो मोबाइल में पास के ही गांव के एक लड़के का नंबर मिला।

## बकरीद के अवसर पर अनुमंडलस्तरीय शांति समिति ने आयोजित की बैठक

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। रविवार को जिला योजना भवन, औरंगाबाद के सभा कक्ष में सदर अनुमडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह के नेतृत्व में बकरीद को लेकर अनुमंडलस्तरीय शांति समिति की बैठक एवं ब्रीफिंग आयोजित किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सभी जगह से बकरीद पर होने वाले कार्यक्रम , होने वाली समस्या, समाधान एवं विशेष व अतिरिक्त सतर्कता बरतने सहित कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किए गए।



बैठक में अनुमंडल पाधिकारी के द्वारा बताया गया कि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण एंव सौहाद पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो इसके लिए कई निरोधात्मक कदम उठाये गये हैं। उनके द्वारा बताया गया कि बकरीद पर्व के अवसर पर कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा जानवरों को बाहर से लाने एवं ले जाने पर उसे रोकने अथवा विवाद पैदा कर साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करने की संभावना हो सकती है। अनचिन्हित क्षेत्रों में पूर्व घटित साम्प्रदायिक विवाद की जानकारी प्राप्त कर ली जाए तथा पूर्व से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चत कर लिया जाय। चिन्हित क्षेत्रों में ऐसे तत्वों की पहचान कर ली जाए, जिनका पूर्व में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का इतिहास रहा हो। गोपनीय सूत्रों से यह भी पता किया जाए कि किन असामाजिक तत्वों द्वारा इस पर्व :अवसर पर साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे अवसरों पर असामाजिक तत्व मौके का फायदा उठाकर अफवाह फैलाते है, जिससे सामाजिक तनाव बढ़ता है।

## डीएलएसए ने बेल में लगाया विधिक जागरूकता शिविर

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के तत्वावधान में रविवार को ओबरा प्रखंड के बेल पंचायत के पंचायत भवन में दिव्यांग बच्चों से संबंधित नालसा की योजनाओं को लेकर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राधिकार की पैनल अधिवक्ता चंद्रकांता कुमारी एवं अर्द्ध विधिक स्वयंसेवक सुशील कुमार ने भाग लिया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों से संबंधित विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मिलने वाली विधिक सहायता से संबंधित जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी वजह से कोई बच्चा दिव्यांग हो जाता है, तो उसे सशक्त नागरिक बनाने की जिम्मेवारी सरकार के साथ-साथ समाज की भी है। वह दिव्यांग बच्चा भी आगे चलकर किसी क्षेत्र में अपना नाम कमा सकता है। जरूरत है उसे सशक्त बनाने एवं उसके आत्मविश्वास को प्रबल बनाने की। अगर समाज उसके आत्म विश्वास के साथ कदम से कदम मिलाकर सहयोग करें तो कोई भी दिव्यांग बच्चा किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकता है। इसी वजह से सरकार उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं उनके लिए लाई है। कल्याणकारी योजनाओं को प्राप्त करने में अगर किसी भी तरह की समस्या आ रही है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार उसे उसके अधिकार को दिलाने में हरसंभव मदद करेगा।

## महाराष्ट्र की महिला सहित कई लोगों की हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद जिले में हीट स्ट्रोक का कहर जारी है और इससे मौतें हो रही हैं। शनिवार को भी सात से अधिक मौतें होने की बात कही गई। हालांकि सदर अस्पताल के स्तर से तीन शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। फेसर थाना क्षेत्र के 70 वर्षीय बलराम साव की अचानक तबियत बिगड़ी तो उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। यहां लाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी विजेंद्र चंद्रवंशी जनकोप में राज मिस्त्री का काम कर रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हुई और वह बेहोश हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन यहां उन्होंने दम तोड़ दिया। महाराष्ट्र के पुणे की रहने वाली सुनैना देवी ने बस में ही प्राण त्याग दिए। बस में करीब 50 लोग सवार थे। उक्त सभी लोग बोधगया जा रहे थे। औरंगाबाद से पहले बस में सवार सुनैना देवी की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सदर अस्पताल लाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। सुनैना देवी का शव लेकर बिना पोस्टमार्टम कराए ही लोग महाराष्ट्र के पूना जिला के धमनी गांव के लिए निकल गए।































